दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 11 मार्च 2024, वर्ष-9 अंक- 340 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

ये है मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन

70 लाख महिलाओं के खाते में 655 करोड़ ट्रांसफर

पीएम का ऐलान- महिलाओं को देंगे ड्रोन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की पहली किस्त रविवार को जारी हो गई। पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली 70 लाख महिलाओं के खाते में कुल 655 करोड़ रुपए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी जो कहती वो करती है

पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि, चुनाव के पहले कई पार्टियां बड़े-बड़े वादे करती है और आसमान से सितारें तोड़कर लाने की बात करती है। लेकिन वादा पूरा सिर्फ भाजपा की सरकार करती है। हमने महतारी वंदन योजना का वादा पूरा किया और इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई। मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार लगातार हमारी सभी गारंटी पूरी कर रही है। 18 लाख आवास का लाभ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है

उन्होंने आगे कहा कि, हमारी सनातन परंपरा कहती है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से इस ध्येय वाक्य को धरातल में मूर्त रूप दिया गया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया यह मजबूत कदम है। छत्तीसगढ़ की आधी आबादी के सपनों को पूरा करने की दिशा में बहुत बड़ी छलांग है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय बोले- इस योजना से महिलाएं होंगी सशक्त

महतारी वंदन योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि, बहुमूल्य समय देने के लिए पीएम मोदी के प्रति मेरा आभार। जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है और इसी आधार पर महतारी वंदन योजना लाई गई है। इस योजना से महिलाएं सशक्त बनेंगी और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में इस योजना की बड़ी भूमिका होगी। यह छत्तीसगढ़ के सपनों को पूरा करने के लिए यह योजना एक बड़ी छलांग हैं महतारी वंदन योजना महिलाओं को अर्पण है। महिलाएं जितनी सशक्त होगी छत्तीसगढ़ उतना सशक्त होगा। मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और इसके लिए प्रधानमंत्री को मैं बहुत आभार आज व्यक्त कर रहा हूं।

मंत्री बृजमोहन बोले- पीएम मोदी ने माताओं-बहनों का बढ़ाया सम्मान

महतारी वंदन योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, आज बहुत खुशी की बात है। पीएम मोदी ने माताओं बहनों का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। विष्णु और लक्ष्मी के रहते अब महिलाओं किसी चीज की चिंता नहीं है। अब तक महिलाएं पति के पीछे पैसों के लिए घूमती थी लेकिन अब पति अपनी पत्नी से पैसे मांगेगा।

आज बेबाक

ये सच है कि पैसा बोलता है। जिसके सामने अच्छे अच्छों का दिल डोलता है। नामी गिरामी उद्योगपति मुकेश अंबानी ने बेटे के वैवाहिक कार्यक्रम में बॉलीवुड से लेकर हालीवुड तक के कलाकारों को नचाकर पैसे की ताकत का अहसास करा दिया। भारत को गरीब देश बताकर हमारे देश की खिल्ली उड़ाने वाली विदेशी नचनिया रिहाना को 74 करोड़ देकर उससे ठुमके लगवाए। खुद को तुर्रम खांन समझने वाले शाहरूख खान, आमिर खान और सलमान खान को भी नचा दिया। मुकेश अंबानी ने चांदी का जूता मारकर नई कहावत ही बना डाली कि नाचती है दुनिया नचाने वाला चाहिए।

न्यायमूर्ति सत्येन्द्र कुमार सिंह मध्यप्रदेश के लोकायुक्त नियुक्त

भोपाल (वार्ता)। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने न्यायमूर्ति सत्येंद्र कुमार सिंह को मध्यप्रदेश का लोकायुक्त नियुक्त किया है। आधिकारिक जानकारी के

अनुसार मध्यप्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम 1981 की धारा-3 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियो को प्रयोग में लाते हुए न्यायमूर्ति श्री सिंह को पदभार ग्रहण करने के दिनांक से लोकायुक्त नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिये गए हैं।

पाकिस्तान : 14 मछुआरों की खोज में भारत की लेगा मदद

कराची/वार्ता। पाकिस्तान में सिंध प्रांत के केती बंदर पोर्ट के पास 45 मछुआरों को ले जा रही एक नाव डूब

गई थी। 31 मछुआरों को बचा लिया गया था लेकिन अब भी 14 मछुआरे लापता हैं। इनकी तलाश के लिए पाकिस्तान सरकार भारत से मदद मांगेगी। पाकिस्तानी मीडिया 'द डॉन' के मुताबिक, सांसद आगा रफीउल्लाह ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से मछुआरों के ढूंढने के लिए भारत से मदद लेने के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा- हमें आशंका है कि पानी के तेज बहाव के चलते लापता मछुआरे भारत की क्षेत्रीय सीमा में चले गए होंगे।

बीएसएनएल लेकर आया सबसे धांसू प्लान, 3 महीने तक सब कुछ फ्री

नई दिल्ली (ए.)। बीएसएनएल के नए डेटा प्लान से दूसरी निजी कंपनियों में खलबली मच गई है। अगर

आप सिर्फ बैकअप के तौर पर सिम इस्तेमाल कर रहे हैं तो यह सबसे सस्ता प्लान साबित हो सकता है। प्लान इतना सस्ता है, जिसने प्राइवेट टेलीकॉम कंपनियों की नींद उड़ा दी है। बीएसएनएल अपने यूजर्स को इस डेटा प्लान के साथ तीन महीने के लिए लंबी अवधि की वैलिडिटी भी दे रही है।

इस साल कब मनाएंगे होली यह है होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

नई दिल्ली/ए.। देश के जाने माने ज्योतिषाचार्य हस्तरेखा, वास्तु शास्त्र रत्न एवं कुण्डली विशेषज्ञ डॉ. मनीष गौतम महाराज जी के अनुसार, होलिका दहन

रात 11 बजकर 13 मिनट से लेकर 12 बजकर 27 मिनट तक किया जा सकेगा। फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है। इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। इस साल 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। यह सुबह 09 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगा।

टीएमसी ने 42 लोकसभा कैंडिडेट्स की घोषणा की

■ **क्रिकेटर यूसुफ पठान, शत्रुघ्न सिन्हा और कीर्ति आजाद के नाम; नुसरत जहां-मिमी चक्रवर्ती का कटा टिकट**

कोलकाता (वार्ता)। तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर अपने कैंडिडेट्स की घोषणा कर दी। पार्टी ने बहरामपुर सीट से कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ क्रिकेटर यूसुफ पठान को उतारा है।

इसके अलावा आसनसोल से अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा और दुर्गापुर से पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद का नाम शामिल है। TMC ने बशीरहाट लोकसभा सीट से एक्ट्रेस नुसरत जहां और जादवपुर सीट से एक्ट्रेस मिमी चक्रवर्ती का टिकट काट दिया है। ञ्चस्ञ्ज ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए 16 मौजूदा सांसदों को टिकट दिया है। इनमें 12 महिलाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा बंगाली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ममता ने सभी कैंडिडेट्स को रैंप वॉक कराया

रविवार (10 मार्च) को लोकसभा चुनाव के ऐलान से पहले कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में TMC की यह पहली रैली हुई। अभिषेक बनर्जी के बाद ममता बनर्जी

मंच पर पहुंचीं और लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि मैं आज बंगाल के 42 लोकसभा सीटों के लिए तृणमूल के 42 उम्मीदवारों को सामने लेकर आऊंगी। इसके बाद अभिषेक बनर्जी एक-एक कर 42 नाम बोलते गए और कैंडिडेट मंच पर सामने आते गए। इसके बाद सभी प्रत्याशियों के साथ ममता ने रैंप वॉक किया।

भारत बोला- यूएनएससी में सुधार के लिए और कितना इंतजार

■ **कहा- 25 साल बीते, अब बदलाव नहीं आया तो खतरे में पड़ जाएगा संगठन**

नई दिल्ली (ए.)। यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने एक भार फिर से UNSC में बदलाव की मांग उठाई। भारत ने एक बार फिर से ह्स्ष्ट में बदलाव की मांग उठाई है। ह में भारत की परमानेंट प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने कहा- सुरक्षा परिषद में सुधारों पर चर्चा 1990 के दशक में शुरू हुई थी। दुनिया और हमारी आने वाली पीढ़ियों को अब और कितना इंतजार करना होगा? हम और इंतजार नहीं कर सकते। रुचिरा ने आगे कहा- साल 2000 में पहली बार मिलेनियल समिट में वर्ल्ड लीडर्स ने UNSC में सुधार के लिए संकल्प लिया था। इस बात को करीब 25 साल बीत चुके हैं। अब भी अगर बदलाव नहीं हुए तो UNSC एक ऐसा संगठन बन जाएगा जो गुमनामी की तरफ बढ़ रहा है।

वहीं सितंबर 2023 में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था- UNSC की व्यवस्था में बदलाव नहीं हुआ तो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत ने एफ्टा ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर किया

नयी दिल्ली (वार्ता) । भारत ने चार सदस्यीय यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (एफ्टा) के साथ रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर किया।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इसे देश का पहला आधुनिक मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए) करार दिया और कहा कि यह न्यायसंगत, निष्पक्ष और संतुलित है। व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) के अनुसार, एफ्टा के चार सदस्य देश, जिनमें स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, लिकटेंस्टीन और आइसलैंड शामिल हैं, अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तानाशाही से लोकतंत्र को बदलने के विरुद्ध लड़ते रहेंगे : राहुल

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का मकसद संकीर्ण तानाशाही करके लोकतंत्र को बदलना है लेकिन कांग्रेस इसके खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी और उसके इन मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी।

श्री गांधी ने ट्वीट किया,÷भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी

और उनके 'संघ परिवार' के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक ऐलान है। श्री मोदी और भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबा साहेब के संविधान को ख़त्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफ़रत है।

उन्होंने कहा,समाज को बांटना, मीडिया को गुलाम बनाना, अभिव्यक्ति की आज़ादी पर पहरा और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु बनाकर विपक्ष को मिटाने की साजिश से वो भारत के महान लोकतंत्र को संकीर्ण तानाशाही में बदलना चाहते हैं। हम आज़ादी के नायकों के सपनों के साथ ये षड्यंत्र सफ्ल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक संविधान से मिले लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

उन्होंने कहा,संविधान का हर सिपाही, विशेष रूप से दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक जागें, अपनी आवाज़ उठाएं - इंडिया समूह आपके साथ है।

गरमा-गरम

मौत का खौफ... छत्तीसगढ़ के 43 बीजेपी नेताओं के लिए Y+,Y, X श्रेणी की सुरक्षा मांगी

डर के साए में बस्तर के बीजेपी नेता

बस्तर/नवप्रदेश। बीते दो सप्ताह में नक्सली बीजापुर जिले में दो बीजेपी नेताओं की हत्या कर चुके हैं। यही वजह है कि नेताओं ने सीधे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से ही सुरक्षा देने की गुहार लगाई। कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाते हुए कहा था कि सरकार अपने नेताओं को ही सुरक्षा नहीं दे पा रही है। इसके बाद पुलिस विभाग की ओर से जारी आदेश में सुकमा जिले के 6, बीजापुर जिले के 10, दंतेवाड़ा के 17, जगदलपुर के 4, कोंडागांव के 1, कांकेर से 4 और नारायणपुर जिले के एक बीजेपी नेता को सुरक्षा देने की बात कही गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले बस्तर के 43 बीजेपी नेताओं को Y+, Y और X कैटेगरी की सुरक्षा दी है। दरअसल, हाल ही में बीजापुर बीजेपी जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सुरक्षा की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि नक्सली बीजेपी नेताओं को टारगेट कर रहे हैं। उन्होंने पत्र में लिखा- 'हाल ही में पार्टी के एक नेता की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिसके बाद पदाधिकारियों में डर का माहौल है। कई नेता लगातार नक्सलियों के निशाने पर हैं, वे रात में अपना ठिकाना बदल-बदलकर रह रहे हैं।

बस्तर के 43 बीजेपी नेताओं के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान और कमांडो होंगे। सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर, और नारायणपुर जिले के नेताओं को सुरक्षा देने का आदेश जारी किया गया है। सुरक्षा में तैनात जवान प्रदेश पुलिस के ही होंगे।

ये है सुरक्षा की श्रेणियां

- **X श्रेणी की सुरक्षाः** इस श्रेणी में 2 सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं। जिसमें एक PSO (व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी) होता है।
- **Y श्रेणी की सुरक्षाः** इसमें कुल 8 से 10 सुरक्षाकर्मी होते हैं। जिसमें दो PSO (निजी सुरक्षागार्ड) भी होते हैं। इस श्रेणी में कोई कमांडो नहीं होता है।
- **Y प्लस श्रेणी सुरक्षाः** इसमें 8 से 10 सुरक्षाकर्मी होते हैं। इनमें 1 या 2 कमांडो और 2 PSO भी होते हैं। बीजेपी नेताओं के साथ CG पुलिस और प्रदेश पुलिस आर्म्स फोर्स के कमांडो होंगे।

तेजी से बढ़ रहे हैं समलैंगिक रिश्ते

अमेरिका में 30 सालों में 3 गुना बढ़े, भारत की स्थिति भी ऐसी

नई दिल्ली (ए.)। 21वीं सदी में रिश्ते का दायरा 'स्त्री-पुरुष संबंध' से कहीं आगे निकल रहा है। वैसे तो सोसाइटी में समलैंगिक रिश्ते पहले भी मौजूद रहे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में लोग खुलकर सामने आने लगे हैं। हालिया रिपोर्ट अमेरिका से है। जहां एक नई स्टडी में पाया गया कि 1990 के बाद से बाइसेक्शुअल रिश्ते 3 गुना बढ़ गए हैं। बाइसेक्शुअल यानी ऐसे लोग जिनका यौन आकर्षण लड़का और लड़की दोनों की ओर हो सकता है। बाइसेक्शुअल लोग दोनों जेंडर के

शख्स के प्रति आकर्षित हो सकते हैं और उन्हें पार्टनर के रूप में स्वीकार कर सकते हैं।

देश में समलैंगिकों की संख्या पर एक राय नहीं है। साल 2011 में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया था कि देश में 25 लाख पुरुष समलैंगिक हैं। LGBT एक्टिविस्ट समूह इस संख्या को हकीकत से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महतारियों के चेहरों पर अब वंदन की चमक

रायपुर/नवप्रदेश। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली जुड़कर आज छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री द्वारा योजना के 70 लाख 12 हजार 800 पात्र आवेदकों को 655 करोड़ 57 लाख रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बटन दबाकर अंतरित की गई। इस योजना के तहत अब छत्तीसगढ़ में विवाहित माताओं-बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए और प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए नियमित रूप से मिलेंगे।

आर्थिक आत्मनिर्भरता का सहज उत्साह

साइंस कालेज मैदान में जुटी मातृशक्ति अद्भुत आत्मविश्वास और उत्साह से भरी हैं। यह आत्मविश्वास और उत्साह उन्होंने कड़ी मेहनत से अर्जित किया है। छत्तीसगढ़ महतारी को संवारने की दिशा में उन्होंने बड़ी भागीदारी निभाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने उन्हें एक हजार रुपए महीने की गारंटी दी थी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने सभी वर्गों के लिए मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने के साथ ही महिलाओं से किया वायदा भी पूरा किया है और आज महिलाओं के लिए मोदी जी की गारंटी का सपना पूरा हो रहा है।

सीएम साय को महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भेंट किया तुलसी का पौधा

कॉफी टेबल पिक्टोरियल बुक 'मय महतारी हंव' का विमोचन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ महतारी को समर्पित जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किया गया कॉफी टेबल पिक्टोरियल बुक 'मय महतारी हंव' का विमोचन किया। इस काफी टेबल बुक में खुशियों के नोटिफिकेशन की 36 कहानियां शामिल हैं।

महतारी वंदन सम्मेलन में प्रचार सामग्री का किया गया वितरण

- **सरकार की योजनाओं की कर रहे है मुक्तकंठ से सराहना**

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आज प्रदेश सरकार की फ़्लैगशिप योजना महतारी वन्दन योजना की राशि अन्तरण के अवसर पर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर आधारित जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। इनमें मोदी की गारन्टी पॉकेट बुक, विष्णु देव के त्वरित निर्णयों से हो रहा है सुशासन का सूर्योदय, मातृत्व जतन महतारियों का वन्दन, रामो विग्रहवान धर्म, सचित्र केलेण्डर सुशासन के दो माह पुस्तक सहित मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन के नए अंक का वितरण किया गया है।

प्रचार सामग्री प्राप्त करने के लिए माताओं और बहनो का विशाल जनसमूह उमड़ पड़ा। बड़ी तादात में आये जनसमुदाय ने पुस्तकों का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि विष्णु देव सरकार ने अल्प समय में ही जनहितकारी फैसले लेकर उनका क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया है। इससे आम लोगो के जीवन मे बदलाव आ रहा है। राज्य सरकार ने शपथ के दूसरे दिन ही प्रदेश के 18 लाख हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये हैं। अटल जी के जन्मदिवस सुशासन दिवस के मौके पर प्रदेश के किसानों को धान उपार्जन के 2 साल के अन्तर की राशि किसानों के खाते में अंतरित की है।

आने वाले चार दिनों में प्रदेश में बढ़ेगी गर्मी

दंतेवाड़ा सबसे गर्म, 5 जिलों में तापमान 35 डिग्री पार; बलरामपुर में न्यूनतम तापमान सबसे कम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आने वाले चार दिनों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को दंतेवाड़ा में दिन का तापमान सबसे ज्यादा 36.8 डिग्री रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान बलरामपुर में 11.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

रायपुर में आज मौसम साफ रहेगा। राजधानी में आज का अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

5 जिलों का तापमान 35 डिग्री के पार

प्रदेश के 5 जिलों का तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच गया है। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान दंतेवाड़ा में 36.8 डिग्री, बीजापुर में 36.3 डिग्री, बस्तर में 35.2 डिग्री, रायपुर में 35 डिग्री और राजनांदगांव में 35 डिग्री है।

सरगुजा में दिन-रात का पारा सामान्य से कम : पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से सरगुजा संभाग के जिलों में तापमान सामान्य से कम रिकॉर्ड किया गया है। सरगुजा में अधिकतम तापमान 30 डिग्री रहा। रात का तापमान 11.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिन का तापमान सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। वहीं, रात का तापमान सामान्य से 3 डिग्री कम रिकॉर्ड

रायपुर में बढ़ने लगा तापमान

रायपुर में अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यहां शनिवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री दर्ज हुआ है। दिन और रात का तापमान सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है।

बिलासपुर में दिन का पारा सामान्य कम

बिलासपुर में दिन का तापमान 33. डिग्री रहा जो सामान्य से 1 डिग्री कम था। यहां रात का तापमान 18.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

राजनांदगांव में औसत से 4 डिग्री ज्यादा तापमान

राजनांदगांव जिले में दिन का तापमान सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। यहां अधिकतम तापमान 35 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं, रात का तापमान 20 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है, जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है।

जमानत की अर्जी खारिज: सोलर कंपनी के डायरेक्टर से 2.84 करोड़ ठगे, जमानत नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सोलर पंप और पैनल लगाने के बाद भी 2.84 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं करने वाले आरोपियों की अग्रिम जमानत की अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने प्रकरण को गंभीर माना और कहा जमानत का लाभ देने के बाद आरोपी यहां से भाग सकते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार आरबीपी इंडिया एनर्जी के डायरेक्टर गौरव जैन का सोलर पैनल का काम है। उन्होंने तेलीबांधा थाना में रॉमेट सॉल्यूशन के पार्टनर कंवलजीत खुराना, विपिन मिरानी, राजेश मिरानी, अरुण कुमार मिरानी तथा आईकॉन सोलर के डायरेक्टर शक्ति दुबे व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य सरकार ने सौर सुजला योजना के तहत टेंडर निकाला था। यह टेंडर आरोपियों की कंपनी रॉमेट सॉल्यूशन को मिला। उन्होंने सरकार से ठेका लेने के बाद बस्तर और नारायणपुर में प्रार्थी गौरव जैन की आरबीपी इंडिया एनर्जी कंपनी को वही काम पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर काम दे दिया। कंपनी ने दोनों जिलों में काम करने के बाद करीब 2.84 करोड़ का बिल बनाया।

रायपुर में पेड़ पर लटकी मिली युवती की लाश

- **जमीन से ऊंचाई अधिक होने पर हत्या की आशंका, नहीं मिला कोई सुसाइड नोट**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के अभनपुर इलाके में एक युवती की पेड़ पर लाश लटकती मिली है। ये लाश जमीन से काफी ऊंचाई पर है। जिससे हत्या की भी आशंका जताई जा रही है। अभनपुर पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

दरअसल, रविवार की सुबह अभनपुर थाना क्षेत्र के चंडी-कोपेडीह खार के पास राहगीरों को बबूल पेड़ पर एक शव देखा। जो सलवार के चुन्नी के सहारे पेड़ पर लटक रही थी। इसकी सूचना अभनपुर पुलिस को दी गई।

लाश की शिनाख्त नहीं

पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर लाश मर्चुरी में रखवा दिया है। युवती की पहचान नहीं हो पाई है। उसके परिवार वालों की तलाश की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि ये युवती यहां तक कैसे पहुंची। संभावना है कि युवती आसपास के ही किसी गांव की रहने वाली है। लाश मिलते ही आसपास भारी संख्या में गांव वालों की भीड़ भी जुट गई।

सुसाइड नोट बरामद नहीं

अभनपुर पुलिस के मुताबिक, मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

बातों...बातों...में...! सासाहिक स्तंभ...सुकांत राजपूत

ईओडब्ल्यू में सिंघम रिटर्न...

शासन को छगपु. में किसी सिंघम टाइप अफसर की कमी काफी खल रही है। खासकर ईओडब्ल्यू जैसे इदारे में ऐसे सिंघम की दरकार महसूस की जा रही थी जिसे जो टास्क दिया जाये उसे पूरा करने का उसमें माद्दा भी हो और शासन को उसपर एतबार भी..! महकमे में यूं तो कई नाम हैं, लेकिन काम से ज्यादा नाम कमा चुके पुलिस के आला अफसरों में अपनी कानपुरिया स्टाइल के लिए फेमस डीएम. और मेरठिया अंदाज के ठेठ एमजी. की रईसियत हर जुबान पर है। बातों ही बातों में एक खौ़फज़दा अफसर ने बताया शायद एमजी लौट रहे हैं ! उसने आगे कहा छगपु. में सिंघम रिटर्न टू बनेगी की नहीं इसका पता इसी हफ्ते चल जायेगा। महकमे के इस खबरी का कहना है...करप्शन में हाई प्रोफाइल केस में मुकाम तक पहुंचने के लिए डीएम नहीं एमजी को ही सहीं माना जा रहा है।

आरआई का शरिया कानून...

अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार को भले ही भारत हर तरह से मदद करता है, लेकिन इसका ये मतलब तो नहीं कि उनके सख्त शरिया कानून को भी अपना लिया जाये! इन दिनों राजधानी रायपुर के पुलिस लाइन में एक सूबेदार पूरी तरह तालिबानी शासन पसंद बन गया है। मातहत अगर कुछ भी गलतियां किये तो आरआई अफगानिस्तान की सजा लाइन के नवआरक्षकों को देता है। बातों ही बातों में लाइन अटैच सिपाही ने अपना दर्द बयान किया। उसके मुताबिक एक ही हफ्ते में डीएसबी पुल के दो परिचालक और जेल पेशी ड्यूटी में तैनात दो आरक्षकों को आरआई आफिस के पीछे डंडों से बेतहाशा पीटा गया था। अपने ही लड़कों की इस तरह से डंडा मालिश के पीछे भले ही वजह बड़ी रही हो, लेकिन सजा देने का यह तालिबानी अंदाज़ जल्द ही अफसरों के कानों तक पहुँचने वाला है।

हारों का सहारा लोकसभा...

कांग्रेस से भाजपा आज क्यों अलग और बेहतर अंदाज़ में सियासत का मुकाम हासिल करती जा रही है इस पर दोनों पार्टियों के चंडूखाने में खासी चर्चा है। लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी और उम्मीदवारों के नामों के एलान के बाद अब दोनों दलों के नेता एक-दूसरे के पार्टी नेताओं के फैसलों पर रश्क़ करने लगे हैं। बीजेपी नेता ने कांग्रेस की तारीफ करते हुए कहा...नेता और पार्टी ऐसी होनी चाहिए जो विधानसभा के शिकस्त खाये नेता पर भी लोकसभा जीतने की उम्मीद रखती है। रुंधे गले से भाजपाई ने फिर हलक से थूक गटकते हुए कहा- एक हमारी पार्टी के नेता हैं जो लोकसभा जीतने वालों की टिकिट काटने और विधानसभा जीतकर आये को भी हाशिये में डाल देती है... इसलिए हारों का सहारा कांग्रेस एकमात्र ठिकाना बोला जा रहा है।

लहसुन प्याज से परहेज...

बीबी के खान-पान की पसंद भी खासी चर्चित है। राजनांदगांव से लोकसभा की टिकट मिलते ही बीबी का खुराक-ऐ-अंदाज अब दिन और रात के हिसाब से अलहदा हो गया है। बातों ही बातों में उनका सारथी बताने लगा... कहा, दाऊ जी दिनभर निरामिष अंदाज़ में खाना कहते हैं लेकिन अब उनके यहां शाम से रात तक सात्विक भोजन परोसा जाने लगा है। दौरे के बाद लौटे स्टाफ ने जब उनके घर शुक्रवार की रात का खाना खाया तो पनीर की सब्जी, दाल तड़का और गोभी मटर का सुबह वाला स्वाद नहीं मिला। जब पतासाजी की गई तो खुलासा हुआ बीबी के घर में कुक को रात को लहसुन, प्याज से परहेज़ गुरेज़ रखने ताक़ीद की गई है। ...ये तो वही बात हुई न, गुड़ खाएं और गुलगुले से परहेज !

बंगला और जंगला में जिरह...

यूं तो बंगला, कोठी और घरोंदा पर कई कर्णप्रिय गीत आज भी जुबान पर है। लोकप्रिय गानों में एक बंगला बने न्यारा...और दरिया किनारे इक बंगला ओ पोरी अई जो अई...है। इन गानों की चर्चा के साथ ही जेहन में एक और गाना भी है जो राज्य के दो एक्स सीएम को दिए गए बंगलों के लिए एक पर फिट बैठता है और वह है...कांटा लगा...कांटा लगा...एक बंगले के पीछे पिया रे पिया। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बीजेपी की साय सरकार के द्वारा अपने पड़ोस का जो घर दिया गया है उसमे और बीजेपी की पूर्वर्ती रमन सरकार में छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत प्रमोद जोगी को आवंटित सागौन बंगले की तुलना किया जाना लाजमी है। एक रिटायर्ड कांग्रेसी ने तंज कस्ते हुए कहा यह साहब का रुआब है...जो अब भी कायम है।

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

हनुमान मंदिर में 27 जोड़ों ने किया सामूहिक रुद्राभिषेक

■ पार्थ शिवलिंग प्रतिष्ठित कर श्रद्धालुओं ने किया अभिषेक

रायपुर/नवप्रदेश। तात्यापारा चौक हनुमान मंदिर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर 27 जोड़ों ने एक साथ बैठकर लघु रुद्राभिषेक किया। आचार्य चारुदत्त जोशी के नेतृत्व में 11 पंडितों ने लघु रुद्राभिषेक को विधि विधान से संपन्न कराया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत मोहदीवाले ने बताया कि हनुमान मंदिर में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर सामूहिक रुद्राभिषेक की अपनी परंपरा कायम रखी। इस बार तात्यापारा के अलावा चौबे कॉलोनी, डंगनिया, शिवानंद नगर, रोहिणीपुरम, कोटा, रामकुंड सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों के भक्तों ने यहां आकर सामूहिक रुद्राभिषेक में भाग लिया। मंदिर के पंडित संदीप देशपांडे के साथ शशांक देशपांडे, शैलेष चिंचोलकर, उदय रावळे, प्रवीण दाभड़कर, राजा भट, विवेक अमीन सहित 11 पंडितों की अनुभवी टीम ने परंपरागत तरीके से लघु रुद्राभिषेक कराया। तत्पश्चात देवाधिदेव महादेव की महाआरती की गई और महाप्रसाद वितरित किया गया। मंदिर समिति के सचिव किशोर गिरीभट ने बताया कि लघु रुद्राभिषेक के बाद शाम को शिव भक्तों की एक टोली ने मंदिर में पार्थिव शिवलिंग की स्थापना की और अभिषेक किया। देर शाम को हनुमान मंदिर भजन मंडली ने भजनों की समधुर प्रस्तुतियों से शिवभक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

स्वस्थ महिला ही सुखी परिवार का आधार है

■ एम्स में महिला दिवस पर स्त्री रोगों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बारे में जागरूक कर विभिन्न रोगों से बचने के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं। स्वस्थ महिला ही सुखी परिवार का आधार बन सकती है। इसलिए परिवार और समाज का दायित्व है कि वह महिलाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे। विभाग के डॉ. निलज बागड़े ने बताया कि महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के विशेष क्लिनिक आयोजित किए जा रहे हैं। विभाग में सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग के लिए मुफ्त पेप्समियर टेस्ट और पीओसीडी रोग के लिए विभिन्न चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मासिक धर्म संबंधी समस्याओं, मीनोपॉज, अर्ली यंग हैल्थ हाइजिन, सर्वाइकल कैंसर, परिवार नियोजन और प्रसवकाल में विशेष पोषण और अनिवार्य जांचों के बारे में महिलाओं को जागरूक बनाया गया। चिकित्सा छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, कविता और गीतों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में विभाग के डॉ. चंद्रशेखर श्रीवास्तव सहित कई चिकित्सक और छात्र उपस्थित थे।

एनी स्मार्ट डिवाइस से दृष्टिबाधित बच्चे आसानी से शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले में सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड इंडिया द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत दृष्टिबाधित बच्चों की डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए शासकीय स्कूल एवं अभिलाषा स्कूल को 38 लाख 13 हजार रूपए की लागत के थिंकरबेल लैब द्वारा निर्मित 41 एनी स्मार्ट डिवाइस प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव उपस्थित थे। यह कार्यक्रम ठाकुर प्यारे लाल सिंह विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि एनी स्मार्ट क्लास एक सेल्फ लर्निंग डिवाइस है, जो दृष्टिबाधित छात्रों को शिक्षित होने में सहायता करती है। इस डिवाइस के जरिए छात्र हिंदी, अंग्रेजी और अन्य भाषाओं को सीख सकते हैं। स्मार्ट क्लास में टेलर फ्रेम, अबाकस, टाइप्स, इंटर प्वाइंट, वुडेन स्लेट, नंबर प्लेट व अन्य मशीनी उपकरण की सुविधा उपलब्ध है, जिसके माध्यम से बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा बच्चों के लिए गेम की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी आनंद उठा सकेंगे।

पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने इस अवसर पर कहा कि दुनिया जिस तरह से आगे बढ़ रही है उसी तरह से आगे बढने के लिए दृष्टिबाधित बच्चों के लिए यह डिवाईस की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जिससे बच्चे आसानी से शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। उन्होंने प्रशिक्षण देते समय शिक्षकों के साथ पालकों को भी प्रशिक्षण देने कहा।

मंत्री बृजमोहन की माताजी की याद में श्रृद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

■ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। समाजसेवी रामजीलाल अग्रवाल की धर्मपत्नी एवं स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल की माताजी स्वर्गीय श्रीमती पिस्ता देवी अग्रवाल की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शनिवार को बारहवां एवं पगड़ी रस्म के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ समेत देश भर से आम और खास लोग पहुंचे और पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, मंत्री श्री ओपी चौधरी, मंत्री श्री दयाल दास बघेल, मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने स्वर्गीय श्रीमती पिस्ता देवी अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भगवान से पुण्यात्मा की शांति के साथ ही परिवार के सदस्यों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके अलावा छत्तीसगढ़ शासन पक्ष-विपक्ष के विधायकगण, साधु-संत, धर्म प्रमुख, मीडिया कर्मियों समेत हजारों की संख्या में पारिवारिक शुभचिंतक और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए और पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें श्रीमती पिस्ता देवी अग्रवाल का 27 फ़रवरी को 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

वोल्टेज समस्या दूर करने सब स्टेशन की बढ़ाई गई क्षमता

■ पारेषण कंपनी ने की 4.64 करोड़ रूपए की लागत से नया ट्रांसफार्मर की स्थापना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ प्रदेश के ग्रामीणों क्षेत्रों में कृषि एवं आर्थिक विकास की गतिविधियों में तेजी लाने विद्युत अधोसंरचना पर ठोस कार्य कर रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने परींनाला (राजनांदगांव) स्थित 132/33 केवी अतिउच्चदाब विद्युत उपकेन्द्र में 63 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया, इससे बालोद, दुर्ग व राजनांदगांव क्षेत्र के किसानों के साथ घरेलू एवं उद्योगों का निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

विद्युत उपकेंद्र में स्थपित नए ट्रांसफॉर्मर को ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने ऊर्जीकृत किया। श्री शुक्ला ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं पॉवर कंपनीज़ के अध्यक्ष श्री पी. दयानंद के निर्देशन में विद्युत अधोसंरचना विकास में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

परींनाला स्थित 132 केवी उपकेन्द्र राजनांदगांव में 4 करोड़ 64 लाख रूपए की लागत से नया 63 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जिससे इसकी क्षमता 103 एम.व्ही.ए. हो गई है।

इस उपकेन्द्र से 33 के.व्ही. के नौ फीडर निकले हैं। इससे राजनांदगांव एक व दो फीडर, आरके नगर, कंचनबाग, दुर्ग एक व दो, साई केमिकल, चिखली, इंडस्ट्रियल एरिया एवं परसुली फीडर में विद्युत सप्लाई होगी।

जिससे राजनांदगांव शहर, सोमनी, सिंघोला, दुर्ग, बालोद क्षेत्र के लगभग 95 हजार उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता सबस्टेशन रायपुर श्री जी. आनंद राव तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता (राजनांदगांव रीजन) श्री टी.के.मेश्राम, मुख्य अभियंता (दुर्ग रीजन) श्री एम.जामुलकर एवं अधीक्षण अभियंता श्री सुनील भुआर्य एवं संबंधित कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

युवाओं के लिए प्रेरक तीन महिला लोको पायलट सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में शनिवार को भारतीय रेलवे की तीन महिला लोको पायलट ललिता चौधरी, प्रतिभा एस. बंसोड़, स्वर्णलता चौरसिया और कैंसर जागरूकता अभियान के लिए बाइक से तीन लाख किमी की यात्रा कर चुकीं डा. नम्रता सिंह का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमृता मेहता और विशेष अतिथि डा. कमल वर्मा के हाथों सूत माला, शाल- श्रीफल और स्मृति चिह्न से सम्मानित डा. नम्रता सिंह ने कैंसर जागरूकता के लिए तीन बार बाइक से भारत भ्रमण करने के खट्टे- मीठे अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि महिला होने के नाते महिलाएं और युवा उनके विचारों व बातों से जल्दी जुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार स्नेह का प्रतीक सूत माला से स्वागत की परंपरा देखी। काफी अच्छा लगा।प्रतिभा एस. बांसोड़ लोको पायलट ने कहा कि वह छत्तीसगढ़ की पहली महिला ट्रेन चालक हैं। जो पुरुष विचारों से स्वतंत्र होते हैं, वही अपने घर की बहू और बेटियों को आगे बढ़ने में मदद करते हैं। मेरे पेरेंट्स नहीं चाहते तो मैं इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाती।

ललिता चौधरी असिस्टेंट लोको पायलट ने कहा कि घर वाले ट्रेन ड्राइवर की नौकरी के लिए तैयार नहीं थे। इसलिए उन्हें एक बार ड्रॉप लेना पड़ा। घर वालों को मनाकर दोबारा आरआरबी की परीक्षा दी और सफल हुई। उन्होंने कहा कि जॉब कोई भी हो, महिलाओं का इंडिपेंडेंट होना जरूरी है।

महिला दिवस | महाराष्ट्र मंडल में कैंसर जागरूकता अभियान चला रहीं बाइक राइडर नम्रता का भी सम्मान

युवाओं के लिए प्रेरक तीन महिला लोको पायलट सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में शनिवार को भारतीय रेलवे की तीन महिला लोको पायलट ललिता चौधरी, प्रतिभा एस. बंसोड़, स्वर्णलता चौरसिया और कैंसर जागरूकता अभियान के लिए बाइक से तीन लाख किमी की यात्रा कर चुकीं डा. नम्रता सिंह का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमृता मेहता और विशेष अतिथि डा. कमल वर्मा के हाथों सूत माला, शाल- श्रीफल और स्मृति चिह्न से सम्मानित डा. नम्रता सिंह ने कैंसर जागरूकता के लिए तीन बार बाइक से भारत भ्रमण करने के खट्टे- मीठे अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि महिला होने के नाते महिलाएं और युवा उनके विचारों व बातों से जल्दी जुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार स्नेह का प्रतीक सूत माला से स्वागत की परंपरा देखी। काफी अच्छा लगा।

प्रतिभा एस. बांसोड़ लोको पायलट ने कहा कि वह छत्तीसगढ़ की पहली महिला ट्रेन चालक हैं। जो पुरुष विचारों से स्वतंत्र होते हैं, वही अपने घर की बहू और बेटियों को आगे बढ़ने में मदद करते हैं। मेरे पेरेंट्स नहीं चाहते तो मैं इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाती।

ललिता चौधरी असिस्टेंट लोको पायलट ने कहा कि घर वाले ट्रेन ड्राइवर की नौकरी के लिए तैयार नहीं थे। इसलिए उन्हें एक बार ड्रॉप लेना पड़ा। घर वालों को मनाकर दोबारा आरआरबी की परीक्षा दी और सफल हुई। उन्होंने कहा कि जॉब कोई भी हो, महिलाओं का इंडिपेंडेंट होना जरूरी है। अब पहले जैसा माहौल नहीं रहा। समाज का वातावरण भी बदला है।

स्वर्णलता चौरसिया सीनियर लोको पायलट कहती हैं कि जब वे परीक्षा देने गईं, तो उसे पूरे परीक्षा केंद्र में एकमात्र वही महिला थीं और लोग उन्हें पलट- पलट कर देख रहे थे। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के समय कोई महिला- पुरुष नहीं होता, सिर्फ काम पर फोकस होता है। ड्यूटी करते समय वे पावरफुल महसूस करती हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में नारी शक्ति पर नंदा अगस्ती, सुलभा विठालकर, स्मिता चांदोरकर, सुवर्णा, रोहिणी चिमोटे, शोभा पाटिल, चित्रा कोल्हे और पल्लवी ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। स्त्री की महिमा पर अपर्णा देशमुख, माधुरी गाडगिल, कंचन, मनीषा, मंजूषा, प्रीति, अर्चना और मानसी ने प्रभावशाली नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। शुभांगी आप्टे और अपर्णा पेंडसे ने रोचक गेम्स से महिलाओं का बांधे रखा। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने किया। अर्चना जतकर ने आभार व्यक्त किया।

सुविचार

यह मत सोचिए कि दुनिया आपके बारे में क्या सोचती है? वक्त बदलते ही दुनिया की सोच बदल जाती है। - अज्ञात

संपादकीय

नेताओं के बीच तेज होती जुबानी जंग

लोकसभा चुनाव की तिथि ज्यों ज्यों नजदीक आ रही है। त्यों त्यों नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। चुनाव के दौरान अपनी लकीर को बड़ा दिखाने के लिए दूसरे की लकीर को मिटाना राजनीति की पुरानी परंपरा रही है। इसमें कोई हर्ज भी नहीं है। क्योंकि मोहब्बत और अदावत की तरह ही सियासत में भी सब कुछ जायज माना जाता है। किन्तु जुबानदराजी की भी कोई हद होती है। चुनाव के दौरान कुछ बयानवीर नेता लक्ष्मण रेखा लांघकर जो मुंह में आए बोलने लगते हैं और ऐसा करके वे भले ही अपने समर्थकों की तालियां बटोर लेते हों। लेकिन उनके आपत्तिजनक बयानों का खामियाजा उनकी पार्टी को भुगतना पड़ जाता है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आपत्तिजनक बयान भी देने लगे हैं। नतीजतन चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को निर्देशित किया है कि वे प्रधानमंत्री के बारे में सोच समझकर बोलें। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में राहुल गांधी ने इसी तरह के विवादास्पद बयान दिए थे और चौकीदार चोर है का नया नारा उछाला था। इसका दुष्परिणाम यह निकला कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को शर्मनाक पराजय का सामना करना पड़ा। इस बार भी आईएनडीआईए में शामिल राजनीतिक पार्टियों के बड़बोले नेता अपनी जुबान पर लगाम नहीं रख पा रहे हैं। पिछले दिनों बिहार की राजधानी पटना में आयोजित महागठबंधन की रैली में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिवार को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान दिया था। उसका नतीजा यह निकला की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरा परिवार मोदी परिवार की मुहिम ही चला दी। जाहिर है लालू यादव की यह बदजुबानी न सिर्फ उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के लिए भारी पड़ेगी बल्कि आईएनडीआईए को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। राजनीति में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जाने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होती। लेकिन मर्यादा का भी ध्यान रखना होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो अपनी पार्टी के सभी नेताओं को विवादास्पद बयानबाजी से परहेज करने की नसीहत दी है। अन्य पार्टियों के प्रमुखों को भी चाहिए कि वे राजनीतिक सूचिता का ध्यान रखते हुए बोलवचन करने वाले अपने नेताओं को उल जुलूल बयानों से बचने के निर्देश दें। क्योंकि ऐसे बयानों से कोई लाभ नही होता उल्टे नुकसान उठाना पड़ता है। लालू यादव का बयान ही उनके गठबंधन पर भारी पड़ने जा रहा है। चुनाव आयोग को चाहिए की जिस तरह उसने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निर्देश दिया है। उसी तरह वह सभी पार्टियों के बयानवीर नेताओं के लिए भी कड़े दिशा निर्देश जारी करें ताकि ऐसे नेता व्यक्तिगत आरोप लगाकर राजनीति में कटुता न फैलाएं।

हिंसा का रास्ता छोड़े नक्सली संगठन

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से एकबार फिर नक्सली हिंसा की घटना बढ़ने लगी है। कई भाजपा नेताओं को नक्सलियों ने निशाना बनाया है। वहीं भाजपा सरकार के आव्हान पर कुछ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इस बारे में प्रदेश के गृह मंत्री के बाद अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी नक्सली संगठनों से बातचीत की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि नक्सली संगठन अपनी समस्या बताएं और सरकार के साथ बातचीत करें। उनकी जायज मांगों को राज्य सरकार पूरा करेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री की यह पेशकश नक्सली संगठनों को कबूल कर लेनी चाहिए। बंदूक की नोंक पर वे सिर्फ आतंक फैला सकते हैं। लेकिन समस्या का समाधान तो बातचीत के जरिए ही हो सकता है। दरअसल छत्तीसगढ़ को नक्सली समस्या का अविभाजित मध्यप्रदेश से विरासत के रूप में मिली है। छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा को रोकने के लिए 2003 के बाद तात्कालिन डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने कई कारगर कदम उठाए थे। और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए नई नीति भी निर्धारित की थी। उसके बाद सरगुजा क्षेत्र से तो नक्सली हिंसा का खात्मा ही हो गया था। लेकिन आदिवासी बाहुल बस्तर संभाग में अभी भी नक्सली संगठन सक्रिय हैं। जो रह रह कर हिंसक घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। अब समय आ गया है कि आदिवासियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर नक्सली संगठन हिंसा का रास्ता छोड़ें और राज्य सरकार के साथ बातचीत की पहल करें। उन्हें नक्सली संगठनों को यह बात समझनी चाहिए की बंदूक के बल पर आज तक दुनिया में किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अब जबकि राज्य सरकार खुद होकर नक्सलियों से बातचीत का प्रस्ताव रख रही है तो नक्सली संगठनों को भी इस प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए और सरकार के साथ बातचीत करनी चाहिए। ताकि बस्तर में शांति कायम हो और वहां के बाशिंदो को विकास का लाभ मिल सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि नक्सली संगठन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पेशकश को जरूर कबूल करेंगे।

संजीव ठाकुर
चिंतक, लेखक, स्तंभकार, संयोजनकर्ता, रायपुर छत्तीसगढ़,

हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी शासन ने अनेक योजनाओं को मूर्त रूप दिया है जिनमें कक्षाओं कवि सम्मेलन नाटकों संगोष्ठी में हिंदी अनुसंधान ओ हिंदी टंकण आदि के बढ़ावा देने के साथ हिंदी पत्र-पत्रिकाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास किया है ।दूसरी तरफकंप्यूटर, इंटरनेट, ई बुक, विज्ञापन ,टेलीविजन तथा अन्य मीडिया के साधनों के क्षेत्र में हिंदी का अधिकतम उपयोग करने की समझाइश दी गई है, ताकि इसका विकास एवं संवर्धन किया जा सके। हिंदी भाषा भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, श्रीलंका जैसे देशों में बोली वह समझी जाती है। हिंदी के विशेष प्रचार प्रसार के लिए विश्व हिंदी सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किए जाते रहे हैं। वैसे वैश्विक स्तर पर 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाने की परंपरा लागू की गई है। हिंदी के प्रचार प्रसार तथा संवर्धन के लिए 10 जनवरी 1975 को नागपुर में विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने कहा था हिंदी का प्रचार और विकास अब कोई रोक नहीं सकता है।

देश के अमृत महोत्सव के पश्चात भी हिंदी राष्ट्रभाषा के गौरव से वंचित

(राष्ट्र गौरव हिंदी)

(हिंदी भारत में सर्वोच्च सम्मान की हकदार)

देश की स्वतंत्रता के सात दशक गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है? राष्ट्रभाषा बनने के साथ-साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग-अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो।

यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता ,विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफ़ेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। इस प्रयोजन में इन पंक्तियों का लेखक भी शामिल था,कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है।

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर



के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।

14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार-प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए देश के पूरे प्रदेशों में इसको समान रूप से स्वीकृत भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। हमने इंग्लैंड, अमेरिका, स्विजरलैंड और अन्य देशों की यात्राएं भी है पर वहां कहीं भी उनकी अपनी भाषा के उपयोग के लिए कार्यालय में स्लोगन लिखा जाना नहीं देखा गया,तो भारत में ही क्यों। सवाल इसलिए उठता है कि हमारे दक्षिण तथा कुछ अन्य राज्यों में हिंदी को हिकारत की नजर से देख कर हिंदी वासियों से दूरी बनाई रखी जाती है। यह भी हिंदी भाषा तथा देश के लिए विडंबना ही है। एनी बेसेंट ने बिल्कुल सच कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सर्वाधिक प्रभावशाली बन कर उभरी है वह है हिंदी भाषा। जो व्यक्ति हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर सकता है पर हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। हिंदी का बड़ा नुकसान अंग्रेजी भाषा ने भी किया है दक्षिण में स्थानीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी बहुतायत में बोली जाती है पर ना जाने क्यों हिंदी बोलने से बेशक परहेज करते हैं। सबको अपनी भाषा बोलने का अधिकार है पर हिंदी का अपमान करने का अधिकार देश में किसी को नहीं होना चाहिए। कई विद्वानों के सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस विश्व में हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है उसने अंग्रेजी भाषा को पीछे छोड़ दिया है। यह सर्वे की रिपोर्ट कितनी प्रमाणित है यह तो मालूम नहीं लेकिन निकट भविष्य में ऐसी संभावनाएं बन सकती है कि जब हिंदी वैश्विक भाषा बनकर तेजी से उभरेगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2008 में आज ही के दिन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के यान एंडेवर ने अंतरिक्ष स्टेशन की ओर उड़ान भरी थी। 2007 में 11 मार्च के दिन ही सुनिता ने कोलकाता से वाघा तक के 2,012 किलोमीटर के सफर को रिवर्स गियर में गाड़ी चलाकर पूरा किया था। 2006 में आज ही के दिन यूनानी संसद ने दाह-संस्कार को अनुमति देने वाले कानून को बहुमत से पारित किया था। 2001 में 11 मार्च के दिन ही पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन में विश्व चैंपियन बने थे। 1999 में आज ही के दिन इंफोसिस कंपनी पहली भारतीय कंपनी है जो नशदाक अंतरराष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की सूची में आई थी। 1981 में 11 मार्च के दिन ही चिली में संविधान लागू हुआ था। 1935 में आज ही के दिन बैंक कनाडा का गठन किया गया था। 1918 में 11 मार्च के दिन ही मास्को रूस की राजधानी बनी थी। 1917 में आज ही के दिन बगदाद पर ब्रिटिश फौजों ने कब्जा किया था। 1881 में 11 मार्च के दिन ही रामनाथ टैगोर की प्रतिमा कोलकाता के टाउन हॉल में स्थापित की गई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मगन पवन जन-जीवन

मगन पवन जन-जीवन क्षिति पर, नखत -सोम -सूर्य गगन-वितान। सचल-सरित -सागर हिय कलकल सकल सरस चित्त सबल समान। सस्वर हो मधुमास, धरा पर , हरित अरण्य सुमनित बागान । सरव साँझ-निशि-सुबह दशो दिशि सुर - कच्छपी से स्वरित समान । शत्- शत् वंदन माँ! अभिनंदन , हे वागीश्वरी! तुम्हें प्रणाम!! -

पकंज कुमार बसंत

अदब तहज़ीब में पल

अ द ब तहज़ीब में पल के नफ़ासत को नही भूला, बना कर प्रेम का मंदिर इबादत को नही भूला, भले हो फ़ासले कितने मग़र दिल आज भी हमदम, किसी भी मोड़ पर तेरी मुहब्बत को नही भूला।। -

गोविन्द शर्मा

खास पाती

सुनों, तुमनें लिखा बहुत कुछ

सुनों, तुमनें लिखा बहुत कुछ लेकिन मेरा नाम नही लिखा था मैंने पढ़ा बहुत कुछ लेकिन तुमने कुछ नही कहा था कि एहसासों के सरजमीं पर मुझसे आ मिले हो तुम... कुछ ऐसी मोहब्बत तुमने मुझसे और मैंने तुमसें किया है...कि था, कुछ भी नही लेकिन है बहुत कुछ की दुनियां मेरी तुमसें और तुम्हारी मुझसे ही हैं..!!

नंदिता तनुजा

आसमां से ज़मीं पे गर वो उतर जायेगा

आसमां से ज़मीं पे गर वो उतर जायेगा, तो सनम पहले से ज्यादा वो निखर जायेगा। आंधी-तूफ़ां में दिले-शमअ जलाये रखा हूँ, बा-अदब तूफ़ां भी बेलौस बिखर जायेगा । बेरहम दुनिया मेँ चलना है अकेले सभी को, ये बुरा वक़्त भी हिम्मत से गुज़र जायेगा। मंज़िलों का पता मालूम नहीं है किसी को, दानी जाने कहाँ अपना ये सफ़र जायेगा। मत डराओ कभी बच्चे को पढ़ाई के लिए, वो लगातार के प्रेशर से बिफर जायेगा।

डॉ. संजय दानी

आवारा कुत्तों से लोगों की जान को खतरा,

आवारा कुत्तों से लोगों की जान को खतरा, ये समस्या किसी एक शहर या राज्य तक सीमित नहीं है. देश के हर राज्य और हर शहर, गांव, कस्बे में लोग आवारा कुत्तों से परेशान हैं. अतः केरल हाईकोर्ट के इस आदेश को गाइड लाइन मानकर सभी राज्यों में इस पर अमल किया जाना चाहिए।

अनिल पांडेय

रुका दिखता है वो भी चल रहा है

रुका दिखता है वो भी चल रहा है कि इक पत्थर भी हरपल गल रहा है वो लड़की शह्र से उकताई होगी सो उसकी ग़ज़लों में जंगल रहा है यूँ ही निभती नहीं है टेक कोई वो चातक स्वाति को पागल रहा है गया है हर कोई बेचैन जग से रहा जब तक यहाँ बेकल रहा है उड़ी जब ख़ाक तब हमने ये जाना हवा का रुख़ धरा को खल रहा है बदन से कब भला उठती है खुशबू न ज़ेह्न-ओ-दिल कभी संदल रहा है तुम्हारा हो गया ये कैसे कह दूँ जो मन हरदम बहुत चंचल रहा है हमेशा जो रहा सहरा सा मुझको हृदय उसके लिए जल-थल रहा है बसा जाने वो आके कैसे इनमें वो जो आँखों से ही ओझल रहा है।

पुष्प सैनी 'पुष्प'

क्यों करनी है दर्द बयानी, सहने में क्या

क्यों करनी है दर्द बयानी, सहने में क्या जाता है कैसे हो तुम? मैं तो खुश हूँ! कहने में क्या जाता है इक दिल में ही अपना घर करना, तब तो उसको इश्क़ कहें ऐसे कितने ही घर में रह लो, रहने में क्या जाता है संग-दिलों की आँख का कतरा, जज़्बातों का दरिया है नाजुक दिल वालों का आख़िर, बहने में क्या जाता हैं

राज गंगवार

अपने दिल में गम और होंठों पे हंसी

अपने दिल में गम और होंठों पे हंसी रखते है दर्द कितना भी हो हम दिल में खुशी रखते है हमको बारिश की तमन्ना नही रहती है कभी हम तो आंखों में बेहिसाब नमी रखते है

नीरू श्रीवास्तव

प्रेरक प्रसंग

पेट है, कब्रिस्तान नहीं

जार्ज बर्नार्ड शा ब्रिटेन के प्रसिद्ध साहित्यकार ही नहीं, माने हुए शाकाहारी भी थे। एक बार उन्हें एक भोज में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिला। उस भोज में शाकाहारियों के खाने के लिए कोई चीज नहीं थी। एक सलाद ही ऐसा था, जिसे खाया जा सकता था।

भोज शुरू हुआ। सब लोग भोजन करने लगे। शा बेचारे पहले तो चुपचाप बैठे रहे। फिर सलाद ही खाने लगे। यह देखकर उनके पास बैठे हुए एक सज्जन बोले- 'मिस्टर शा! इतनी स्वादिष्ट चीजों के होते हुए भी आप यह क्या खा रहे हैं?

इस पर शा ने बड़ी सादगी से उत्तर दिया- मेरा पेट कब्रिस्तान नहीं है, महोदय! इसमें केवल साग-सब्जियों के लिए जगह है, मुर्दों के लिए नहीं।

QUIZ TIME

1) हल्दी में पीला रंग किसके द्वारा होता है?

2) राष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान अनुसंधान निदेशालय कहाँ स्थित है?

3) कीट के मुखांग का कौन सा भाग जीभ का कार्य करता है?

4) विश्व की दूध की रानी किस नस्ल की बकरी को कहा जाता है?

5) किसने 61 साल की उम्र में चौथी बार डकार रैली जीतकर इतिहास रच दिया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कुरकुमिन (2) जबलपुर (3) हाइपोफैरिंक्स (4) सानेन (5) कार्लोस सैन्ज

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:45 सूर्यास्तः 06:29
चन्द्रोदयः 06:33, चन्द्रास्तः 18:28
अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतुः वसंत, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास फाल्गुन, पक्ष कृष्ण, तिथि प्रतिपदा, नक्षत्र उत्तराभाद्रपद, योग शुभ, प्रथम करण नाग (14:29 तक), द्वितीय करण किंस्तुघ्न (24:36 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥
सूर्य, कुम्भ, चंद्र मीन (20:39 से)
मंगल , मकर (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध , मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी)
गुरु , मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र , कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शनि , कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी)
राहु , मीन, केतु , कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 12:04 से 12:51, अमृत काल 18:55 से 20:19, सर्वार्थसिद्धि योग 25:55 से 30:31, विजय मुहूर्त 14:25 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त 18:19 से 18:44, सायाह्न सन्ध्या 18:22 से 19:35, निशिता मुहूर्त 24:02 से 24:51, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:27 से 13:56, होमाहुति सूर्य दिशाशूल पश्चिम, नक्षत्र शूल दक्षिण (25:55 तक)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए लाभ दिलाने वाला रहेगा।

वृषः आज के दिन परिस्थितियां आपकी आशा के अनुकूल रहेंगी। लेकिन महिलाये आज जो भी विचारेंगी फल उसके विपरीत ही मिलेगा।

मिथुनः आज के दिन आप अपनी बुद्धि के बल से धन एवं सम्मान का लाभ पायेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र पर आपकी छवि निखरेगी।

कर्क : आपके लिए आज का दिन भी उतारचढ़ाव वाला ही रहेगा। आस-पास का वातावरण आपको ना चाहते हुए भी क्रोध करने पर मजबूर करेगा।

सिंहः आज का दिन आपको विजय दिलाने वाला रहेगा परन्तु सम्बन्धो को लेकर आपकी लापरवाही स्नेही जनों से दूरी बनायेगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए धन लाभ कराने वाला रहेगा। आज आपको जिस कार्य मे हानि की संभावना रहेगी उससे भी अकस्मात धन लाभ प्राप्त करेंगे।

तुलाः आज दिन के आरम्भ से ही आप महत्त्वपूर्ण कार्यो के सहज सफल होने से उत्साहित रहेंगे। परिवार के सदस्य से शुभ समाचार मिलने पर उत्साह में और वृद्धि होगी।

वृश्चिकः आपका आज का दिन भी संघर्षमय रहेगा। मध्यान तक लगभग सभी कार्य अव्यवस्थित रहेंगे जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे उसमे कोई ना कोई उलझन पड़ेगी।

धनु : आज के दिन आपको अकस्मात धन की प्राप्ति होगी। पारिवारिक संबंध आपकी उन्नति में सहायक बनेंगे।

मकर : आज के दिन आपको अकस्मात हानि का सामना करना पड़ेगा। जिस भी कार्य को आरम्भ करेंगे उस मे किसी अन्य के कारण विलम्ब होगा।

कुंभ : आज के दिन घर-परिवार एवं सार्वजनिक क्षेत्र पर आपकी सम्मानजनक स्थिति बनेगी।

मीन : आज का दिन अधिक भाग-दौड़ वाला रहेगा। आज आपको कोई नापसंद कार्य भी मजबूरी में करना पड़ेगा।

कहानी

लालची लकड़हारा

सोहनपुर गाँव में रामलाल नाम का एक लकड़हारा रहता था। वो अपनी जीविका चलाने के लिए गाँव के पास के ही जंगल से रोज़ लकड़ियाँ चुनता और उन्हें बेचकर कुछ पैसे कमा लेता था। इसी तरह उसका गुज़ारा चल रहा था।

कुछ दिनों के बाद रामलाल की शादी हो गई। उसकी पत्नी बड़ी खर्चीली थी। इसलिए, अब उतनी लकड़ियों को बेचकर घर चलाना मुश्किल हो गया था। ऊपर से रामलाल की पत्नी कभी नए कपड़े ख़रीदने के लिए, तो कभी किसी दूसरी चीज़ों के लिए रामलाल से बार-बार पैसे माँगती थी। अगर पैसे न मिलें, तो रूठ जाती।

रामलाल अपनी पत्नी से बहुत प्यार करता था, इसलिए उसकी नाराज़गी वो बर्दाश्त नहीं कर पाता था। रामलाल ने ठान लिया कि वो अब ज़्यादा लकड़ियाँ इकट्ठा करके बेचेगा, ताकि उसकी पत्नी को रोज़-रोज़ पैसों की कमी न हो।

पत्नी की इच्छा पूरी करने के लिए आज रामलाल घने जंगल तक चला गया और बहुत सारी लकड़ियाँ चुनकर बाज़ार में बेच दीं। ज़्यादा लकड़ियों के ज़्यादा पैसे मिले, तो खुश होकर रामलाल ने सारे पैसे अपनी पत्नी को दे दिए। अब रोज़ रामलाल ऐसा ही करने लगा। देखते-ही-देखते उसके मन में लालच इतना बढ़ गया कि उसने धीरे-धीरे पेड़ काटना भी शुरू कर दिया। पेड़ काटने से और ज़्यादा लकड़ियाँ हो जाती थीं और उसे अधिक दाम मिलने लगे। लकड़हारा

हर हफ़्ते एक पेड़ काटता और लकड़ियाँ बेचकर मिलने वाले पैसों से अपनी पत्नी के शौक पूरे करता। अब पैसे ज़्यादा आ रहे थे, तो घर भी अच्छे से चल रहा था। धीरे-धीरे रामलाल ने पैसों को जुए में लगाना शुरू कर दिया। जुआ खेलने की लत ऐसी लगी कि रामलाल एक मोटी रक़म इसमें हार गया। अब इस रक़म को चुकाने के लिए रामलाल ने एक-दो मोटे-मोटे पेड़ काटने का फ़ैसला लिया। जैसे ही रामलाल ने जंगल में जाकर अपनी कुल्हाड़ी को एक बड़े से पेड़ पर चलाने की कोशिश की, तो उसपर पेड़ की टहनी ने हमला कर दिया। रामलाल चौंक गया। फिर उसे पेड़ की एक टहनी ने लपेट लिया। रामलाल कुछ समझ नहीं पाया कि यह सब क्या हो रहा है। तभी पेड़ से आवाज़ आई। मूर्ख, तू अपने लालच के चक्कर में मुझे काट रहा है। तू सारे पैसे जुए में लुटा देता है और फिर पैसे लौटाने के लिए पेड़ काटने आ जाता है।

तुझे पता है कि पेड़ कितने कीमती होते हैं। हमारे अंदर भी जान बसती है और हम तुम इंसानों को जीने के लिए हवा, धूप में छाया, और भूख को शांत करने के लिए फल देते हैं। लेकिन, तू अपने स्वार्थ के लिए हमें ही काट रहा है। पेड़ ने कहा, आज तू रूक, यही कुल्हाड़ी मैं अब तेरे ऊपर चलाऊँगी।

पेड़ की टहनी कुल्हाड़ी से रामलाल पर वार करने ही वाली थी कि वह गिड़गिड़ाने लगा। उसने माफ़ी माँगते हुए कहा, ÷मुझसे गलती हुई है, लेकिन मुझे सुधरने का एक मौका दो। अगर आप मुझे मार दोगे, तो मेरी पत्नी का क्या होगा? वो अकेली पड़ जाएगी। आज से मैं किसी पेड़ को नहीं काटूँगा, यह प्रण लेता हूँ।

जिला शिक्षा अधिकारी ने ली प्राचार्यों की बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर द्वारा भारतीय सेना में अग्निवीर पंजीयन के संबंध में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्यों की बैठक ली गई। बैठक में व्ही के केडिया, उप संचालक रोजगार, संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़, पुरुषोत्तम चंद्रा, भूतपूर्व सैनिक/पैरा कमांडो, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, बिलासपुर और रामेश्वर जायसवाल, सहायक समन्वयक /कार्यक्रम अधिकारी , शिक्षा विभाग, बिलासपुर और जिला रोजगार अधिकारी अमर चंद पहारे उपस्थित रहे। बैठक में सभी स्कूलों के प्राचार्यों को भारतीय थल सेना अग्निवीर के लिए पंजीयन प्रक्रिया और भर्ती प्रक्रिया के संबंध विस्तृत जानकारी दी गई।बैठक में बिलासपुर के अधिक से अधिक छात्रों को प्रेरित कर ऑनलाईन पंजीयन करवाने के लिए कहा गया। बैठक में सभी प्राचार्यों को थल सेना के संबंध में आवश्यक पाम्पलेट एवं ब्रोशर उपलब्ध कराया गया।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक व साथी घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक बाइक को सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक व उसके दोस्त को चोट लगी। सरकंडा थाना क्षेत्र में हुई इस दुर्घटना की पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। सीपत थाना क्षेत्र ग्राम नवाडीह निवासी राकेश सिंह पटेल पिता नोहर सिंह (24)बाइक सीजी-10-एजेड 9203 पर दोस्त हिंमाशु लहरे के साथ निजी काम से बिलासपुर आ रहा था। शाम 7 बजे दोनों नगोई हनुमान मंदिर मेनरोड में पहुंचे । तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सीजी 10वी 1770 ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक से गिर पड़े और उन्हें चोंट लगी। बाइक सवारों ने उन्हें सिम्स पहुंचाया। दोनों घायलों का यहां प्राथमिक इलाज हुआ। इसके बाद राकेश ने हिमांशु लहरे को घुरू अमेरी लेजाकर रिश्तेदार के घर छोड़ा और रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आया।

सिम्स चौकी के सामने से स्कूटी चोरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स पुलिस चौकी के सामने से महिला सफाई कर्मचारी की स्कूटी पार हो गई। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सरकंडा अशोक नगर की सुनीता पति स्व. अशोक सोनी (45) सिम्स में सफाई कर्मचारी है। 7 मार्च की रात 10 से सुबह 4 बजे तक उसकी सिम्स में ड्यूटी थी। रात करीब 10 बजे डयूटी सिम्स पहुंची तो उसने अपनी एक्टिवा सीजी10 वी 9145 सिम्स पुलिस चौकी के सामने लॉक करके खड़ी कर दी। ड्यूटी खत्म होने पर शुक्रवार 8 मार्च की सुबह 4 बजे अस्पताल से बाहर निकली, तो चौकी के सामने से उसकी स्कूटी गायब थी। कोई उसे चोरी कर ले गया था। स्कूटी की डिक्की में दो आधारकार्ड, एक पेनकार्ड, पंजाब नेशनल बैंक का पासबुक और ग्रामीण बैंक का पासबुक था। सफाईकर्मी की रिपोर्ट पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

बिजली व्यवस्था में खर्च होंगे एक करोड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक के अनुशंसा पर बिल्हा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्रामीण आंतरिक विद्युतीकरण योजना व मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना 1 करोड़ के विकास कार्यों स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री ग्रामीण आंतरिक विद्युतीकरण योजना के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों मे 25 लाख रुपए कार्य स्वीकृत हुए हैं। ग्राम धमनी विद्युत विस्तार कार्य प्राथमिक शाला में 2.50 लाख, ग्राम हरदीकला ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कार्य स्कूल में 2.50 लाख इसके अलावा लिमतरी में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कार्य, जोता में विद्युत विस्तार कार्य, मदकू विद्युत विस्तार कार्य, देवाकर विद्युत विस्तार बदरा ब में पोल शिफ्टिंग, बदरा ठ में पोल शिफ्टिंग समेत अन्य गांवों में विकास के लिए ढाई-ढाई लाख की मंजूरी मिली है। मुंडा देवरी शासकीय प्राथमिक शाला के भवन निर्माण 10 लाख, छिंदभोग शासकीय प्राथमिक शाला भवन निर्माण 10 लाख, ग्राम खपरी सामुदायिक भवन 5 लाख, ग्राम सकेरी मे छत युक्त चबूतरा निर्माण 2 लाख, बरतोरी मे यादव समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख, हिर्री में सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख , निपनिया में अनुसूचित जाति हेतु सामुदायिक भवन 6.50 लाख, चोरहाभैना मे सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख, घोघरा में सीसी रोड निर्माण 10 लाख की मंजूरी मिली है।

छोटे भाई ने की चोरी, बड़े ने जेवरों कों ठिकाने लगाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। 6 माह पहले तोरवा क्षेत्र में हुई 6 लाख की चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। इलाके का शातिर चोर छोटू उर्फ बंबइया ने इस वारदात को अंजाम दिया था। दूसरे मामले में वह जेल में है। चोरी के जेवरों को उसने गमले में छिपा दिया था। बड़ा भाई उससे मिलने जेल गया, तो उसे बताया। इसके बाद बड़े भाई ने जेवरों को वहां से निकालकर मणप्पुरम गोल्ड लोन कंपनी में जाकर ठिकाने लगाया। यहां पत्नी को बीमार बताकर जेवरों को गिरवी रखा। पुलिस ने शातिर चोर के बड़े भाई को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया है। घटना 9 सितंबर को हुई थी। तोरवा निवासी गौरव मिश्रा पिता स्व. अरुण कुमार के घर से चोर सोने का मंगलसूत्र, सोने का कंगन, सोने की चेन व चांदी के जेवर सहित करीब 6 लाख रुपए का माल ले गया था। यह केस 6 माह से पेडिंग था। एसपी रजनेश सिंह ने इसे हल करने के निर्देश दिए। पुलिस जुटी हुई थी। इसी बीच एसीसीयू की टीम को सूचना मिली कि अटल आवास देवरीखुर्द निवासी शातिर चोर छोटू काफी समय से फरार है और उसका बड़ा भाई भीम कुमार साहू ने मणप्पुरम गोल्ड फाइनेंस कंपनी में सोने के जेवर रखकर गोल्ड लोन लिया

आपसी कलह में भाई ने की बड़े भाई की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

माता-पिता की मौजूदगी में वारदात, पुलिस सूचना के बाद भी देर से पहुंची

बिलासपुर/नवप्रदेश। घरेलू लड़ाई झगड़ में छोटे भाई ने टंगिया से हमला कर अपने बड़े भाई की हत्याकर दी। घटना के समय मृतक की पत्नी,बच्चे और मां बाप भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि घटना के कुछ समय पहले स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया..लेकिन हमेशा की तरह ना तो पुलिस मौके पर पहुंची और ना ही डायल 112 ही पहुंचा। घटना सकरी थाना क्षेत्र स्थित अटल आवस की है। बताया जा रहा है कि बीती रात्रि अटल आवास में रहने वाले दो भाइयों के बीच झगडा हुआ। छोटा भाई मनमोहन बंजारे आटो चलाने का काम करता है। बड़ा भाई मूलचन्द भी रोजी मजदूरी कर परिवार पालता है। देर रात्रि शराब के नशे में बड़े भाई मुलचन्द बंजारे और छेटा भाई मनमहोन बंजारे के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान दोनो भाइयों के मां बाप के अलावा मृतक मूलचन्द की पत्नी भी मौजूद थी। जानकारी मिल रही है कि झगड़ा देर रात्रि से शुरू होकर आज यानी रविवार तक चला। इसी दौरान आवेश में छोटा भाई आटो चालक मनमोहन ने अपने बड़े भाई पर टंगिया और बांस से हमला कर दिया। करीब साढ़े दस बजे के आसपास आरोपी मनमोहन के औचक हमले से बड़ा भाई मूलचन्द जमीन पर गिर गया। क्रोध में आरोपी मनमोहन टंगिया से बड़े भाई के सिर पर हमला करता रहा। और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

लोगों ने बताया कि घटना के कुछ घंटे पहले झगड़ा की जानकारी थाने को दी गयी। लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा। हत्या की जानकारी के बाद पुलिस पहुंच गीय। लोगों में आक्रोश है कि यदि समय पर पुलिस पहुंच जाती तो शायद मूलचन्द आज हमारे बीच में होता। हत्या के समय परिवार के सभी लोग मौजूद थे। लेकिन हैवानियत का नजारा देखकर कोई झगड़ा छुड़ाने नहीं गया। देर से ही सही पुलिस मौके पर पहुंची..लेकिन मूलचन्द की मौत हो चुकी थी। आसपास के लोगों ने बताया कि मूलचन्द के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। खबर लिखे जाने तक जानकारी मिल रही है कि मृतक की पत्नी की हालत भी नाजुक है। फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

एनीकट में बुलेट के साथ रस्सी से बंधी हुई प्यून की लाश मिली

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी क्षेत्र में लीलागर नदी में बने एनीकट में शिक्षा विभाग के प्यून की लाश मिली है। बुलेट के साथ उसके पैर रस्सी में बंधे हुए थे। इसी आधार पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। इधर, पुलिस इसे हादसा या खुदकुशी मान रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने और दम घुटने से मौत का होना बताया गया है। मस्तूरी निवासी अमन मिरी (29) शिक्षा विभाग में चपरासी था। उसकी पदस्थापना लावर स्कूल में थी। शुक्रवार को महाशिवरात्रि की छुट्टी थी। इस कारण वह सुबह घर से घूमने के लिए निकला था। दोपहर में आया, फिर बुलेट लेकर चला गया। शाम 5 बजे मस्तूरी से कुछ ही दूरी पर स्थित देवगांव में लीलागर नदी पर बने एनीकट में लोगों ने उसका शव देखा।

अमन का पैर बुलेट से बंधा हुआ था। लोगों ने उसकी पहचान की और पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण पानी में दम घुटने से बताया गया है। अमन के सा?थियों से पूछताछ चल रही है। परिजनों ने कहा- अमन की हत्या हुई है, पुलिस उसी एंगल से जांच करेपरिवार के लोगों का कहना है कि अमन की हत्या की गई है। जिस परिस्थितियों में लाश मिली है, उससे हत्या का ही अंदेशा है। उसका शरीर गाड़ी से बंधा हुआ था। पुलिस को हत्या का केस दर्ज कर जांच करनी चाहिए।

पुलिस इस मामले को हत्या नहीं मान रही है। टीआई का कहना है कि अमन के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, न ही पीएम रिपोर्ट में ऐसा कुछ आया है। इसलिए यह हत्या का मामला नहीं हो सकता। पुलिस का मानना है कि नदी में गिरते समय ?उसकी गाड़ी रस्सी से फंस गई होगी। या फिर वह शरीर पर जानबूझकर रस्सी लपेटकर गाड़ी के साथ नदी में खुदकुशी करने के इरादे से कूदा हो। अमन आंध्रप्रदेश पढ़ने गया था। यहां अल्लू अर्जुन के ऑर्ट कॉलेज में उसने एनिमेशन का कोर्स किया। यहां छत्तीसगढ़ से केवल दो लोगों का ही चयन हुआ था। इनमें से एक अमन मिरी भी था। बताया जा रहा है कि आंध्रप्रदेश में रहने के दौरान उसे ड्रग की लत लग गई थी। वहां से जब तीन साल बाद लौटा, तो उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इलाज चला तो कुछ हद तक ठीक भी हो गया। उसके पिता शिक्षक थे। उनकी आकस्मिक मौत के बाद अमन को उनकी जगह पर प्यून पद पर अनुकंपा नियुक्ति मिली थी।

सट्टा खेलते आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सांई मंदिर के सामने श्रीकांत वर्मा मार्ग एवं एटीएम चौक व्यापार विहार में सट्टा खेलते आरोपी चढे पुलिस के हत्थे । तारबहार पुलिस की कार्यवाही 02 आरोपियों से कुल 1480 रूपये जब्त किया। जुआ सट्टा पर कडी कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये थे, जिस पर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन उमेश गुप्ता (भा.पु.से) के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल के द्वारा टीम बनाकर थाना तारबहार क्षेत्र के साई मंदिर के सामने श्रीकांत वर्मा मार्ग एवं एटीएम चौक में सट्टा खेलाने की सूचना पर थाना तारबहार पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया कार्यवाही के दौरान 02 आरोपी 01. विजय वाधवानी उर्फ नारू पिता मुरलीधर वाधवानी उम्र 42 वर्ष निवासी भोजपुरी भवन के सामने ईमलीपारा सिविल लाईन बिलासपुर छ.ग. एवं विधि से संघर्षरत बालक को रूपये पैसे का हार जीत का सट्टा पट्टी लगाकर खेला पाये जाने पर आरोपियों से कुल 1480 रूपये एवं कागज में लिखा हुआ सट्टा पट्टी एवं दो पेन मुताबिक जप्ति पत्रक के जप्त कर जुआ एक्ट की कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है संपूर्ण कार्यवाही में थाना तारबहार के थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल अग्रवाल, प्रआर. अशोक नामदेव, किशोर वानी, आरक्षक प्रफुल लाल रूपलाल चंद्रा एवं प्रदीप जायसवाल का योगदान रहा ।

सीआईएसएफ अब आतंकवाद सहित किसी भी संकट का सामना करने सक्षम : मुनिराज

एनटीपीसी सीपत में स्थापना दिवस मनाया गया

सीपत/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत की सुरक्षा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने 10 मार्च को अपनी स्थापना का 55 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर उपकमांडेंट मुनिराज मीणा ने स्थापना दिवस परेड का निरीक्षण किया तथा निरीक्षक एके भास्कर के नेतृत्व में परेड का मार्चपास्ट किया गया। उपकमांडेंट मुनिराज मीणा ने उपस्थित बल सदस्यों को संबोधन कर बल की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 25 म?ई 2004 से सीआईएसएफ द्वारा एनटीपीसी सीपत को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। सीआईएसएफ केवल तीन बटालियनों की संख्या के साथ कुछ संवेदनशील सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को समेकित सुरक्षा कवर उपलब्ध करवाने के लिए 1969 में अस्तित्व में आया। तब से यह बल, प्रमुख बहुकुशल संगठन के रूप में विकसित हुआ है जिसकी वर्तमान नफरी 177075 कार्मिकों की है। फिलहाल केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल देशभर में 358 प्रतिष्ठानों को सुरक्षा कवर उपलब्ध करवा रहा है। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का अपना अग्नि स्कंध है जो उपरोक्त में से 114 अधिष्ठानों को सेवाएं प्रदान करता है। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सुरक्षा कवच में आणविक प्रतिष्ठान अंतरिक्ष अधिष्ठान हवाई अड्डे बंदरगाहे ऊर्जा संयंत्र आदि सहित देश की अति संवेदनशील अवसंरचनात्मक संबंधी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल महत्वपूर्ण सरकारी भवनों प्रतिष्ठित विरासत स्मारकों और दिल्ली मेट्रो को संरक्षण प्रदान करता है। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के पास एक विशिष्ट वीआईपी सुरक्षा है जो महत्वूपर्ण व्यक्तियों को चैबीस घंटे सुरक्षा उपलब्ध करवाता है। नवंबर, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के पश्चात, निजी कारपोरेट प्रतिष्ठानों को सुरक्षा कवर उपलब्ध करवाने के लिए सीआईएसएफ के अधिदेश का विस्तार किया गया। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल निजी एककों को सुरक्षा परामर्शी सेवाएं भी प्रदान करता है और इसकी सेवाओं की काफी मांग रहती है। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने अपने कार्मिकों की व्यावसायिक क्षमता के साथ-साथ सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के मामले में अत्यधिक उच्च मानक स्थापित किए हैं।

लोस चुनाव के लिए कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहे, पराजित सेनापति और सेना को उतारा है : कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की जारी हुए सूची पर कसा तंज। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की जारी हुए सूची पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि कहा है कि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। इसलिए पराजित हुए सेनापति और सेना को चुनावी मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करके चुनाव से पहले ही अपनी हार को स्वीकार कर लिया है। इन्हें जनता पहले ही नकार चुकी है। इस समय प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार जिस तरह मोदी जी की गारंटी को पूरा कर रही है, उसका लाभ लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगा। कांग्रेस के किसी भी नेता का कोई जनाधार नहीं रह गया है. प्रदेश की सभी 11 सीट जीतकर हम छत्तीसगढ़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा दिए गए लक्ष्य में अपनी सहभागिता देंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारा जवाब दिया था, ठीक इसी प्रकार लोकसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी। श्री कौशिक ने कहा कि कांग्रेस ने अपने हार का संकेत इस सूची से दिया है।

केरल से आए दल ने ताला गांव का किया भ्रमण

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) में केरल राज्य के 50 विद्यार्थी एवं पांच नोडल अधिकारी शिक्षकों के साथ युवा संगम कार्यक्रम के चौथे चरण के अंतर्गत पांच दिवसीय भ्रमण पर आए दल ने शनिवार 9 मार्च 2024 को मदकूद्वीप और ताला गांव स्थित देवरानी-जेठानी मंदिर तथा पुरातात्विक धरोहरों का भ्रमण किया।

गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के समन्वयक प्रोफेसर राजेन्द्र मेहता के नेतृत्व में केरल से आए विद्यार्थियों एवं नोडल अधिकारियों के दल ने प्रातः 10 बजे मदकूदीप का भ्रमण किया। मदकूद्वीप पहुंच कर दल के सदस्यों ने वहां स्थित धार्मिक एवं पुरा स्थलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ के पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा।छात्र-छात्राओं ने आस-पास के स्थलों को भी देखा व जाना। तत्पश्चात, केरल से आए दल ने ताला गांव का भ्रमण किया। यहाँ पर दल के सदस्यों ने देवरानी-जेठानी के मंदिर का दर्शन किया। यहां पर उन्होंने पौराणिक एवं पुरातात्विक महत्व के मंदिर और अवशेषों को देखा। इस मौके पर छात्रों ने छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के साथ-साथ सामाजिक व्यवस्था को जाना एवं समझा। साथ ही प्राकृतिक छटा का आनंद उठाया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने एवं युवाओं को देश की समृद्ध वैभवशाली एवं गौरवशाली परंपराओं से अवगत कराने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवा संगम कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।इसी के तहत युवा संगम कार्यक्रम के चौथे चरण में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ को भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोझीकोड केरल साथ युग्म किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं में दोनों राज्यों के प्रति आपसी सामंजस्य एवं समझ को बढ़ाना अहम है। युवाओं में पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी एवं परस्पर संपर्क को विकसित करना तथा युवाओं में कला व संस्कृति, तकनीक, नवाचार एवं उद्यमिता, खेल, पर्यावरण संरक्षण, वाणिज्य, व्यापार एवं प्रबंधन के विषय की जानकारी देना भी शामिल है। इस दौरान प्रोफेसर ए.के. दीक्षित, डॉ मुरली,डॉ वी.एन. त्रिपाठी एवं डॉ शालिनी मेनन उपस्थित रहे।

आज हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही महिलाएं-नूरी

सीपत/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा सीपत के सामुदायिक भवन में महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला पंचायत सदस्य नूरी दिलेंद्र कौशिल ने कहा कि प्राचीन काल से ही हमारे देश में स्त्री सम्मानित रही है जिसका प्रमाण हमे शास्त्रों में भी मिलता है हमारे शास्त्रों में लिखा हुआ है यत्र नारियस्त पूज्यांते रमंते तत्र देवतः । लेकिन बाद में जब हमारे देश में विदेशी आक्रमण हुए तो स्त्रियों की स्थिति बिगड़ती गई लेकिन देश की आज़ादी के बाद फिर से स्त्रियों की स्थिति में सुधार हुआ है आज हमारे देश की महिला हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है चाहे विज्ञान का क्षेत्र हो चाहे देश की सीमा की सुरक्षा की बात हो चाहे अंतरिक्ष के क्षेत्र की बात करे चाहे चिकित्सा क्षेत्र की बात करे चाहे युद्धक विमान उड़ाने की बात करे चाहे विश्व के सर्वोच शिखर पर पताका फहराने कि बात करे हर क्षेत्र में हमारे देश की महिलायें अपने सफलता जा परचम लहरा रही है ।

हम सब के लिये गर्व का विषय है कि आज हमारे देश के सर्वोच पद पर भी एक महिला विराजमान है श्रीमती द्रौपदी मूर्मू भारत के इतिहास की सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति है। भाजपा नेता दिलेंद्र कौशिल ने कहा कि जर्मनी एक संस्थान में काम करने वाली महिलाओं ने पुरुषों के बराबर वेतन के लिए एक आंदोलन किया था जिसका परिणाम आठ मार्च के दिन ही आया था इसलिए आज के दिन को विश्व महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है उन्होंने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के ज़िला कार्यक्रम अधिकारी अजीत वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर और सक्षम बन रही है। अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु संकल्पित हो। कोनी आरसीटी प्रशिक्षण केंद्र से दीप्ति मण्डल ने कहा अधिक से अधिक महिलायें प्रशिक्षित हो और आत्मनिर्भर बन कर अपने परिवार तथा समाज के विकास में सहभागी बनने आह्वान किया। इस दौरान प्रमुख रूप से बबीता पाटनवार बृहस्पति उईके सी आर पी नागेश्वरी बंजारे अंजना उषा मांडवी पाटनवार ललिता साहू सुनीता पाटनवार रमेंद्र उईके रामकुंअर ज्योति कुंभकार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

सुविधा 12 को महानगरों से जुड़ जाएगा बिलासा एयरपोर्ट, सुबह 8 बजे चकरभाठा विमानतल परिसर में होगा कार्यक्रम

दिल्ली से आने वाली फ्लाइट का होगा स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। 12 मार्च का दिन बिलासा एयरपोर्ट प्रबंधन के साथ ही अंचलवासियों के लिए खास बनने जा रहा है। इस दिन महानगरों के नक्शे से एयरपोर्ट जुड़ जाएगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बिलासपुर से दिल्ली और बिलासपुर से कोलकाता के लिए सीधी विमान सेवा प्रारंभ करने की घोषणा कर दी है। इसका विधिवत शुभारंभ 12 मार्च को सुबह आठ बजे होगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा घोषणा के साथ ही दिल्ली और कोलकाता के लिए टिकट की बुकिंग भी प्रारंभ हो गई है। शुभारंभ के दिन सुबह आठ बजे दिल्ली से फ्लाइट आएगी। विमानतल पर फ्लाइट के आने के बाद परंपरागत अंदाज में वाटर केनन से स्वागत होगा। कार्यक्रम के बाद दिल्ली जाने वाले यात्रियों को लेकर फ्लाइट उड़ान भरेगी। बिलासा एयरपोर्ट में विमान सेवा प्रारंभ होने को लेकर तैयारी भी प्रारंभ हो गई है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दिल्ली से और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर से वर्चुअल जुड़ेंगे। एयरपोर्ट परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भाजपा के स्थानीय नेताओं की मौजूदगी भी नजर आएगी। चर्चा इस बात की है कि 12 मार्च के बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर कभी भी घोषणा कर सकती है। चुनाव की घोषणा होते ही देशभर में आचार संहिता प्रभावशील हो जाएगी। यही कारण है कि 12 मार्च को दिल्ली और कोलकाता सीधी विमान सेवा की औपचारिक घोषणा के साथ ही शुरुआत हो जाएगी। 15 मार्च से बिलासपुर से दिल्ली और बिलासपुर से कोलकाता सीधी विमान सेवा नियमित रूप से प्रारंभ हो जाएगी। तब आचार संहिता का रोड़ा भी नहीं रहेगा। 12 मार्च को दिल्ली और कोलकाता जाने वाले यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग प्रारंभ कर दी गई है। बिलासपुर दिल्ली के लिए 2,498 रुपये और बिलासपुर से कोलकाता के लिए 1,998 रुपये तय किया गया है।

हाई कोर्ट के फैसले से 30 साल बाद भू-विस्थापित को मिलेगी नौकरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भूमि अधिग्रहण के बाद भी भूस्वामी के आश्रितों को मुआवजा तो दे दिया गया लेकिन शर्तों के अनुसार नौकरी नहीं दी गई। इस मामले में सुनवाई हुई तो हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया। दरअसल बिजुरी के भालुगोडार में 1994 में यहां के रहवासी ललुआ धनवारी 2.11 डिसमिल जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहित कर ली थी। प्रक्रिया के अनुसार जमीन का मुआवजा व भूस्वामी के आश्रित को नौकरी दिया जाना था। इसके बाद याचिकाकर्ता रामजी धनवार को तत्कालीन एसडीएम के द्वारा ललुआ धनवार का वैध आश्रित प्रमाणित करते हुए रोजगार दिए जाने का अनुमोदन किया गया। इसके बावजूद याचिकाकर्ता को एसईसीएल प्रबंधन ने नौकरी नहीं दी। इस पर रामजी धनवार ने अधिवक्ता राजेश रोशन सिंह के जरिए हाई कोर्ट में 2014 को रिट याचिका दायर की। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस रजनी दुबे की बेंच ने एसईसीएल को निर्देशित किया की याचिकाकर्ता आश्रित को रोजगार प्रदान किया जाए।

खाते में पैसे डलते ही महिलाओं के चेहरे खिले

हतारी वंदन योजना से प्रदेश की सत्तर लाख महिलाएं लाभान्वित हुई। उनके खातों में पीएम मोदी के बटन दबाते ही राशि ट्रांसफर हो जाएगी। इस योजना की लाभार्थी माताओं और बहनों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

- **सांसद मंडावी व विधायक आशा नेताम रहे मौजूद**

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत रविवार 10 मार्च को महिला हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि अंतरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने वर्चुअली आयोजित समारोह के दौरान आज दोपहर 02 बजे बटन दबाकर राशि का अंतरण किया। इसके तहत जिले की 01 लाख 85 हजार 049 पात्र महिलाओं के खातों में 18.50 करोड़ रूपए से अधिक की राशि अंतरित की जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी तथा विधायक कांकेर आशाराम नेताम उपस्थित थे।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो गारंटी दी थी, उसे पूर्ण करते हुए महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया और आज 70 लाख 12 हजार 600 महिलाओं के बैंक खातों में पहली किश्त की राशि का अंतरण किया है। यत्र नार्यस्तु पुज्यन्ते रमंते तत्र देवता... नारी शक्ति-स्वरूपा हैं, राष्ट्र की निर्माता हैं, और उनका योगदान अनमोल है। उन्होंने प्रदेशभर की 70 लाख से अधिक महिलाओं को योजना का लाभ लेने के लिए आभार प्रकट किया। सांसद एवं विधायक ने किया महिलाओं को संबोधित

जिला पंचायत के सभाकक्ष में महतारी वंदन योजना के तहत राशि वितरण हेतु आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उपस्थित सांसद मोहन मंडावी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जहां नारियों की पूजा होती है, वहॉं देवताओं का वास होता है। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, जिपं सीईओ सुमित अग्रवाल, एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के चंद्राकर एवं काफी संख्या में हितग्राही महिलाएं मौजूद थी।

54900 महिलाओं के खातों में 5 करोड़ 49 लाख का अंतरण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 10 मार्च को जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, नगरीय निकाय क्षेत्रों में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएम ने वर्चुअल जुड़कर लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना के तहत जिले की 54 हजार 900 महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किश्त का अंतरण किया गया । जिसमें अंतरण की राशि 5 करोड़ 49 लाख रुपए सीधे उनके खाते में हस्तांतरित की गई। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्थानीय विधायक चैतराम अटामी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वारंजन, एसडीएम जयंत नाहटा और अन्य अधिकारी शामिल हुए ।

आक्शन हाल में हुआ कार्यक्रम 1 लाख 84 हजार महिलाओं के खातों में राशि

गरियाबंद/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से महतारी वंदन योजना की पहली किश्त की राशि का ऑनलाइन अंतरण किया। इससे जिले की 1 लाख 84 हजार महिलाएं लाभान्वित हुई। जिला स्तरीय कार्यक्रम वन विभाग गरियाबंद के ऑक्शन हॉल में आयोजित किए गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक भवन राजिम, सांस्कृतिक भवन छुरा, सांस्कृतिक भवन मैनपुर, सांस्कृतिक भवन फिंगेश्वर, महिला सशक्तिकरण भवन देवभोग एवं गायत्री मंदिर परिसर पांडुका में महतारी वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत गरियाबंद की अध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक राजेश साहू, अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती रीता यादव, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम विशाल महाराणा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी अशोक पाण्डेय सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

बटन दबाते ही खाते में गई राशि

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। रविवार 10 मार्च को महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर महतारी वंदन योजना की शुरुआत की। इस योजना से जिले के 3 लाख 30 हजार 901 महिलाओं के खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से पहली किश्त एक हजार रुपये का अंतरण किया गया। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में सीएम साय ने बाल विवाह मुक्त छतीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया। बलौदाबाजार के नगर भवन में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

माताएं-बहनें सशक्त होती हैं तो पूरा परिवार सशक्त होता है: पीएम

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ मे मोदी की गारंटी में शामिल महतारी वंदन योजना को पूरा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तरप्रदेश के काशी धाम से वर्चुअल जुड़े।

उन्होंने बटन दबाकर महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना की राशि 700 करोड़ रुपए डीबीटी माध्यम से अंतरित की। कबीरधाम की 2 लाख 55 हजार 341 महिलाओं के खाते में 25 करोड़ 53 लाख 41 हजार रुपए पहली किश्त हस्तांतरित की गई। कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। ऑडिटोरियम में पीएम मोदी और सीएम साय वर्चुअल जुड़े। महतारी वंदन योजना सह महिला सम्मेलन कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुसाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी कैलाश चंद्रवंशी, जसविंदर बग्गा, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, रूपेश जैन, पार्षद उमंग पाण्डेय, रिंकेश वैष्णव, पवन जायसवाल, श्रीमती मधु तिवारी, श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी, श्रीमती शकुन जायसवाल कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, वन मंडलाधिकारी चुड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि भी वर्चुअल रूप से प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय को सुना।

हितग्राही श्रीमती ललिता, पिंकी, इंदिरा ने पीएम और सीएम का माना आभार

कांकेर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के तहत रविवार 10 मार्च पूरे प्रदेश में पात्र हितग्राहियों को राशि वितरण का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचीं हितग्राही श्रीमती इंदिरा रजक ने महतारी वंदन योजना के तहत राशि मिलने पर उत्साहित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया। इसी प्रकार शीतलापारा निवासी श्रीमती पिंकी निषाद और श्रीमती ललिता ने भी योजना के तहत आज राशि मिलने पर बहुत खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इस राशि से दैनिक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस प्रकार योजना के तहत जिले की सभी पात्र हितग्राहियों ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि मोदी की गारंटी लागू होने से हम सभी महिलाओं को कई योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ने में मदद मिल रही है।

महतारी वंदन सम्मेलन में 5000 महिला हुई शामिल

नगरी/नवप्रदेश। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम 10 मार्च को जनपद पंचायत नगरी के मंडी प्रांगण में संपन्न हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग व जनपद पंचायत नगरी द्वारा आयोजित महतारी वंदन योजना में 5000 महिलाएं सामिल हुईं। इसके मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री पिंकी शिवराज शाह, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, मण्डल प्रभारी रविशंकर दुबे, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, उपाध्यक्ष हुमित लिमजा, नगर पंचायत अध्यक्ष अराधना शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि कमल डागा, अकबर कश्यप, रामगोपाल साहू, सभापति सुलोचना साहू, श्यामन्त बिसेन, भुनेश्वरी धृतलहरे, हृदय साहू, राकेश चौबे, राजेश गोसाई, मनोहर मानिकपुरी, अजय यादव आदि थे। इस कार्यक्रम में तहसीलदार केतन भोयर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ए. के. ठाकुर, खंड शिक्षा अधिकारी के. आर. साहू, महिला बाल विकास योजना अधिकारी सोमेंद्र साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

मंजिल तक पहुंची जन सहयोग की मुहिम

- **समाजसेवी संस्था के प्रयास से फिर से महक उठी बगिया**
- **लोगों ने बदहाल चिल्ड्रन पार्क की साफ सफाई देख संस्था का किया साधुवाद तो बच्चों ने कहा पप्पू अंकल जिंदाबाद**

कांकेर/नवप्रदेश। शहर की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था जन सहयोग की एक और नेक मुहिम अब अपनी मंजिल के करीब है। यह कि पूर्व सैनिक सेवा परिषद, ने कलेक्टर बंगला के समक्ष स्थित चिल्ड्रन्स पार्क के उद्धार का जो संकल्प लिया था, वह अब पूर्ण हो गया है। अंतिम कार्य के स्पर्श के साथ ही अभी से पार्क में बच्चों का आना शुरू हो चुका है।

गार्डन में खेलते हुए बच्चों ने इस प्रतिनिधि को बताया कि पहले यहां इतनी घास फूस जंगली झाड़ियां थीं कि हम लोग आने से डरते थे, लेकिन अब पूरी तरह साफ़ सफ़ाई हो चुकी है जिसके चलते हम लोग खेलने आने लगे हैं। झाड़ियों के जंगल को हमारे समाजसेवी अंकल लोगों ने साफ़ सुथरा करके एक बार फिर बच्चों के पार्क के रूप में बदल दिया है। जन सहयोग को समर्थन एवं सहयोग देने वाली संस्था पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष कौशल सिन्हा ने कहा कि हम लोग घड़ी चौक स्थित इस पार्क के उद्धार हेतु महीने भर से लगे हुए थे और अब हमारा अभियान मंज़िल तक पहुंच चुका है।

डीएमएफ फंड से अनुमोदित विभिन्न कार्यों की स्वीकृति

कांकेर/नवप्रदेश। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत वर्ष 2023-24 की अतिरिक्त कार्ययोजना हेतु शासी परिषद से अनुमोदन पश्चात कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अन्तर्गत जिले के जनपद पंचायत अंतागढ़ के ग्राम पंचायत कढ़ाईखोदरा में राशि 13 लाख 04 हजार रुपए का सीसी सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के 04 ग्राम पंचायतों में सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण कार्य, 03 ग्राम पंचायतों में पुल-पुलिया निर्माण कार्य कुल राशि 01 करोड़ 3 लाख 84 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदाय की गई है। इसी तरह जनपद पंचायत चारामा के हायर सेकेण्डरी स्कूल पण्डरीपानी में सायकल स्टैण्ड निर्माण कार्य, 20 ग्राम पंचायतों में नाली एवं सी.सी.सड़क निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत आंवरी में 02 किचन शेड निर्माण कार्य कुल राशि 02 करोड़ 11 लाख 43 हजार रूपये की स्वीकृति, जनपद पंचायत दुर्गूकोन्दल के बांगाचार ग्राम पंचायत में 03 नग पुलिया निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्से में प्राथमिक/माध्यमिक शाला में किचन शेड निर्माण कार्य, ग्राम हाटकोन्दल में आंगनबाड़ी भवन सह अहाता निर्माण कार्य केन्द्र क्रमांक-02, ग्राम पंचायत भण्डारडिगी में उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण कार्य कुल राशि 49.66 लाख रूपये, जनपद पंचायत कांकेर 08 ग्राम पंचायतों में नाली एवं सी.सी.सड़क निर्माण कार्य, 04 ग्राम पंचायतों में टीना शेड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत पुसवाड़ा में पुलिया निर्माण कार्य, ग्राम कुरिष्टीकुर में उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण कार्य कुल राशि 01 करोड़ 74 लाख 16 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के 03 ग्रामों के प्राथमिक और माध्यमिक शाला भवनों में अहाता निर्माण कार्य, 11 ग्राम पंचायतों में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य, 05 ग्रामों में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 17 प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में नवीन किचन शेड निर्माण कार्य, 05 किचन शेड भवन मरम्मत कार्य, अतिरिक्त कक्ष निर्माण प्रा.शा. पानीडोबीर, बालक आश्रम पानीडोबीर शौचालय मरम्मत कार्य, पानीडोबीर बी.एस.एफ. कैम्प के सामने टिन शेड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत पानीडोबीर में बाजार शेड निर्माण कार्य 08 नग, 02 ग्राम में आंगनबाड़ी भवन सह आहाता निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत आलपरस में पुलिया निर्माण कार्य कुल राशि 02 करोड़ 27 लाख 43 हजार रूपये, जनपद पंचायत नरहरपुर के 11 ग्राम पंचायतों में नाली एवं सी.सी.सड़क निर्माण कार्य, 02 ग्राम पंचायतों में पुल-पुलिया निर्माण कार्य, ग्राम देवरीबालाजी में शेड एवं चबुतरा निर्माण कार्य कुल राशि 01 करोड़ 75 हजार 13 हजार रूपये इस प्रकार जनपद पंचायतों में कुल 9 करोड़ 88 लाख 32 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसी प्रकार बीएसएफ कैम्प पानीडोबीर में सुरक्षा की दृष्टिकोण से नाईट लैंडिंग हेलीपेड निर्माण, नाईट लैंडिंग लाईट सहित राशि 29.33 लाख रूपये, जिला निर्माण समिति कांकेर को 05 वृहद पुल निर्माण कार्य, 01 डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य राशि 11 करोड़ 78 लाख 42 हजार रूपये, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कांकेर को ग्राम पंचायत पानीडोबीर के चिलपरसपारा एवं खेतपारा में हैण्डपंप खनन कार्य तथा बीएसएफ कैम्प में नलकूप खनन कार्य सिंगल फेस पावर पंप स्थापना राशि 5.97200 लाख रूपये, जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर को जिले के प्राथमिक, हाई, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कार्यरत 380 अतिथि शिक्षकों का मानदेय भुगतान हेतु राशि 2 करोड़ 05 लाख 92 हजार रूपये, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के प्राथमिक शाला में नवीन किचन शेड निर्माण कार्य राशि 1.63 लाख एवं प्राथमिक शाला नरहरपुर में नवीन किचन शेड निर्माण कार्य राशि 1.63 लाख तथा बालक आश्रम में पखांजूर में नवीन किचन शेड निर्माण कार्य राशि 1.63 लाख रूपये, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नरहरपुर के प्रशिक्षणरत् बच्चों की समस्या को देखते हुए उन्हें अच्छी सुविधा एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कांकेर में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण दिलाये जाने नरहरपुर से कांकेर आने-जाने हेतु राशि 3.18420 लाख रुपए की स्वीकृति प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नरहरपुर को दी गई तथा ग्राम पंचायत कड़मे के आश्रित ग्राम एनहुर में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्युत ट्रांसफॉर्मर दूसरे जगह शिफ्टिंग किये जाने हेतु राशि 1.27 लाख रुपए कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, भानुप्रतापपुर को स्वीकृति दी गई है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

ये है मोदी की गारंटी और...

ट्रांसफर किए। पीएम मोदी ने वर्चुअली कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कल नमो ड्रोन योजना के तहत महिलाओं को सरकार ड्रोन भी देगी। मोदी ने आगे कहा कि, आप सबके खाते में अब हर महीने बगैर परेशानी के पैसा आता रहेगा, ये मेरा भरोसा है छत्तीसगढ़ की बीजेपी की सरकार पर। मैं गारंटी देता हूं। जब माताएं-बहने सशक्त होती हैं, तो पूरा परिवार सशक्त होता है। डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता माताओं-बहनों का कल्याण है। रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम समेत कई नेता मौजूद रहे।

पीएम नरेंद्र मोदी ने मां दंतेश्वरी, मां बमलेश्वरी और मां महामाया को प्रणाम करते हुए कहा कि, दो हफ्ते पहले मैने छत्तीसगढ़ में 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया था और आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली महतारी वंदन योजना को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माता-बहनों को हर महीने एक हजार रुपए देने का वायदा किया गया था। आज भाजपा ने अपना वादा पूरा किया है और इस योजना के तहत आज 655 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बोली- छत्तीसगढ़ के लिए आज का दिन ऐतिहासिक

महतारी वंदन योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि, आज महिलाओं के इंतजार की घड़ी खत्म हुई है। प्रदेश की लाखों महिलाओं की ओर से पीएम को बधाई। आज छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है और योजना के माध्यम से हर महीने एक हजार रुपये मिलेंगे। ये मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन है। महिलाएं ये राशि अपने और बच्चों के हित के लिए उपयोग कर सकेंगी। ये आर्थिक सहायता नहीं बल्कि महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव है।

बीजेपी जो कहती वो ...

दिया, बोनस का लाभ दिया, 31 सौ रुपये में धान खरीदी की, कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि का भुगतान भी जल्द होगा। आने वाले 5 सालों में जनकल्याणकारी इन कामों को आगे बढ़ाया जाएगा। मुझे भरोसा है कि, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ऐसे ही गारंटी पूरी करती रहेगी।

जहां नारी का सम्मान होता ...

आप शक्ति स्वरूपा है और आप ही राष्ट्र निर्माता हैं। आपका योगदान अनमोल है और यह महतारी वंदन योजना आपको छोटा सा अर्पण है।

टीएमसी ने 42 लोकसभा ...

फिल्म इंडस्ट्री के दो बड़े चेहरे रचना बनर्जी को हुगली और दीपक अधिकारी देव को घाटल से टिकट दिया है।

BJP से TMC में वापस आए अर्जुन सिंह का टिकट कटा

बैरकपुर से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने पर TMC नेता अर्जुन सिंह बीच में ही ममता का मंच छोड़ कर चले गए। 2019 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद अर्जुन ने भाजपा का दामन थाम लिया था। TMC के दिग्गज नेता दिनेश त्रिवेदी ने इन्हें बैरकपुर सीट से हराया था।

भारत बोला- यूएनएससी में ...

लोग बाहर समाधान ढूंढना शुरू कर देंगे।

हृस्ष्ट ओल्ड क्लब के जैसा हो गया है। हृस्ष्ट में शामिल कुछ सदस्य देश अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने देना चाहते हैं। क्लब के मेंबर नहीं चाहते कि उनके कामों पर कोई सवाल खड़ा करे। बिना किसी सुधार के संयुक्त राष्ट्र का प्रभाव कम होता जा रहा है।

भारत ने कहा था- कब तक 5 स्थायी सदस्यों की इच्छा 193 देशों पर हावी होती रहेगी

इससे पहले फरवरी में भी भारत ने हृस्ष्ट में परमानेंट सीट मिलने को लेकर सवाल उठाए थे। भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने कहा था- भारत के बिना दुनिया में सबको साथ लेकर चलना मुश्किल होगा।

भारत ने एफ्टा ब्लॉक के ...

श्री गोयल ने व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर होने के बाद मीडिया को बताया कि अगले 15 वर्षों में एफ्टा देशों से भारत में लगभग 100 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ्डीआई) होने वाला है, जिससे भारत में 10 लाख नौकरियां सृजित होंगी।

भारत और एफ्टा के बीच 9-10 महीने तक गहन बातचीत हुई जिसके बाद व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर हुआ है, हालांकि बातचीत पहली बार लगभग 16 वर्षों पहले शुरू हुई थी।

अमेरिका में 30 सालों में ...

काफी कम बताते हैं।

'LGBT+ Pride 2021 ग्लोबल' सर्वे की मानें तो देश के 3त्न लोग खुद को गे या लेस्बियन मानते हैं। इसके अलावा 09त्न लोग ऐसे हैं, जो पार्टनर के रूप में लड़का या लड़की किसी को भी चुन सकते हैं। यानी कि वे बाइसेक्शुअल हैं। जबकि 02त्न लोग असेक्सुअल हैं। यानी उनमें किसी तरह का सेक्शुअल ओरिएंटेशन नहीं है।

चर्च में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया

किरंदुल/नवप्रदेश। नगर के सबसे बड़े और पुराने कैथोलिक चर्च में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। समाज के सभी महिलाएं चर्च में एकत्रित हुए। जहां इनका स्वागत बच्चों द्वारा बड़े ही बेहतरीन अंदाज में सभी महिलाओं को गुलाब का फूल देकर किया गया। कैथोलिक चर्च के सभी सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम चर्च में प्रेयर किया गया। इसके बाद महिलाओं द्वारा चर्च परिसर में ही विभिन्न प्रकार के खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चर्च के फादर फिलिप अब्राहम ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बात सही है कि महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। परंतु यह कटु सत्य है कि आज भी कई जगह पर उन्हें असमानता एवं भेदभाव झेलना पड़ता है। शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर, रोजगार तक पुरुषों और महिलाओं के बीच एक गहरी खाई नजर आती है। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में हमारा यह कर्तव्य है कि यह महिलाओं की स्थिति समाज में बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत रहने का संकल्प लें। मारिया संघ के प्रमुख असनुता इक्का ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं एवं उनकी उपलब्धियां के प्रति सम्मान प्रकट कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही भेदभाव मिटा कर समानता के बीच उनके अधिकारों की बात की जाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

आज महतारी वंदन सम्मेलन

दुर्ग। महतारी वंदन योजना अंतर्गत महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम 10 मार्च को प्रातः 11 बजे कार्यक्रम स्थान-साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर में आयोजित है। जिसके लाईव प्रसारण हेतु निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्वामी विवेकानंद भवन पदमनाभपुर में आवश्यक व्यवस्था हेतु कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम के सफ्ल कियान्वयन के मोहेन्द्र साहू, उपायुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन से ऑनलाईन जुड़कर लोगों को सम्बोधित करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य समारोह में शामिल होंगे। कल महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिला हितग्राहियों के खाते में पहली बार राशि का अंतरण किया जाएगा।

ईलाज में 1.70 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत मेडिकल विशेषज्ञ कमेटी के माध्यम से निर्धारित पैकेज राशि नित्या साहू को शासन की ओर से 1 लाख 70 हजार 100 रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। ज्ञात हो कि दुर्ग जिले की कु. नित्या साहू पिता रामकृष्ण साहू जो गुलियन बैरो सिंड्रोम (जीबीएस) संबंधी रोग से पीड़ित है। जिनका इलाज न्युरान ब्रेन स्पाइन एवं क्रिटीकल केयर अस्पताल नागपुर में चल रहा है। डॉक्टर के अनुसार इलाज के लिए अनुमानित राशि से अधिक राशि की आवश्कता है। नित्या के परिजन गरीब परिवार से होने के कारण इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ है। उन्होंने नित्या की बिमारी की इलाज हेतु सहयोग के लिए कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किये थे।

रेलवे कर्मचारी की गिरफ्तारी

भिलाई। जिले के चरोदा में रहने वाले रेलवे कर्मचारी को पुलिस ने रेप के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शादी का वादा किसी और युवती से के जबकि शादी किसी और युवती से कर ली थी। शादी की रात ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामला पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने भिलाई थाने में रिपोर्ट लिखवाई कि युवक धरसींवा के शिव मंदिर में किसी दूसरी लड़की से शादी कर रहा है। पुलिस ने धरसींवा में आरोपी की तलाश की, तो पता चला कि आरोपी वहां से जा चुका है। फिर पुलिस ने आरोपी सेवक राम मिर्झा रायपुर के खरोरा का रहने वाला है घर पर देर रात दबिश दी और गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

कुम्हारी में शेड निर्माण के लिए पांच लाख की स्वीकृति

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए कुम्हारी अंतर्गत 01 कार्य के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद श्री विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुम्हारी सरस्वती शिशु मंदिर के पास शेड निर्माण के लिए 5 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

कांग्रेस ने दुर्ग लोकसभा से युवा चेहरा राजेन्द्र पर लगाया दांव

- भाजपा ने सांसद विजय बघेल को बनाया प्रत्याशी
- चुनाव में जाति समीकरण होगा निर्णायक

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कांग्रेस ने आखिरकार लोकसभा चुनाव के लिए टिकट की घोषणा कर दी है। जैसे कयास लगाए जा रहे थे, वैसे ही टिकट का बटवारा किए गए है। पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल को राजनांदगांव से प्रत्याशी बनाया गया है, लेकिन दो नामों ने बेहद चौका दिया है।

दुर्ग से सांसद रहे छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है, वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री युवा नेता राजेंद्र साहू को लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो अब यहां प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है।

भाजपा ने यहां से सांसद रहे विजय बघेल पर दूसरी बार भरोसा जताया है। जबकि कांग्रेस ने युवा नेता राजेंद्र साहू को मैदान में उतारा है। श्री साहू पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के करीबी समर्थकों में से एक है। लोकसभा के चुनाव में जाति समीकरण हमेशा निर्णायक रहा है।

विजय बघेल कूर्मि और राजेन्द्र साहू वर्ग से आते है। क्षेत्र में 20 फीसदी साहू और 15 फीसदी कूर्मि मतदाता है। दोनो दलों के प्रत्याशी व नेताओं का इस चुनाव में इस पर विशेष फोकस होगा। भाजपा-कांग्रेस द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा के बाद राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। चौक-चौराहों पर प्रत्याशियों को लेकर आंकलन भी शुरु हो गया है। विजय बघेल को भाजपा द्वारा दोबारा उम्मीदवार बनाए जाने से पार्टी में अंतर्कलह की बातें सामने आने लगी है। इसके अलावा उनका कोई बड़ा काम लोगों को लोकसभा क्षेत्र में नजर नहीं आ रहा है। लोग पहले से नाखुश थे। इस सीट पर कांग्रेस के युवा चेहरे राजेंद्र को प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई है। भाजपा से विजय

बघेल इस समय सांसद हैं। वे पिछली चुनाव में 391978 वोटों के बड़े अंतर से चुनाव जीते थे। उन्होंने कांग्रेस की प्रतिमा चंद्राकर को चुनाव हराया था। इस बार ऐसा माहौल बनते नजर नहीं आ रहा है। विजय को लेकर कार्यकर्ताओं में जहां पहले की तरह उत्साह नहीं है। वहीं आम जनता के बीच भी बघेल अपनी छवि बनाने में कमजोर साबित हुए हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें चुनाव घोषणा समिति का संयोजक बनाया था। विस चुनाव के जीत में श्री बघेल का अहम रोल रहा, लेकिन योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाएं लगातार दफ्तरों के चक्कर काट रहीं हैं। जिन महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा, वे सीधे भाजपा के खिलाफ खड़ी हो गई हैं। उनका मानना है कि ये कैसा मापदंड है, जिसमें कुछ महिलाओं को आर्थिक मदद दी जा रही, कुछ को छोड़ दिया जा रहा है। सांसद बघेल की पिछले पांच सालों में लोकसभा क्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि भी देखने को नहीं मिली है। कोई भी बड़े प्रोजेक्ट प्रभावी ढंग से दुर्ग में न शुरू हो पाए, न ही पुराने प्रोजेक्ट पर काम हो पाया। नेहरूनगर से कुम्हारी तक बनाए जा रहे चार फ्लाईओवर की लेटलतीफी किसी से छिपी नहीं है। घड़ी चौक सुपेला और कुम्हारी में बना फ्लाईओवर शुरू किया गया है, दोनों का निर्माण इतना घटिया रहा कि तीन महीने में ही सड़क उखड़ने लगी। भारतमाला परियोजना पिछले 5 सालों से लटकी हुई है। किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। वे लगातार प्रशासनिक महकमें के चक्कर काट रहे हैं। अब जाकर इसका काम शुरू हो पाया है। रेलवे से जुड़ी किसी भी सुविधा का विस्तार नहीं हो पाया। स्थिति जस के तस बनी हुई है। ऐसे में बघेल का जनाधार पहले की तरह नहीं रहा है। इधर विधानसभा चुनाव में 6 में से 4 सीट पर भाजपा ने जीत हासिल की है। इसमें भी प्रायः नए चेहरे ही चुनाव जीतकर आए हैं।

विवि के वार्षिक परीक्षा में पकड़ाए 12 नकलची

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं के दौरान विवि के विभिन्न अधिकारियों द्वारा सघन आकस्मिक निरीक्षण जारी है। अब तक विवि के अधिकारियों एवं विभिन्न परीक्षा केन्द्रों के वीक्षकों द्वारा 12 विद्यार्थियों के विरूद्ध अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र में नकल प्रकरण दर्ज किये गये है। इनमें 03 परीक्षार्थियों के पास मोबाईल तथा शेष 09 परीक्षार्थियों के पास विषय से संबंधित सामग्री पायी गई है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने बताया कि

इन सभी परीक्षार्थियों के विरूद्ध विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। श्री कुलदीप ने बताया कि वर्तमान में 01 मार्च से शुरू हुई वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत स्नातक स्तर की लगभग सभी कक्षाओं के हिन्दी भाषा एवं अंग्रेजी भाषा की परीक्षाएं सम्पन्न हो चुकी है। वार्षिक परीक्षाओं में इस वर्ष लगभग 1 लाख 38 हजार विद्यार्थी स्नातक एवं प्राइवेट स्नातकोत्तर परीक्षाओं में शामिल हो रहे है। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए 70 परीक्षा केन्द्र तथा प्रत्येक जिले में उत्तरपुस्तिका संग्रहण केन्द्र भी स्थापित किये गये है। इन सभी संग्रहण केन्द्रों से लगातार उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में पहुंच रही है।

कुलसचिव कुलदीप ने बताया कि विश्वविद्यालय की कुलपति के निर्देशानुसार आगे भी अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण जारी रहेगा। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से आग्रह किया कि वे परीक्षा के दौरान किसी भी अनुचित साधन का प्रयोग न करें।

करुणा ने विस अध्यक्ष को सौंपा प्रोजेक्ट

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छग की ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की मांग को लेकर गोपिका दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित दुर्ग द्वारा कार्ययोजना तैयार कर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को एक प्रोजेक्ट सौंपा गया है। समिति के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष करुणा यादव के नेतृत्व में डॉ. सिंह से मुलाकात की। उन्हें अवगत कराते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में श्वेत क्रांति लाने की जरुरत है। समिति ने एक प्रोजेक्ट तैयार किया है। प्रोजेक्ट करीब 1.64 करोड़ का है। श्रीमती यादव ने बताया कि पूर्व मंत्री हेमचंद यादव के संरक्षण में यह समिति गठित की गई थी। शिक्षित, बेरोजगार, गरीब यादव महिलाओं ने मिलकर समिति बनाई। संस्था का उद्देश्य आम जनता को शुद्ध दुग्ध सही दाम पर उपलब्ध कराना है। संसाधनों की अनुपलब्धता के कारण समिति सही तरीके से काम नहीं कर पा रही है। श्रीमती यादव ने सरकारी मदद की मांग की। उन्होंने बताया कि गोपिका दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति

मर्यादित दुर्ग संस्था में सर्वसमाज के शिक्षित बेरोजगार, गरीब महिलाएं शेयर खरीदकर अपने योग्यता के अनुरूप काम भी कर सकती है। एक शेयर मात्र 100 रूपये का है। संस्था का खुद का डबल स्टोरी गोपिका भवन बैगापारा शीतला स्टेडियम वार्ड 6 में है। उक्त भवन को दुग्ध, दही, मक्खन, घी विक्रय कर स्वयं के निधि से निर्माण करवाया गया है। प्रतिनिधि मंडल में संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती हिन्दसेना यादव, सचिव सुभद्रा साहू, सह-सचिव मंजू ठाकुर, कोषाध्यक्ष वर्षाऋतु यादव, सरिता, दीपाली, राधिका, भाग्यश्री सहित अन्य मौजूद थे।

इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का भूमिपूजन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है विधायक गजेंद्र यादव के पहल से इंडोर बैडमिंटन कोर्ट बनेगा। कैंपस के बेस में वुडन फ्लोर, तीन कोर्ट के साथ 50 लोगों के लिए गैलरी में सिटिंग एरिया होगा, जिसके लिए आज भूमिपूजन हुआ। इसी तरह कलेक्ट्रेट परिसर के शताब्दी गार्डन को खूबसूरती बढ़ाने लैंडस्केप करने यहां भी विधायक गजेंद्र ने भूमिपूजन किया। रविशंकर स्टेडियम के पास पहला इंडोर बैडमिंटन कोर्ट बनने जा रहा है, जिसके लिए विधायक, महापौर धीरज बाकलीवाल, कलेक्टर ऋचाप्रकाश चौधरी, एसपी जीतेन्द्र शुक्ला ने सुबह भूमिपूजन कर निर्माणी एजेंसी को समयसीमा में कार्य पूर्ण करने तथा गुणवत्ता को ध्यान में रखने निर्देश दिए। अतिथियों ने कहा की सभी को स्वस्थ और सेहतमंद के लिए खेल को अपनी दिनचर्या में शामिल जरूर करें। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट परिसर के शताब्दी गार्डन की लैंडस्केप करने भूमिपूजन हुआ। जिला कार्यालय व न्यायालय में आने नागरिकों को बैठने के आरामदायक जगह मिलेगी। डेढ़ करोड़ की लागत से लगभग 13500 स्क्वायर फिट पर बनने वाले इंडोर परिसर में एक साथ तीन बैडमिंटन कोर्ट रहेगा। दर्शक दीर्घा में 50 लोगों के बैठने के लिए सिटिंग एरिया होगा। वुडन फ्लोर के साथ एलईडी लाइटस होंगी जिससे सुबह व रात में भी बैडमिंटन खेल सकेंगे। इस दौरान पार्षद पुष्पा गुलाब वर्मा, देवनारायण चंद्राकर, शिवेंद्र परिहार, कांशीराम कोसरे, संदीप भाटिया, राहुल भट्ट, किशोर अहिरवार, अमृत लोढ़ा, विजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई के टीसूर्या बने अध्यक्ष

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के द्वैवार्षिक चुनाव प्रेस क्लब भवन सुपेला में संपन्न हुए। अध्यक्ष, महासचिव व उपाध्यक्ष सहित कुल 16 पदाधिकारियों को संवैधानिक पद्धति से चुना गया। टी सूर्याराव न्यू प्रेस क्लब ऑफ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने सीधी टक्कर में निलेश त्रिपाठी को पराजित किया। इसी प्रकार खिलावन सिंह चौहान महासचिव निर्वाचित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर जेएम तांडी विजेता बने। कुल 99 सदस्यों ने मतदान किया। अध्यक्ष, महासचिव व वरिष्ठ उपाध्यक्ष के अलावा कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव व 6 कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन हुआ। द्वैवार्षिक चुनाव कोषाध्यक्ष

के पद पर संतोष मिश्रा विजयी हुए। उन्होंने नजदीकी मुकाबले में अनुभूति भाकरे को पराजित किया। चुनाव में उपाध्यक्ष के दो पदों पर कोमल धनेसर व मोहन राव विजयी घोषित किए गए। इसके अलावा सचिव पद पर डीके साहू व रवाकर अल्वा विजयी हुए। सहसचिव के एक पद पर संतोष मलिक को विजय श्री मिली। इसके अलावा कार्यकारिणी के 6 पदों पर अजित सिंह भाटिया, अनिल पंडा, गौकरण निषाद(गणेश), रमजान, सुनील चौहान व जय प्रकाश आर्य विजयी हुए। न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। चुनाव संचालन के लिए 9 सदस्यों की तदर्थ कमेटी का गठन किया गया। निर्वाचन कमेटी में वरिष्ठ पत्रकार अरविंद सिंह, राजेन्द्र सोनबोईर, उमेश निवल, बीडी निजामी, प्रवीण शर्मा, अभय जवादे, कमल शर्मा, रमेश गुप्ता व मिथलेश ठाकुर शामिल रहे।

कल से दिव्यांगता आंकलन शिविर

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में निवासरत दिव्यांगजनों के सामाजिक प्रचालन एवं उनको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांगजनों की दिव्यांगता का आंकलन किया जा रहा है। जिसके लिए 11 मार्च से 25 अप्रैल तक जिले के विभिन्न स्थानों पर सुबह 10 बजे से शिविर आयोजित किए जाएंगे। 11 को स्वामी विवेकानंद सभागार पदमनाभपुर दुर्ग में, 14 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में, 20 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में, 21 को रिसाली भिलाई में शिविर लगेगा।

गौ हत्या पर अब शंकराचार्य की सड़क पर लड़ाई

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। गौ हत्या के विरोध में और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने को लेकर ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती '1008' महाराज अब सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। इस संकल्प को पूरा करने के लिए सनातनियों के सबसे बड़े धर्मगुरु अब सड़क पर उतरेंगे। इसकी शुरुआत वे भिलाई से करेंगे और 10 मार्च को सुबह 10.10 बजे 10 मिनट के लिए संकेत स्वरूप धरना देंगे। उन्होंने सभी देशवासियों से अपने-अपने स्थानों पर रहते हुए इसके लिए 10 मिनट के सांकेतिक भारत बंद का आह्वान भी किया है। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया गुरुदेव अविमुक्तेश्वरानंद

गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने चारों शंकराचार्य एक

पूर्व में ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारा वृंदावन में गौ संसद का आयोजन कर गौमाता राष्ट्रमाता आंदोलन की शुरुआत की गई थी। फिर दिल्ली के एक सभागार में त्रिदिवसीय गौ संसद का आयोजन कर इससे संबंधित मांगपत्र मीडिया के समक्ष जारी किया गया था। इस आंदोलन में चारों पीठो के शंकराचार्यों की सहमति है।

सरस्वती महाराज अपने 8 दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ में है। इस प्रवास के दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में पहुँचकर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने चल रहे आंदोलन के लिए अपने-अपने स्थानों में रहकर सनातनियों से समर्थन मांगा है। शंकराचार्य महाराजश्री ने 10 मार्च को सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर 10 मिनट के लिए अपने अपने स्थानों पर रहते हुए भारत बंद का आह्वान किया है, जिसे लेकर पूरे भारत के गौभक्त अपने-अपने स्तर पर अहिंसक रूप से 10 मिनट सड़क पर उतरकर भारत बंद का समर्थन करेंगे। प्रत्येक सनातनी गौमाता के लिए 10 मिनट के लिए, अपने-अपने घरों से निकलकर कहेंगे दस दस दस, गौहत्या बस। इसी कड़ी में ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य 10 मार्च को भिलाई शहर में रहेंगे। भिलाई स्थित छावनी चौक नन्दनी रोड पर 10 मिनट का धरना प्रदर्शन करेंगे।

लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर देंगे करारा जवाब : वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित छत्तीसगढ़ के सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को लोकसभा चुनाव में विजय की अग्रिम बधाई दी है। वोरा ने कहा कि भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में भारी मतों से चुनाव जीतेंगे। श्री बघेल सहित कोरबा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू, रायपुर से विकास उपाध्याय, दुर्ग से राजेंद्र साहू को टिकट मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि छग में कांग्रेस की जीत तय है। सभी कांग्रेस प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में जीतेंगे। वोरा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में बेतहाशा महंगाई बढ़ी है। बेरोजगारी से पूरे देश के युवा वर्ग में हताशा है। देश का आर्थिक ढांचा कमजोर हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व सांसद राहुल गांधी ने कांग्रेस की सरकार बनने पर महंगाई कम करने और बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा किया है। केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने पर देश में सभी वर्गों को न्याय मिलेगा। कांग्रेस ने हमेशा जनता से किये वादों को पूरा किया है। इस बार भी कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी वादे पूरे किये जाएंगे। कांग्रेस प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएं।

सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग ने नगरी मंडल में किया जनसंपर्क

नगरी/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के अवसर पर भाजपा के सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग ने नगरी मंडल के अंतर्गत विभिन्न देव स्थल पर पहुंच कर दर्शन करके जनसंपर्क किया।

प्रथम कोटेश्वर महादेव के दर्शन के पश्चात कर्णेश्वर महादेव के दर्शन किए उसके पश्चात खम्हरिया एवं सांकरा के मानस मंच पर उद्घोषन दिये, फिर फरसिया में महामाई के दर्शन करके गोरगांव के मानस मंच पर उन्होंने उद्बोधन दिया और फिर अंतिम उद्बोधन बिरगुडी के मानस मंच पर किया। नाग जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं पुजारी भी हूं और जनसेवक भी।

सचिवालय के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे अधीनस्थ कार्यालय

- योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप में सस्पेंड

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय के आदेश 28 फरवरी 24 के तहत स्कूलों में शिक्षा के गिरते स्तर को सुधारने व विभागीय राजनैतिक सेटिंग व्यवस्था के तहत विभिन्न गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न शिक्षकों को उनके मूलपदस्थापना भेजने कलेक्टर/ जिला शिक्षा अधिकारियों के नाम से स्पष्ट आदेश जारी किया गया है। इस आदेश को ठेंगा दिखाकर नीचे के कार्यालय कार्य करते है। इसका ताज़ा उदाहरण संचालनालय रायपुर से जारी 6 मार्च 24 के आदेश जिसमें तत्कालीन जिला परियोजना अधिकारी श्याम चंद्राकर व्याख्याता को विभागीय योजनाओं के सही क्रियान्वयन न करते विभिन्न स्तर पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप के बाद निलंबित किया गया था। यह कार्यवाही पूरी हुए बिना ही बहाल करते मंत्रालयीन आदेश की धज्जियाँ उड़ाई गई। उनके खिलाफ खेलगढ़िया में भ्रष्टाचार का आरोप में जांच। जिसकी जांच अभी चल ही रहा है। इसमें ध्यान देने वाली बात यह है कि निलंबन के 90 दिन के भीतर बहाली के लिए विभागीय कार्यवाही पूरी करनी होती है। या न्यायालय के आदेशों के परिपालन के आधार पर बहाली होती है। लेकिन श्याम चंद्राकर के मामले में न तो कोर्ट का कोई आदेश निर्देश है न ही मंत्रालय से इस संबंध में कोई बहाली हेतु आदेश/नोटशीट से चला। इस मामले में संचालक को इस प्रकरण में ऐसा क्या दिखा कि सीधा बहाली करते एक शिक्षक को गैरशैक्षणिक कार्य हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ कर उपकृत कर दिया गया। गौरतलब है कि संबंधित का निलंबन जिला शिक्षा कार्यालय के अधीन कार्यालय में कार्य के दौरान किया गया था। ऐसे में संबंधित श्री चंद्राकर कि बहाली उसी कार्यालय के अंदर न किया जाकर कहीं अन्य स्थान में करना चाहिए था। श्याम चंद्राकर को गैर शैक्षणिक पद पदस्थापना संचालक के ऑफ़ पर पदस्थापना होने बाद भी संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलती रहेगी। श्याम चंद्राकर जिनके ऊपर लगातार कार्य में लापरवाही बरतने का ठप्पा लगता रहा है,वे पूर्व शासन के भी चहेते रहे हैं।

बिलासपुर में देवेंद्र, कांकेर में अनिला और सरगुजा में पूर्व मंत्री भगत की एंट्री से नहीं अटके नाम

छत्तीसगढ़ कांग्रेस 5 लोकसभा सीटों पर नहीं बनी सहमति

देवेन्द्र यादव

अनिला भेड़िया

अमरजीत भगत

हरिश लखमा

लखेश्वर बघेल

दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी होने के बाद अब बाकी 5 लोकसभा सीटों को लेकर खींचतान जारी है। पांच लोकसभा सीट बिलासपुर, कांकेर, रायगढ़, बस्तर और सरगुजा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम को लेकर बैठक में सहमति नहीं बन पाई है।

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कई नामों पर मंथन किया गया लेकिन इन सीटों पर नए नामों के आने सहमति नहीं बन पाई है। बस्तर लोकसभा सीट से हरीश लखमा, दीपक बैज, लखेश्वर बघेल के नाम आए है। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में ओबीसी वर्ग की बाहुलता और यादव वोट होने वजह से विष्णु यादव और भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव के नाम की चर्चा हुई है। वहीं कांकेर लोकसभा सीट के लिए तीन नामों की चर्चा जोरों पर इसमें पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अनिला भेड़िया के

अगली बैठक 10 या 11 मार्च को होने की उम्मीद

केन्द्रीय चुनाव समिति की अगली बैठक 10 या 11 मार्च को होने की उम्मीद की जा रही है। वहीं एक बार फिर प्रदेश की इन 5 सीटों पर पैनल से एक नाम तय किए जाएंगे। बैठक में सभी तरह के समीकरणों को ध्यान में रखा जाएगा और नेताओं से फिर एक बार चर्चा की जाएगी।

नाम की चर्चा होने से यहां पेंच फंस गया है। वैसे इस सीट के लिए बिरेश ठाकुर, नरेश ठाकुर के नामों पर मंथन जारी है। इन तीनों सीटों पर कई समीकरणों के बनते और बिगड़ते नजर आ रहे है जिसके बाद बैठक में अभी कोई नाम तय नहीं किया गया है।

सरगुजा संभाग में समीकरणों को देखते हुए पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का नाम लगभग तय माना जा रहा था लेकिन इस लोकसभा सीट से शशि सिंह का नाम भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सुझाया था लेकिन पूर्व मंत्री भगत के नाम की चर्चा होने के बाद इस सीट के प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई। दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद लगभग इन दो में से किसी एक को प्रत्याशी बनाया जाना लगभग तय माना जा रहा है।

न्यूज गैलरी

एसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डीएसपी को किया सम्मानित

बेमेतरा। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज 8 मार्च को पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने पर महिला पुलिस अधिकारी श्रीमती कौशिल्या साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं अन्य महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो को नगद ईनाम से पुरूस्कृत कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हे शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, निरीक्षक संतोषी ग्रेस सहित अन्य अधीकारी उपस्थित रहें।

नांदगांव लोस क्षेत्र की जनता भूपेश को सर-आंखों पर बैठने तैयार

राजनंदगांव। जिला पंचायत सदस्य व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री महेंद्र यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से टिकट मिलने से इस क्षेत्र के चारों जिले कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनंदगांव तथा मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिलों की जनता में भारी खुशी का संचार हुआ है,

उनका टिकट मिलने की खुशी में जगह-जगह मिठाइयां बाटी और पटाखे फूटे, वहीं भाजपा के लोकसभा टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों के चेहरों में हल्की मुस्कान आ गई है, उनकी सोच यह भी हो सकती है कि दूसरी बार रिपीट होने वाले जनता से दूरी बनाए रखने वाले सांसद को पार्टी ने दूसरी बार टिकट देकर खतरा मोल ले लिया है और उनके समक्ष श्री बघेल के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रूप में कद्दावर उम्मीदवार श्री पांडे को पटकनी देने के लिए तत्पर है।

यादव ने आगे कहा कि भूपेश बघेल की उम्मीदवारी से भाजपा में भीतर घात की संभावना कई गुना बढ़ गई है। वहीं कांग्रेस के विभिन्न खेमें के लोग एक छत्रा के नीचे आ जाएंगे। इससे श्री बघेल की जीत का अंतर लाखों में होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके अपने कार्यकाल के दौरान राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास निर्माण कार्यों और जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ भारी बहुमत के रूप में अवश्य मिलेगा। जनता उन्हें सर आंखों पर बैठने के लिए तैयार खड़ी है।

भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा का बेमेतरा में आज सम्मेलन

बेमेतरा। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का भाजपा जिला कार्यलय बेमेतरा में रविवार 10 मार्च को विधानसभा स्तरीय सामाजिक सम्मेलन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राकेश चंद्राकर प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक दीपेश साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में ओमप्रकाश जोशी जिला अध्यक्ष भाजपा, सुनीता हीरालाल साहू जिला पंचायत अध्यक्ष, अवधेश चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा, राजेंद्र शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष बेमेतरा, खिलावान साहू दुर्ग संभाग प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा, होरीलाल सिंह दुर्ग संभाग से प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा, संध्या परगनिया प्रदेश मंत्री भाजपा छत्तीसगढ़, रवि वर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा बेमेतरा, देवदास चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, ललित साहू जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, परमेश्वर वर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, आकिब मलकानी जिला अध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा, महावीर ध्रुव जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा, विजय सिन्हा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा सहित समस्त मोर्चा के कार्यकारिणी पदाधिकारी शामिल होंगे।

रेप के झूठे केस में फंसाने के गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

■ शातिरों ने लोगों को फंसाने के लिए प्लान बना रखा था

कोंडागांव/नवप्रदेश। छ्त्र में वसूली का मास्टर प्लानः आने जाने वाले लोगों से लिपट जाती थी महिला, कच्चे रास्ते में ले जाती थी अपने साथ, और फिर जो होता था

रेप के झूठे केस में फंसाने का मामला सामने आया है. जहां पुलिस ने पैसे वसूलने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से कैश, मोबाइल, बाइक जब्त किया है. आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

बता दें कि शातिरों ने लोगों को फंसाने के लिए प्लान बना रखा था. लोगों को फंसाने के लिए पहले तो शातिर महिला उनसे लिपट जाती थी, उसके बाद उन्हें एक कच्चे रास्ते में ले जाती थी. जहां उसके दोस्त युवक को पकड़कर रेप के केस में फंसा देने के नाम पर ब्लैकमेल कर पैसे वसूलते थे. इसी तरह शातिरों ने बैजूराम नेताम निवासी बफना को अपने जाल में फंसाया और उससे 80,000 रुपये मांगा. जिसके बाद उसने 60,000 रुपए दे दिए.

जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की. इतना ही नहीं भोजूराम के साथ भी शातिरों ने यही हथकंडा अपनाया और उससे 15,500 कैश, मोबाइल और बाइक ले ली.

घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नंद किशोर पाण्डे, नवीन पाण्डे, हेमचंद पाण्डे, सावित्री मरकाम, बसंत शार्दुल, और योगेश चक्रधारी को गिरफ्तार किया है.

नांदघाट पुलिस ने कोचिये से 19 पौवा शराब किया जप्त

इधर बेमेतरा के थाना नांदघाट में 7 मार्च को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 कोचिये प्रदीप देवांगन पिता रामकुमार देवांगन उम्र 23 साल साकिन मगरघटा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचिये से कुल 19 पौवा देशी मशाला शराब किमती 2090 रूपये व बिक्री रकम 250 रूपये, कुल जुमला 2340 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

सायबर फ्रॉड, 2 कंपनी सुधनवा और ईवर सपोर्ट के डायरेक्ट गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी भावेश वाल्दे पिता लच्छनराम वाल्दे, निवासी वार्ड नंबर-45, वैशाली नगर, कौरिनभाठा द्वारा थाना बसंतपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसे मोबाईल नंबर पर डब्ल्यू-7 रॉव प्राईस स्टॉक्स पुलिंग ग्रुप कालिंक-आमंत्रण आया। उक्त लिंक को टच करने पर वह उससे जुड़ गया। उक्त ग्रुप में अनेक प्रकार के शेयर खरीदने और बेचने का ऑफर दिया गया और बताया कि आपको सिर्फ शेयर खरीदना है, आपको प्रति दिन 5 प्रतिशत, 10.30 प्रतिशत का लाभ दिलाने का काम उनका है का भरोशा दिलाया। पहले कुछ लाभ दिलाया, फिर आईपीओ में पैसा लगाने पर 160 प्रतिशत लाभ दिलाने कहा। उक्त एप का संचालन एवं नियंत्रण फ्रॉड के हाथों में था। फ्रॉड द्वारा एक लिंक भेजकर डब्ल्यू-7 रॉव प्राईस स्टॉक्स पुलिंग ग्रुप एप डाउनलोड करवाया गया। प्रथम बार उसे एनडीआईआरए-सीएससी (आईएनडी-सीएससी) एप डाऊन लोड करवाया गया। प्रथम बार उसे डब्ल्यू-7 रॉव प्राईस स्टॉक्स पुलिंग ग्रुप डब्ल्यू-7 रॉव प्राईस स्टॉक्स पुलिंग ग्रुप में अन्य शेयरों के बारे मे खरीदने-बेचने एवं लाभ के संबंध में जानकारी दी गयी। इसी जानकारी के आधार पर प्रार्थी अपने और अपने पत्नी के बैंक खाता से विभिन्न राशियों का भुगतान विभिन्न तिथियों को फ्रॉड द्वारा बताये खातों में जमा करवाया। इस प्रकार षडयंत्रपूर्वकए छ्ल व धोखाधडी के माध्यम से मैं कुल राशि रुपयों 67,84,170.20 की ठगी का शिकार हुआ।

थाना बसंतपुर में उपरोक्त रिपोर्ट दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बसंतपुर सत्यनारायण देवांगन एवं प्रभारी सायबर सेल जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में सायबर सेल एवं थाना बसंतपुर की संयुक्त टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रकरण में सायबर सेल द्वारा तत्काल सायबर फायनेंसियल फ्रॉड र्टल के माध्यम से ठगी की रकम लगभग 48.50 लाख रूपये को विभिन्न बैंकों में होल्ड करा दिया गया। इसके बात तकनीकी सहायता से आरोपियों की पतासाजी की गई, जिसके तार गुजरात के जिला-गोधरा पंचमहल एवं तामिनाडू के जिला कन्याकुमारी का पता चलने पर 2 टीम बनाकर दोनों जगहों पर एक साथ दबीश दी गई। टीम गुजरात द्वारा लगातार 3 दिन तक राशन व्यापारी बनकर (गुड, तेल, चावल) सप्लाई करने वाले अन्य व्यापारियों से संपर्क कर सेदेही तक पहुंचे, जो सुधनवा अयुर्वेदा ओव्हरसीज प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर संदेही मुकेश भाई तक पहुंचे। पुलिस टीम द्वारा गोधरा ग्राम पंचमहल पहुंचकर आरोपी सुधनवा अयुर्वेदा ओव्हरसीज प्राईवेट लिमिटेड अगरी यूएनआई रोड तालुका गोधरा गुजरात कंपनी के डायरेक्टर मुकेश भाई कृष्णा भाई सालाट निवासी टीम्बा नी मूवादी, कनकनपुर, पंचमहल, गुजरात की पता तलाश कर तलब किया एवं दूसरी टीम तामिलनाडू द्वारा बीलिंग सोफ्टवेयर बिक्री करने वाले सजिन राजेश तक सोफ्ट वेयर खरीदने के नाम पर संपर्क कर ट्रेस कर कन्याकुमारी के ईवर सपोर्ट टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर सजिन राजेश निवासी 28/22, सरल विल्लई, मुत्तईकाडू, कुमारपुरम, कलकुलम, कन्याकुमारी, तामिलनाडू को पकड़ कर पूछताछ किया गया, जो बताये कि वे दोनों उक्त अपना-अपना कंपनी बनाये हैं, जिसका वे डायरेक्टर है और उन कंपनियों के नाम पर कई करंट एकाउंट और सेविंग एकाउंट अलग-अलग बैंकों में खोला है, जिसे वह अन्य आरोपी को प्रति ट्रांजेक्शन पर 2 से 4 प्रतिशत कमीशन मिलने के एवज में दे दिया है। 8 मार्च 2024 को दोनों आरोपियों को अपराध सबूत पाये जाने से थाना बसंतपुर के अपराध क्रमांक 26/24 धारा 409, 420, 120-बी, भादंवि 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत् विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय ज्यूडीसियल रिमाण्ड में भेजा गया।

धारदार चीज रखकर घूम रहा आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक सीआर चंद्रा के नेतृत्व में थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगातार आपराधिक तत्वों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत् 8 मार्च को मुखबीर से सूचना मिला कि, एक व्यक्ति नीचे मंदिर मेला ग्राउण्ड के पास धारदार चाकू लेकर लहराकर लोगों को डरा-धमका कर घूम रहा है। सूचना पर बिना विलंब किये मुखबीर के बताये स्थान पर पहुंचा गया। आरोपी पुलिस को आते देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम-पता पूछने पर अपना नाम प्रमोद दास मानिकपुरी पिता स्व. दीपक दास

मानिकपुरी, उम्र 29 साल, निवासी कालकापारा वार्ड नंबर 10, डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ का रहने वाला बताया। विधिवत् तलाशी लेने पर एक नग लोहे का धारदार चाकू आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया। आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 133/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल निरूद्ध किया गया है। आगामी चुनाव के मद्देनजर असामाजिक तत्वों पर निगाह रखी जा रही है।

बेरला पुलिस ने 900 ग्राम गांजे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमीत ज्योति सिंह, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 8 मार्च को थाना बेरला स्टाफ को मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम सरदा निवासी सद्दाम अली पिता अब्बास अली उम्र 33 साल अपने सायकल दुकान में अवैध रूप से गांजा बिक्री हेतु मादक पदार्थ गांजा रखा हैं की सूचना पर थाना बेरला स्टाफ व गवाहो के

साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 900 ग्राम कीमती करीबन 9000 रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यावाही की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, सउनि डीएल सोना, प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे, आरक्षक दिनेश निषाद, विजय दिवाकर, देवेन्द्र साहू एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

2 लाख 55 हजार 341 महिलाओं के खाते में पहली किश्त आज

पीएम नरेन्द्र मोदी, सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा महतारी वंदन सम्मेलन से वर्चुअल जुड़कर महिलाओं को सम्बोधित करेंगे

कवर्धा/नवप्रदेश। 10 मार्च को प्रदेश की राजधानी रायपुर के साथ सभी जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, नगरीय निकाय क्षेत्रों में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली से प्रदेश की माताओं को वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय एवं नगरीय निकायों में आयोजित कार्यक्रमों से सीधे वर्चुअल जुड़कर लोगों को संबोधित करेंगे और हितग्राहियों से सीधा संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री की विशेष उपस्थिति में महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं के साथ-साथ कबीरधाम जिले के 2 लाख 55 हजार 341 महिलाओं के खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से पहली किश्त का अंतरण किया जाएगा। इससे प्रत्येक माह महिलाओं के खाते में एक हजार रूपये आएंगे। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 2 बजे वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय भी संबोधित करेंगे साथ ही उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कवर्धा के ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करेंगे। पांडातराई के हाईस्कूल में आयोजित महतारी वंदन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती भावना बोहरा शामिल होगी। जिला स्तर के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशील रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार जिले में सात अलग-अलग जगह में आयोजित इस कार्यक्रम में संबंधित जनपद अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी ने बताया कि पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। वही सभी परियोजना में भी कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया की पांडातराई परियोजना अंतर्गत हाईस्कूल में, बोड़ला परियोजना अंतर्गत मंगल भवन में, लोहारा परियोजना अंतर्गत जनपद सामुदायिक भवन में, पंडरिया परियोजना अंतर्गत जनपद कार्यालय भवन में, पिपरिया परियोजना अंतर्गत नगर पंचायत भवन में और इंदौरी परियोजना अंतर्गत नगर पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित होगा।

मोदी की गारंटी को किया जा रहा पूरा, महिलाओं को 12 हजार रूपए वार्षिक प्राप्त होगा

10वीं की गणित परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई, 14073 में से 268 रहे अनुपस्थित

बेमेतरा/नवप्रदेश। छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा 2024 के तहत आज विषय गणित की परीक्षा आयोजित हुई। जिले में आज कुल 77 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित हुई। कक्षा 10 वी में आज कुल दर्ज 14073 में 13805 प्रविष्ट एवं 268 अनुपस्थित रहें। जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया।

अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा परीक्षा केंद्र टेमरी, नादघाट का निरीक्षण किया। श्रीमती अर्चना ठाकुर खनिज अधिकारी बेमेतरा द्वारा परीक्षा केन्द्र कारेसरा, बीजा, सेजेस देवरबीजा, पदुमसरा, खैरझिटीकला, ओडिया, भावेश सिंह एसडीओ पीडब्लूडी द्वारा परीक्षा केन्द्र टेमरी, नवागांव, नादघाट, मगरघटा का, हितेन्द्र मिश्राम उपसंचालक उद्यान विभाग द्वारा परीक्षा केन्द्र बारगाँव का, अजीत सिंह पेकरा पशु चिकित्सा द्वारा परीक्षा केन्द्र देवरबीजा, जेवरी का, संतोष गाँड सहा भूमि सरक्षण अधिकारी बेमेतरा द्वारा परीक्षा केन्द्र बालसमुन्द, बावामोहतरा, भनसुली, मोहरंगा का, राजेन्द्र भगत संचालक पषु चिकित्सा परीक्षा केन्द्र बैजलपुर, तिलईकडा, जेवरा, जेवरी का, रूपेश कुमार एसडीओ पीएचई द्वारा परीक्षा केन्द्र बालक नवागढ, झाल, गाडामोर का, चुरेन्द्र सिंह द्वारा परीक्षा केन्द्र छिरहा, सेजेस दाढी का निरीक्षण किया गया। केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नकल प्रकरण निरंक है, परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके व सुव्यवस्थित रूप से संचालित हुई।

पूर्व सीएम बघेल को घेरने का अच्छा अवसर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख व जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व भ्रष्ट मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का चस्का विधानसभा चुनाव के समय से चढ़ा था, जो अब लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी बनाए गए हैं। यह बिल्कुल सही कहा गया है जब वह मुख्यमंत्री थे तो उनके मन में यह दुर्भावना थी कि यह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व केंद्रीय उद्योग राज्य मंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का निर्वाचन क्षेत्र है। अतः उनमें दुर्भावना कूट-कूट कर भरी थी और आज भी राजनांदगांव विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र होने के कारण राजनंदगांव क्षेत्र से उनकी दुर्भावना झलकती रही है। इसलिए तो विकास निर्माण कार्यों के मामले में राजनांदगांव से मां और मौसी का भेद किया गया। राजनंदगांव को विकास से पीछे धकेल दिया गया, अगर ऐसा नहीं था तो राजनांदगांव क्षेत्र की तरक्की के लिए वह क्यों मुंह छुपाते रहे और यहां से शासकीय विभागों को ले जाने का काम करते रहे।

द्वय नेता श्री शेख व श्री जोसेफ ने आगे कहा कि हंसी आती है कि 5 साल तक शासन करके भी भूपेश बघेल ने राजनांदगांव जिला मुख्यालय में कांग्रेस कार्यालय की स्थापना नहीं कर पाए। विधानसभा चुनाव तक कांग्रेस भवन अस्थाई तौर से कुलबीर के वार्ड के सामुदायिक भवन में चल फिर बाद में चुनाव के समय अग्रसेन भवन में कांग्रेस कार्यालय संचालित होता रहा स्वयं का भवन नहीं है। जिस पार्टी का अपना स्वयं का भवन नहीं है, उसके पिछड़ेपन के बारे में सोचा जा सकता है। सिर्फ और सिर्फ अपना घर भरने का काम कांग्रेस के नेताओं ने किया है। जनता इसे बखूबी जानती समझती है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से टिकट लेकर श्री बघेल चुनाव प्रचार करने आएंगे, इस दौरान उनसे सवालों की झड़ी मीडिया भी लगाएगी। आम जनता अपने प्रश्नों से घेरेगी, ऐसे-ऐसे सवाल तैयार हो रहे हैं कि उन्हें जवाब देना मुश्किल हो जाएगा। राजनांदगांव नगर निगम उनके शासनकाल से वर्तमान में राज्य में भाजपा का शासन होने तक कांग्रेस की सत्ता है और नगर निगम में क्षेत्र में नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसाया जा रहा है।

प्रदेश स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन 11 को साइंस कॉलेज मैदान में : सुशीला भट्ट

कवर्धा/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन 11 मार्च को आयोजित किया गया है। सम्मेलन का आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण तथा विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी। इस संबंध में जिला पंचायत कबीरधाम के अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट एवं जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट द्वारा संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह

जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रदेश से लगभग 26 हजार तथा कबीरधाम जिले से 1042 पंचायत प्रतिनिधि इस सम्मेलन में शामिल होंगे। जिले से सभी जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यो सहित सभी ग्राम पंचायत के सरपंच एवं उपसरपंच सम्मेलन में शामिल होने 11 मार्च को रायपुर के लिए रवाना होंगे। जिले से पंचायत प्रतिनिधियों को ले जाने के लिए जनपद पंचायत के सीईओ ग्राम पंचायत सचिव करारोपण अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी एवं अन्य नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी दी गई है।

पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया गया कि रायपुर साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री गृह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य मंत्रीगण शामिल होंगे।

मिलर्स जल्द करें धान का उठाव

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में वर्ष 2023-24 मे उपर्जित धान के त्वरित उठाव एवं कस्टम मिलिंग के चावल जमा के संबंध में समीक्षा की गयी। बैठक मे खाद्य अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक (नान), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा. खा.ना.) विभाग के सभी अधिकारी तथा जिले के राइस मिलर उपस्थित रहें। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत खाद्यान्न वितरण एवं उठाव की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा भी की। उन्होंने खाद्य विभाग के अंतर्गत पीडीएस वितरण कार्य, चावल भंडारण की उपलब्धता आदि की जानकारी लें।

नेशनल लोक अदालत में एक में 14700 से अधिक प्रकरणों का निराकरण

बैंक प्रकरणों में लोक अदालत में पक्षकारों को भारी लाभ

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का 09 मार्च को आयोजित किया गया। माननीय न्यायाधीगणों द्वारा द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती जी के फोटोचित्र पर पूजा-अर्चना करते हुए दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात अन्य न्यायाधीशगण, उपस्थित पक्षकारगण एवं अधिवक्तागण तथा अन्य संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा भी दीप प्रज्जवल कर किया गया।

लोक अदालत में राजीनामा योग्य न्यायालय में लंबित समस्त प्रकृति के प्रकरण रखे गए थे, जिनमें से 1437 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरणों में माननीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा कुल चार प्रकरण का निराकरण करते हुए 35 लाख 50 हजार की अवार्ड राशि पारित की गई। राजस्व न्यायालय में कुल 13 हजार 217 प्रकरणों का निराकरण हुआ। अन्य प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में लगभग 60 अन्य प्रकरणों का निराकरण हुआ। इस प्रकार एक ही दिन में 14 हजार 700 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया।

कुटुम्ब न्यायालय कबीरधाम में न्यायाधीश श्री आलोक कुमार की खण्डपीठ द्वारा कुल 23 प्रकरणों में राजीनामा का आदेश पारित किया। एक प्रकरण में पति पत्नी एक साथ पुनः रहने के लिए राजी हुए। इस प्रकार एक टूटे हुए परिवार को पुनः लोक अदालत में एक किया गया।

अपर जिला न्यायाधीश श्री पंकज शर्मा के न्यायालय में लंबित सिविल अपील में भी उभयपक्षकारों को लाभ प्राप्त हुआ। इस प्रकरण में उभयपक्ष सगे भाई बहन थे, एक भाई द्वारा अकेले ही पिता की समस्त सम्पत्ति को अपने नाम पर दर्ज करवा लिया गया था। इसी विवाद के संबंध में प्रकरण न्यायालय में लंबित था। माननीय न्यायाधीश महोदय द्वारा लोक अदालत में समझाईश दिये जाने पर उभयपक्ष द्वारा प्रत्येक को सम्पत्ति में चौथा हिस्सा पर सहमति हुई और सभी भाई बहन राजी खुशी घर वापस गए। इस प्रकार लोक अदालत में प्रकरण निराकरण होने पर सगे भाई बहनों को आपसी प्रेम सौहाद्र पुनः स्थापित हुआ।

शिक्षकों ने कराया न्योता भोज

बेमेतरा/नवप्रदेश। साजा ब्लाक के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवागांव गहिरा में आज 9 मार्च को समस्त शिक्षकों के सौजन्य से न्योता भोज का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चें बहुत ही खुश होकर भोजन ग्रहण किये। शिक्षक धनेश रजक ने बच्चों और पालको को न्योता भोज के बारे मे विस्तार से बताया।

अतिथियो ने न्योता भोज के लिए शाला प्रबंधन को बधाई व शुभकामनायें दिए। जिसमें संकुल प्रभारी बीआर साहू, सेवानिवृत प्रधान पाठक एलआर कौशिक, सीएसी मनीराम श्रीवास, मुन्नालाल साहू, रेवा राम जंघेल, दोनों स्कूल के अध्यक्ष उत्तम यदु, अनुज ठाकुर एवं महिला पालक सहित अन्य लोगों ने सहयोग दिया।

न्यूज गैलरी

राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन 11 मार्च को

मुंगेली/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों का राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन 11 मार्च को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में राज्य के जिला पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं उप सरपंच सहित लगभग 26 हजार पंचायत प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

पूर्व विधायक चुन्नीलाल ने कांग्रेस का छोड़ा हाथ, किया भाजपा प्रवेश

जांजगीर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस को झटका लगा है। अकलतरा के पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया और इस्तीफा देने के कुछ घंटे बाद ही बीजेपी में शामिल हो गए। पूर्व विधायक साहू ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को अपना इस्तीफा भेजा था और सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने कांग्रेस छोड़ने की जानकारी साझा की थी। बता दें, हाल में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम सामने के बाद उन्होंने प्रदेश उपाध्यक्ष पद से भी अपना इस्तीफा दे दिया था। उल्लेखनीय है कि 2013 के चुनाव में चुन्नीलाल साहू ने कांग्रेस की टिकट से जीत हासिल की थी और अकलतरा विधानसभा से विधायक बने थे। इसके बाद 2018 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2023 के चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें मौका नहीं दिया। कांग्रेस से इस्तीफा देने के पीछे वजह संगठन में अनदेखी और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को पार्टी में सम्मान नहीं मिलने को बताया जा रहा है।

हसदेव विहार कॉलोनी में मनाई गई महाशिवरात्रि

जांजगीर/नवप्रदेश। हसदेव विहार कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि एवं महिला दिवस के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। सर्वप्रथम मंदिर परिसर में प्रभात बेला में भगवान भोलेनाथ जी की विधि विधान से आरती मंगल गाकर पूजा-अर्चना की गई। महाशिवरात्रि पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल रहे। विशिष्ट अतिथि एसपी विवेक शुक्ला, एएसपी अनिल सोनी, विमला सिंह, नपा उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, तान्या अनुरागी, धनेश्वर राठौर एवं विद्या राठौर उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना करने के साथ-साथ मंदिर परिसर में उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी। दोपहर करीब 1 बजे से भडारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान में रखते हुए मदिर परिसर में आने वाली समस्त महिला श्रद्धालुओं का सम्मान तिलक चंदन के साथ तथा विशेष उपहार देकर किया गया। उपहार एव सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं द्वारा कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्यों तथा पुजारी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। महाशिवरात्रि की विशेष पूजा एव मंदिर पागण में क्रियान्वित विशेष गतिविधि के संचालन में शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष रविद्र द्विवेदी, सचिव निलेश तिवारी अधिवक्त, उपाध्यक्ष विकास सिंह, कोषाध्यक्ष संजय दुबे, सहसचिव सजीव नामदेव सदस्य, राकेश तिवारी, सौरभ शुक्ला, ऋषि मिश्रा, विजय सूर्यवंशी, मनोज खुंटे सहित हसदेव विहार कॉलोनीवासियों का विशेष योगदान रहा।

सराफा दुकान से 25 लाख की ज्वेलरी चोरी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। प्रतापपुर मेन मार्केट में स्थित ज्वेलरी दुकान में बीती रात चोरों ने 25 लाख के सोने-चांदी के जेवर चुराकर भाग गए। दुकान का ताला तोड़ने की बजाय चोर सब्बल से शटर को उठाकर अंदर घुसे थे। बगल की ही दुकान के सीसीटीवी कैमरे में चोर दुकान का शटर उठाकर अंदर जाते और चोरी के बाद झोले में जेवर लेकर निकलते दिख रहे हैं। घुसने रात 12 बजकर तीन मिनट में चोर ज्वेलरी शॉप के अंदर घुसे और 12 बजकर 45 मिनट में झोले में ज्वेलरी रख बाहर निकलते दिख रहे हैं।

वारदात के बाद चोर दुकान की तरफ टाटा बॉय-बॉय करते दिख रहे हैं। नंदलाल सोनी की नगर के मेन मार्केट में प्रकाश ज्वेलर्स नाम से दुकान है। इसके ठीक बगल में उनकी बर्तन की भी दुकान है और इसके पीछे में मकान है। वहीं यहां से थाने की दू?री महज 400 मीटर ही है। नगर के मुख्य बाजार में हुई चोरी के बाद चोरों ने पुलिस को भी खुली चुनौती दी है। नगर के रिहायशी क्षेत्र में इतनी बड़ी चोरी के बाद व्यापारियों समेत लोगों को चोरों का डर सताने लगा है। प्रतापपुर नगर के बीचों-बीच मुख्य मार्केट में ज्वेलरी शॉप में चोरी की खबर लगते ही लोगों की भीड़ जुट गई। बीच शहर में चोरी की घटना से लोग डरे-सहमे हैं। नगर का मुख्य क्षेत्र होने के साथ रातभर वाहनों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन इसके बाद भी चोर यहां वारदात को अंजाम देकर भाग गए।चोरों ने दुकान के शटर में लगे ताले नहीं तोड़े। बल्कि रॉड और सब्बल से शटर को ऊपर की ओर धकेला, जिससे शटर के बायीं तरफ का लाक टूट गया। यहीं से चोर दुकान के अंदर घुसे।

पुलिस की तीन टीमें जांच में लगी हुई हैं। फिगर प्रिंट लिए गए हैं। तकनीक के आधार पर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सायबर सेल जांच कर रही है। जल्द ही चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

महाशिवरात्रि के साथ माघी मेले का समापन

जांजगीर/नवप्रदेश। नगर में आयोजित 15 दिवसीय माघी मेले का समापन महाशिवरात्रि पर्व के साथ हुआ। मेले में जिला, राज्य सहित देशभर के लोग शामिल हुए। माघी मेले में इस वर्ष पूरे 15 दिनों तक लोगों के भीड़ रही।

खासकर रविवार को छुट्टी और शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर भगवान शिवरीनारायण मंदिर व माघी मेले में लोगों की सबसे अधिक भीड़ रही। -माघी मेले में लोगों ने टूरिंग टाकीज, मौत कुआं, आकाश झूला, टोरा टोरा झूला, ड्रैगन झूला, रेंजर झूला, ब्रेक न डांस झूला, सोलंबो झूला, कोलंबस । झूला, आक्टोपस झूला, बच्चों के विभिन्न झूलों, खेल तमाशा का आनंद न लिया। साथ ही मीना बाजार व क्राप्ट बाजार सहित विभिन्न दुकानों में जमकर खरीददारी भी की। महानदी में माघी मेले के दौरान इस वर्ष नगर के युवाओं द्वारा 35 नाव चलाई गई। जिसमें लोगों ने परिवार व यार दोस्तों के साथ नौकाविहार का भी आनंद लिया। महाशिवरात्रि पर नगर के मुख्य मंदिर भगवान शिवरीनारायण मंदिर व बड़े मंदिर परिसर स्थित चंद्रचूड़ महादेव में भगवान के दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। महाशिवरात्रि पर भगवान शिवरीनारायण व चंद्रचूड़ महादेव का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गय। भगवान शिवरीनारायण मठ मंदिर द्वारा बाहर से आए साधु- संतों व श्रद्धालुओं के लिए ठहरने व भोजन की निश्शुल्क व्यवस्था की गई थी।

देवगढ़ मेला क्षेत्र में सत्संग समारोह एवं शिव-पार्वती झांकी सजी

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। मानव धर्म के प्रणेता एवं विश्व विख्यात संत सद्गुरुदेव सतपालजी महाराज की संस्था मानव उत्थान सेवा समिति जिला सरगुजा द्वारा देवगढ़ मेला क्षेत्र में सद्भावना सत्संग समारोह का आयोजन किया गया साथ ही मेला क्षेत्र में शिव-पार्वती की दिव्य झांकी निकाल कर लोगों में आध्यात्मिक चेतना की जागृति हेतु साहित्य वितरण किया गया। तथा मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा प्रति वर्ष की भांति पंडाल लगाकर लोगों को भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के लिये सत्य सनातन मानव धर्म को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया जिससे कि समाज में धर्म के प्रति रूचि बढ़े और समाज शांति, सदभावना, प्रेम और भाईचारे के साथ नये भारत, दिव्य भारत बना सके और हमारा देश विश्व गुरु बनने के मार्ग में आगे बढ़े। मानव उत्थान सेवा समिति लोगों से यह अपील करती है कि सकारात्मक सोच के साथ देश को आगे बढ़ने में जनमानस साधु-संतों को सहयोग प्रदान कर स्वर्णिम भारत के निर्माण में सहयोग प्रदान करें। इस कार्यक्रम में - अपर्णा बाई , राजेश्वर सिंह , संतराम , महोदर राम , सेवक राम , नारायण प्रसाद , सरोज कुमार प्रजापति , अमित राजवाड़े , देव कुमारी , विमल राजवाड़े , आनंद दास , मोतीलाल , एवं मानव उत्थान सेवा समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

लोक अदालत में 1.86 करोड़ के अवार्ड पारित

मुंगेली/नवप्रदेश। नेशनल लोक अदालत में मुंगेली अंतर्गत कुल 14 खण्डपीठ का गठन किया गया। जिसमें एक ही दिन में कुल 14 हजार 953 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं अवार्ड राशि 1 करोड़ 86 लाख 44 हजार 761 पारित किया गया।

वर्ष का प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को जिला न्यायाधीश चन्द्रकुमार अजगल्ले द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें समस्त न्यायाधीशगण तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, 138 एनआईए के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण, धारा 125 दं.प्र.सं. तथा मेट्रीमोनियल डिस्पूट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, राजस्व संबंधी प्रकरण, ट्रैफिक चालन, भाडा नियंत्रण, आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरणों व राजस्व प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत किया गया है। जिसके लिए मुंगेली अंतर्गत कुल 14 खण्डपीठ का गठन किया गया था जिसमें एक ही दिन में कुल 14 हजार 953 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया गया एवं अवार्ड राशि 1 करोड़ 86 लाख 44 हजार 761 पारित किया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्र कुमार अजगल्ले एवं सचिव मयंक सोनी द्वारा आयोजित कराया गया।

जिसमें जिला एवं सत्र न्यायालय, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश नीरज शर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बलराम देवांगन, न्यायिक मजिस्ट्रेट रश्मि बैरागी पटेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट कुश्वेता ठाकुर के खंडपीठ में विभिन्न प्रकरण राजीनामा हेतु रखे गए थे जिसमें राजीनामा कराया गया। इसी तारतम्य में श्रीराम फाइनेंस कंपनी मुंगेली और लोरमी शाखा के निर्मित ऋणियों से 11 प्रकरणों में 97 लाख 94 हजार 423 एवार्ड राशि का आर्बिट्रेशन प्रकरण में समझौता कर प्रकरण समाप्त कराया गया। उपरोक्त वर्णित प्रकरण जिला न्यायाधीश चंद्र कुमार अजगल्ले के न्यायालय में लंबे समय से लंबित थे। जिला न्यायाधीश द्वारा उपरोक्त प्रकरण में निर्णित ऋणियों को राजीनामा हेतु समझाकर प्रकरण का निराकरण कराया गया। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी की ओर से अधिवक्ता रजनीकांत सिंह ठाकुर एवं कंपनी के रिटेनर अधिवक्ता पंकज तिवारी ने पैरवी कर प्रकरण को समाप्त कराया।

धूमधाम से निकाली गई शिव की बारात

सक्ती/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर्व शिव बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं में विषेश उत्साह देखा गया। नगर का हर नागरिक बारात में शामिल होने आतुल था बारात में शहर के अलावा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने षिव बारात में षामिल होने के लिये रेल्वे स्टेषन जहां से षिव बारात निकलने का आयोजन किया गया था वहां पहुंचने लगे ।

शिव बारात रेल्वे स्टेषन से रात्रि 8 बजे निकलकर मुख्य मार्गो से होते हुये राधाकृष्ण पहुंची वहां बारातियों के लिये आयोजन समिति द्वारा भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया था जैसे षिव बारात स्टेषन से निकली विद्युत मंडल चैक में बारातियों के लिये जलपान की व्यवस्था की गई इसी प्रकार लालमन संतलाल के निवास के पास आइस्क्रीम एवं पानी का व्यवस्था की गई थी । चष्मा संसार के पास आइस्क्रीम एवं पानी का व्यवस्था किया गया था, अग्रसेन चैक में भी युवाओं द्वारा बारातियों के लिये जलपान का व्यवस्था की गई थी, संतोशी मंदिर के पास देवांगन विकास समिति के द्वारा भी प्रसाद वितरण बारातियों के लिये किया गया था तत्पश्चात परशुराम चौक में डालमिया मेडिकल की ओर से बारातियों के लिये जलपान की व्यवस्था की गई थी शिव बारात में अनेकों डी.जे. एवं डिस्को लाईट तथा उडीसा से आये कलाकारों द्वारा झाकियां का प्रदर्शन किया गया साथ ही दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आये शिव बारात में भूत पिचास बनकर ग्रामीण शामिल हुए शिव बारात में शामिल होने के लिये बेहताशा भीडं देखने को मिली । कलेक्टर नीपूर राशि पन्ना ने भी शिव बारात में शामिल होकर पूजा अर्चना की इसके अलावा पुलिस व्यवस्था शिव बारात में नगर निरीक्षक विवके शर्मा का विशेष योगदान रहा एवं पूरे थाना स्टाफ के साथ रास्ते भर सुरक्षा व्यवस्था करते रहे। शिव बारात जैसे ही राधाकृष्ण मंदिर के प्रांगण में पहुंची वहां स्वागत करने वालों का ताता लगा हुआ था। इस बारात में भाजपा प्रत्याषी भी कमलेश जांगडे एवं पूर्व विधायक खिलावन साहू भी बारात में शामिल हुए।

दो दिवसीय किसान मेला 11 व 12 मार्च को अंबिकापुर में

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 11 एवं 12 मार्च, 2024 को राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, अंबिकापुर में दो दिवसीय किसान मेला, नवाचार मेला तथा कृषि प्रदर्शनी ''अंकुरण'' का आयोजन किया जा रहा है। इस किसान मेले में कृषि महाविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित विभिन्न कृषि महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा अन्य इकाईयां द्वारा किसानों के लिए किये जा रहे नवीन अनुसंधान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। इनके अलावा राज्य शासन के कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभागों द्वारा संचालित किसान कल्याणकारी योजनाओं एवं गतिविधियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही यहां नाबार्ड द्वारा प्रायोजित कृषि उत्पादक समूहों तथा महिला स्वा-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों एवं तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी प्रौन्नत सोसायटी द्वारा किसानों को वर्मिकम्पोस्ट तथा भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में उपयोगी एजोस्पाइरीलम, पी.एस.बी. राइजोबियम एवं जेड.एस.बी. तरल जैव उर्वरकों को निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

शुभारंभ समारोह के दौरान एक कृषि उत्पाद विक्रय केन्द्र का लोकार्पण भी किया जाएगा जहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा उत्पादित विभिन्न किसानोपयोगी उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे जिनमें विभिन्न फसलों के बीज, पौध सामग्री, कृषि यंत्र, बायो फर्टिलाइजर, बायो इन्सेक्टिसाइड, पेस्टिसाइड एवं अन्य उत्पाद शामिल हैं। इस दो दिवसीय किसान मेले एवं कृषि प्रदर्शनी में सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों के लगभग 15 सौ किसान शामिल होंगे।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति तथा छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गिरीश चंदेल ने बताया कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न संभागों में कृषि नवाचार को प्रोत्साहन देने के लिए नवाचार एवं किसान मेलों का आयोजन किया जा रहा है। अब अंबिकापुर में 11 एवं 12 मार्च को नवाचार एवं किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है।

दिशा निर्देश — चुनाव अधिसूचना के साथ आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

जिले के अधिकारियों को चुनावों के लिए तैयार रहने दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने जिले में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को पुख्ता करने साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों से अवगत कराने कलेक्टर विलास भोस्कर और एसपी विजय अग्रवाल द्वारा शनिवार को जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की आवश्यक बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में ली गई।

बैठक में कलेक्टर श्री भोस्कर ने कहा कि आगामी समय में प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन होने हैं। इस कड़ी में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिले में संपत्ति विरूपण की कार्यवाही शुरू हो जायेगी। एफएसटी, एसएसटी और वीएसटी दल सक्रिय हो जायेंगे जो निर्वाचन को प्रभावित करने वाले कारकों मुफ्त सामग्री वितरण, रुपए, कीमती सामान, नशीले पदार्थों के अवैध परिवहन, वितरण और भंडारण पर नजर रखेंगे और जप्ती की कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान नवीन शासकीय काम स्वीकृत नहीं होंगे। सभी शासकीय अधिकारी आदर्श आचार संहिता के दौरान सभी नियमों का पालन करें। किसी भी तरह के राजनीतिक प्रचार-प्रसार में शामिल ना हो। विभिन्न जांच दल नाकों और शिकायतों पर निगरानी और निराकरण के दौरान प्रोटोकॉल का ध्यान रखेंगे। इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि आमजन को किसी तरह की असुविधा या परेशानी ना हो।

एसपी श्री अग्रवाल ने कहा कि पुलिस और जिला प्रशासन एक-दूसरे के पूरक हैं। पुलिस और जिला प्रशासन को टीम के रूप में काम करते हुए पूर्व की भांति ही आगामी लोकसभा निर्वाचन को भी शांतिपूर्ण संपन्न कराना है। उन्होंने कहा कि हॉटस्पॉट्स चिन्हांकित करें जहां संदिग्ध गतिविधियों की आशंका हो, वहां सक्रियता और सतर्कता के साथ निगरानी करते हुए कार्रवाई करें। चुनाव संबंधी शिकायतों का निराकरण निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयसीमा में हो। इसके साथ ही बाउंड ओवर की कार्रवाइयों को भी प्रभावी रूप में किया जाये।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक ने बैठक में बताया कि आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जाएगी, इसलिए संपत्ति विरूपण हेतु दलों का गठन शीघ्र कर लिया जाए। प्रथम 24 घंटे में सभी शासकीय संपत्तियों में से विरूपण हटाया जाएगा। प्रथम 48 घंटे में सभी सार्वजनिक संपत्तियों से विरूपण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम 72 घंटे में सभी निजी संपत्तियों से विरूपण हटाया जाएगा। आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही 24ग7 कंट्रोल रूम प्रारंभ किया जाएगा। सभी एफएसटी क्रियाशील हो जाएंगे। मीडिया सेंटर का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। सरकारी वाहनों का गैर सरकारी उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सभी निगम, मंडल के राजनीतिक पदाधिकारियों के वाहनों को अधिग्रहित कर लिया जाएगा। शासकीय व्यय पर लगाए गए सभी विज्ञापन, होर्डिंग हटाए जाएंगे। जिले में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियां इनकम टैक्स, जीएसटी, एयरपोर्ट अथॉरिटी आदि भी जरूरी निगरानी एवं कार्रवाई के लिए सक्रिय हो जायेंगी।

बैठक में एनफोर्समेंट एजेंसियों के दायित्व, आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाहियों, गत चुनावों की तुलना में इस बार जिले में मतदान केंद्रों की स्थिति, सहित विभिन्न जरूरी बिंदुओं पर चर्चा की गई।

11549 परीक्षार्थी गणित की परीक्षा में हुए शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में हाईस्कूल परीक्षा दसवीं बोर्ड के गणित विषय के प्रश्न पत्र की परीक्षा सभी केन्द्रो में शांति पूर्वक संचालित हुई। दसवीं बोर्ड के गणित प्रश्नपत्र में जिले से 11 हजार 549 परीक्षार्थी परीक्षा देने शामिल हुए। शेष 309 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। जिले के सभी केन्द्रों में कही भी कोई नकल प्रकरण प्राप्त नही हुआ। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायुपर द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की गणित विषय की परीक्षा में जिले से 11 हजार 549 परीक्षार्थी परीक्षा देने शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मुंगेली ब्लाक से 4 हजार 672, लोरमी ब्लाक से 4 हजार 357, पथरिया ब्लाक से 2 हजार 520 परीक्षार्थियों ने गणित विषय की परीक्षा दी। वहीं तीनों ब्लाक से 309 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। उड़नदस्ता दल को किसी भी परीक्षा केंद्र में कोई भी नकल प्रकरण नहीं मिला। जिले के परीक्षा केंद्रों के सघन निरीक्षण के लिए उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। आज गणित का प्रश्नपत्र कठिन होने के कारण परीक्षार्थियों को उलझाएं रखा। परीक्षार्थी परीक्षा के बाद प्रश्नपत्र को हल कर परीक्षा केन्द्रो से निकलते नजर आये।

न्यूज गैलरी

गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग पर बंद सफल

पंडरिया/नवप्रदेश। भारत वर्ष के चारो पीठों के जगद्गुरु पूजनीय श्री शंकराचार्यो जी के द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर आज राष्ट्रव्यापी आव्हान का असर कबीरधाम ज़िले के पंडरिया विधानसभा के विधानसभा मुख्यालय पंडरिया में देखने को मिला । सनातन रक्षक चारो पीठो के धर्म गुरुओ द्वारा निर्धारित देश व्यापी आंदोलन में दस मिनट का देश बंद आंदोलन पंडरिया में सफल रहा । पंडरिया के सैकड़ों सनातन प्रेमियों द्वारा बीते रात से ही इस आंदोलन को नगर सहित क्षेत्र में सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते दिखे जहाँ तड़के सुबह से ही आंदोलन में शामिल होने सनातन धर्म प्रेमियों की संख्या निर्धारित स्थान पहुँचने लगी वही श्री शंकराचार्य गुरु के शिष्यों द्वारा इस आंदोलन को क्रम बद्ध किया गया जिसमें सर्वप्रथम सुबह 9.15 बजे नगर में पद रैली निकालकर श्री जगद्गुरुओ जी के संदेश को जनता तक पहुंचाया गया तथा गांधी चौक में एक घंटे का धरना प्रदर्शन कर देश के प्रधानमंत्री व राज्य के मुख्यमंत्री को आंदोलनकर्ताओं ने आड़े हाथ लेकर गौ माता हत्या के विषय पर अपनी मांगो को जनता के सामने रखी । जिसमे नगर के प्रमुख वरिष्टजन,व्यापारी बंधु,युवा साथी सहित अन्य क्षेत्रीय आमजन सनातन प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे इसके उपरांत उपस्थित लोगों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एक दूसरे का हाथ पकड़कर नारा लगाते हुवे अपनी मांग पर सरकार को जगाने की शपथ लिए अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नाम उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी सीएमओ को ज्ञापन भी सौपा गया ।

दो आरोपियों के खिलाफ 151 की कार्रवाई

डोंगरगांव/ नवप्रदेश। अनावेदक कुंदन गिरी गोस्वामी पिता शत्रुहन गिरी गोस्वामी ,उम्र- 23 साल पता- सुखरी थाना जोंकि अर्जुनी से गोड़री मार्ग पर जन सामान्य को देख कर बेवजह गाली गलौच करता था जिसे समझाने पर नही मानने से एवं अंगद बारमाटे पिता ताराचंद बारमाटे , उम्र-35 साल पता-बगदई ,थाना डोंगरगांव जिला राज0 जो गांव के आवेदक को पुरानी रंजिशवश मारपीट किया जो समझाने पर नही मानने से दोनो को धारा- 151 जा0फौ0 के तहत गिर0 कर धारा ङ्क 107,116(3) जा0फौ0 के तहत ईस्तगासा तैयार कर मान0 अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगावं के कार्यालय पेश किया गया है , उक्त कार्यवाही मे पुलिस स्टाफ डोंगरगांव का विशेष भूमिका है ।

बोड़ला में निकली भोले बाबा की भव्य बारात, नगरवासी शामिल हुए

कवर्धा/बोड़ला/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शुक्रवार को बोड़ला में भी सम्राट बोल बम समिति के नेतृत्व में भोले बाबा की भव्य बारात निकाली गई ।इसके अलावा नगर पंचायत क्षेत्र एवं विकासखंड के अनेक ग्राम पंचायत में इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार महाशिवरात्रि के दिन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर पंचायत के सम्राट बोल बम समिति के द्वारा शिव जी की भव्य बारात निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में नगर के श्रद्धालुओं ने भाग लिया । महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर में भोले बाबा की बारात में विभिन्न प्रकार की झांकियां निकली गई ।शंकर भगवान की बारात यात्रा में भूत प्रेत की टोली राम सीता लक्ष्मण की जोड़ी ब्रह्मा विष्णु महेश के अलावा अघोरी नृत्य के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया गया। पूरे बारात में बाहर से आए डीजे की धुन में शिव जी के तांडव नृत्य की धूम रही जिसे देखने नगर के लोग झूम उठे। लेजर लाइट में डीजे की धुन में और नगर वासियों की उपस्थिति में शिव तांडव नृत्य ने बड़ी वाहवाही लूटी।

गन्ने का खेत में लगी आग, झुलसा किसान, हालत गंभीर

■ खासी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

कबीरधाम/नवप्रदेश। पिपरिया थाना इलाके के पपरिया नगर में गन्ने की खेत में अचानक आग लग गई. आग लगने की सूचना जैसे ही खेत के मालिक को मिली वो तुरंत मौके पर पहुंच गया. अपनी जलती फसल को देख किसान बेकाबू हो गया और खुद ही आग बुझाने में जुट गया. आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते पूरे खेत में फैल गई. खेत का मालिक आग बुझाने के दौरान खुद आग की पलटों में आकर झुलस गया. गन्ने के खेत में लगी आग, किसान आग में झुलसा- खेत में आग लगने की खबर जैसे ही गांव वालों को मिली सभी लोग मौके पर पहुंच गए. खेत के पास ही ट्यूबवेल था लिहाजा किसानों ने वहां से पानी लाकर आग को बुझाने की कोशिश की. गर्मी होने के चलते आग बुझने का नाम नहीं ले रही थी. किसानों ने तुरंत आग की खबर फायर ब्रिगेड की टीम को दी. जबतक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचती तबतक खेत का मालिक बुरी तरह से आग में झुलस चुका था. पीड़ित किसान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. चंडालपुर खार में भी हुआ हादसा- पोंडी चौकी थाना इलाके के चंडालपुर खार में शार्ट सर्किट से गन्ने के खेत में आग लग गई. देखते ही देखते आग की चपेट में आने से 50 एकड़ में लगी फसल जलकर खाक हो गई. किसानों का कहना था कि खेतों के ऊपर से हाईटेंशन वायर गई. बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने से फसलों में आग लग गई. आग लगने से कई किसानों की फसल जल गई. कबीरधाम के ज्यादातर इलाकों में गन्ने की बढ़िया खेती होती है. ज्यादातर किसान गन्ने की फसल उगाकर चीनी मिलों में बेच देते हैं. गर्मी आते ही आग लगने की घटनाएं बढ़ी- गर्मी के दिनों में अक्सर आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं. किसानों का कहना है कि घायल किसान चंद्रिका साहू की दो एकड़ में लगी फसल पूरी तरह से तबाह हो गई. आग कैसे लगी ये फिलहाल पता नहीं चल पाया है. कई बार लापरवाही या फिर शरारत के चलते भी इस तरह की घटनाएं सामने आते रहती हैं. हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है।

पूर्व सीएम का पोस्टर फाड़ने पर बवाल, एफआईआर दर्ज

■ भूपेश बघेल के चुनाव लड़ने से प्रदेश की यह सीट सबसे हाई प्रोफाइल हुई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारा है. पूर्व मुख्यमंत्री को कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में इस सीट से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद यह सीट प्रदेश की सबसे हाई प्रोफाइल सीट हो गई है. यहां राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई है. इस बीच शनिवार को एक धार्मिक आयोजन के लिए लगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पोस्टर फाड़े जाने का मामला सामने आया है. जिसके बाद कांग्रेस ने थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। भूपेश बघेल का पोस्टर फाड़ने पर बवाल- राजनांदगांव शहर के बसंतपुर पुलिस थाना के बगल में महाशिवरात्रि के आयोजन को कांग्रेस ने पोस्टर लगया था. इस पोस्टर में में पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव सीट से कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल के साथ राजनांदगांव से कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन की तस्वीर थी.

अज्ञात व्यक्ति ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का चेहरा धारदार वस्तु से काट दिया. जिसकी जानकारी कांग्रेस जनों को मिलने के बाद हंगामा मच गया. राजनांदगांव नगर निगम महापौर हेमा देशमुख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी बसंतपुर थाने पहुंचे और आवेदन देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत की. राजनीतिक द्वेष के चलते इस तरह का कृत्य अज्ञात व्यक्ति ने किया है. यह पोस्टर कोई राजनीतिक नहीं था, बल्कि धार्मिक आयोजन की शुभकामना देने लगाया गया था. आरोपी की हरकत से हमारी धार्मिक आस्था भी आहत हुई है. इसके आरोपी का नाम जाहिर नहीं होने और कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में हम सड़क पर बैठने बाध्य होंगे. - हेमा देशमुख, महापौर, राजनांदगांव पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर- बसंतपुर पुलिस थानी से चंद कदम की दूरी पर अज्ञात व्यक्ति ने पूर्व मुख्यमंत्री का पोस्टर फाड़ा है. कांग्रेसियों के आवेदन के बाद थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया. इस मामले में थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने कहा, ÷अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत उचित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है.÷ जल्द कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है. दरअसल, कांग्रेस पार्टी ने राजनांदगांव लोकसभा सीट से पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नाम की घोषणा कर बड़ा दांव चल दिया है. राजनांदगांव लोकसभा सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है. बीजेपी पिछले 15 सालों से यहां जीत दर्ज करते आ रही है. ऐसे में कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री को इस सीट से चुनावी मैदान में उतारने से मुकाबला कांटे का हो गया है।

7 लाख कीमत की 90 किलो चंदन की लकडी के साथ धरे गए 2 तस्कर

जीपीएम/नवप्रदेश। पुलिस ने अंतरराज्यीय तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. मध्यप्रदेश से चंदन लेकर छत्तीसगढ़ जा रहे आरोपियों को पुलिस ने 90 किलो के चंदन के साथ धरदबोचा है. जब्त चंदन की कीमत 7 लाख 20 हजार रुपए आंकी जा रही है. साथ ही वाहन भी जब्त किया गया है.बता दें कि मध्यप्रदेश से चंदन की लकड़ी काटकर 2 आरोपी छत्तीसगढ़ में लाकर बेचने के फिराक में थे. जिसकी सूचना पुलिस को मिली. जिसके बाद नाकाबंदी कर टीकर कला तिराहे के पास संदिग्ध वाहन को रोककर चेक किया गया, जिसमें 3 प्लास्टिक के बोरों में चंदन की लकड़ी बरामद की गई. आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया, उक्त लकड़ी मध्य प्रदेश के भेलवा गांव के पास से चोरी कर काट कर लाए थे और ऊंचे दाम में बेचते हैं. संरक्षित प्रजाति का वृक्ष होने से उक्त लकड़ी के परिवहन आदि का परमिट नहीं होने से लकड़ी और पिकअप को जब्त कर दोनों आरोपी जितेंद्र सिंह और मोती लाल यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

शिक्षा को और बेहतर बनाएं, शिक्षक विकसित भारत की कल्पना के हैं सूत्रधार : डॉ. वीरेन्द्र साहू

कवर्धा/नवप्रदेश। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र के विकसित भारत के सपने को साकार करने में शिक्षकों और हमारी भावी पीढ़ी बच्चों की भूमिका कैसे सुनिश्चित हो इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर शनिवार को जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने स्थानीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय के सभा कक्ष में जनपद क्षेत्र के कवर्धा के शासकीय प्राथमिक व मिडिल स्कूलों के प्रधानपाठक तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बेठक ली और कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया। बैठक में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के 98 तथा प्राथमिक शाला के 198 प्राचार्य सहित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, एबीओ अजय चंद्रवंशी,अनिल केशरवानी,मोदिता गुप्ता, बी.आर. सी जलेश चंद्रवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षको से संवाद कर समस्या व सुझाव को सुनकर संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि वे देश को 2047 तक विकसित भारत के रूप में स्थापित करें। ऐसे में प्रधानमंत्री के इस सपने को पूरा करने में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों, प्राचार्यो, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा बच्चों की क्या भूमिका हो सकती है हमें यह विचार करते हुए इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता लाना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए हमारे द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित करें : अविमुक्तेश्वरानंद

■ शंकराचार्य के आह्वान पर बंद, सड़क पर उतरे गौ सेवक

कवर्धा नवप्रदेश। ज्योतिष पीठ बद्रीनाथ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौमाता को राष्ट्रीय माता के दर्जा देने की मांग की है। उन्होंने अपनी इस मांग को लेकर रविवार 10 मार्च से देशभर में अभियान शुरु किया है। जिसका असर प्रदेश के कई जिले में देखने को मिला है। कबीरधाम जिले के सभी क्षेत्रों में सुबह 10 बजे 10 मिनट के लिए दुकानें बंद कर अभियान चलाया। सभी ब्लॉक में दिखा असरः कबीरधाम जिले के पंडरिया, लोहारा, बोड़ला और कवर्धा ब्लॉक में इस बंद का असर देखने को मिला है। इस अभियान के समर्थन में सभी ब्लॉक की बाजार में दुकानें सुबह 10 बजे 10 मिनट के लिए बंद रही।. कवर्धा के सिग्नल चौक और पंडरिया ब्लॉक के दामापुर बजार में गौ सेवकों ने सड़क पर उतर कर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की मांग का समर्थन किया. साथ ही शासन से गौ हत्या बंद करने और गौमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की मांग की है. गौ सेवक अश्वनी यदू ने बताया, ÷स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के आव्हान पर गौहत्या बंद करने और गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने आज पंडरिया ब्लॉक के सभी दुकान को 10 मिनट के लिए बंद किया गया. सभी दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें बंद कि और 100 फीसदी पूरा समर्थन दिया. दरअसल, हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है. अब देश के शंकराचार्यो ने गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की मांग रखते हुए सरकार को अल्टीमेटम दिया है. उन्होंने गाय के पक्ष में 10 मार्च केवल 10 मिनट के लिए भारत बंद बुलाया है. साथ ही कहा गया है कि अगर मांग पूरी नहीं की गई तो सभी साधु-संत चार दिन बाद 14 मार्च को संसद तक पैदल मार्च करेंगे. दरअसल, छत्तीसगढ़ में इस समय राजिम कुंभ कल्प 2024 चल रहा है. जिसमें देशभर के साधु-संत और शंकराचार्य पहुंचे हुए हैं. गौहत्या नहीं रोकने वाले दल कसाई जैसे , जिन्होंने वोट देकर जिताया वो भी पापी- शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंदराजिम कुंभ में विराट संत समागम का शुभारंभ, देशभर के साधु संत शामिलपुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती का बड़ा बयान छत्तीसगढ़ के राजिम कुंभ कल्प 2024 में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती भी शामिल हुए हैं।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई, साढ़े सात लाख रुपए से अधिक के गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

पिथौरा/नवप्रदेश। नशे के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने तस्करों के पास से 96 किलो गांजा जब्त किया है. जब्त गांजे की कीमत 7 लाख 68 हजार बताई जा रही है. पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है.

बता दें कि पिथौरा नेशनल हाइवे टोल प्लाजा के पास मुखबिर की सूचना से पेट्रोलिंग पार्टी को जानकारी मिली कि उड़ीसा से गांजा आ रहा है. जिसके बाद चेकिंग के दौरान पुलिस ने गांजे के साथ धरदबोचा. पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि ओडिशा से रायपुर गांजा छोड़ने का मुझे पांच हजार दिया गया. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई. जानकारी के अनुसार, ओडिशा से गांजा खरीदकर अन्य राज्यों में 10 गुना अधिक कीमतों में बेचा जाता है. जिसके चलते लगातार ओडिशा से गांजा परिवहन का खेल धड़ल्ले से चल रहा है. जबकि बॉर्डर एरिया में नाका लगाकर सभी गाड़ियों को चेक किया जाता है, फिर गांजा गाड़ी कैसे पार हुई. देखना यह होगा बड़े अधिकारी बॉर्डर पर बैठे कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई करते हैं।

श्री शिव महापुराण कथा समापन में श्रद्धालुओं का तांता

बिलाईगढ़ /नवप्रदेश। धनसीर के शिवडोंगरी में श्री शिव महापुराण कथा का समापन -जय सिद्ध बाबा शक्ति पीठ शिवडोंगरी धनसीर में 2 मार्च से 8 मार्च 2024 तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का भव्य अयोजन किया गया जो 9 मार्च को हवन यज्ञ के साथ पूर्णाहुति संपन्न हुआ। कथा व्यास सुश्री देवकुमारी देवी जी मां चण्डी धाम नरियरा बिर्रा जिला- जांजगीर- चांपा ने श्री शिव महा पुराण की कथा सुनाई।परायण पण्डित लखन जी महराज ने किया।यजमान मनोहर साहू उर्मिला साहू, रामकुमार नेताम लीला बाई नेताम, बृजमोहन चंद्रा सावित्री चंद्रा जी रहे। कथा व्यास सुश्री देवकुमारी देवी जी ने श्रद्धालुओं एवं श्रोताओं को रुद्राक्ष धारण करने के फायदे के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि प्राचीन काल से रुद्राक्ष को अपनी दिव्य चिकित्सा शक्तियों के कारण सबसे कीमती मोतियों में से एक माना जाता है। कहा जाता है कि जिन पर भगवान शिव की कृपा होती है उन्हें ही इसे धारण करने का अवसर प्राप्त होता है। % रुद्राक्ष % शब्द का अर्थ रूद्र अर्थात् शिव की आंखें और उनके आंसू अर्थात् अक्ष हैं। रुद्राक्ष प्राकृतिक रूप से पेड़ पर लगने वाला फल है। इसे प्रार्थना और ध्यान के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आध्यात्मिक रूद्र माला में आमतौर पर 108 मनके होते हैं। 1मुखी से लेकर 14 मुखी तक रुद्राक्ष पाए जाते हैं इनमें से सबसे सर्वोत्तम पंचमुखी को माना गया है। जो कोई भी इन रुद्राक्ष को धारण करता है उसके पास तीनों दिव्य देवताओं यानी ब्रह्मा, विष्णु, महेश का आशीर्वाद होता है।

जनता की चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश : प्रमोद

जगदलपुर/नवप्रदेश । नगर पालिक निगम जगदलपुर के सभापति के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर 11 मार्च को मतदान होगा. सभापति की कुर्सी बचाने के लिए लेकर कांग्रेस ने पूर्व विधायक रेखचंद जैन और नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे को पर्यवेक्षक बनाया है. वहीं आज दोनों पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता लिया. इस दौरान कहा कि जनता की चुनी हुई सरकार को प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार और अधिकारियों द्वारा गिराने की कोशिश की जा रही है. जबकि नियम के मुताबिक जो जिला कलेक्टर ने पत्र जारी किया है वह साजिश की तरह जारी किया गया है. बस्तर कलेक्टर और निगम आयुक्त पर ऊपर से दबाव डाला जा रहा है. इस मामले में सभापति ने आयुक्त से तिथि बदलने की मांग भी रखी गई थी. लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने अनसुना कर दिया जो कि गलत हैं. उन्होंने कहा कि 11 मार्च को पेश होने वाले बजट और अविश्वास प्रस्ताव का कांग्रेस डट कर सामना करेंगी. भाजपा चुनी हुई सरकार को गिराने में लगी हुई हैं. प्रमोद दुबे ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला कलेक्टर और आयुक्त भजापा का एजेंट बनकर काम कर रहे है. जनता सब देख रही हैं मामंले को लेकर कांग्रेस संगठन कोर्ट भी जा सकती हैं. जबकि निगम की सभापति ने पत्र जारी कर अधिक्कारियो को सूचना भी दी थी. लेकिन प्रशासनिक तानाशाही के चलते उनके पत्र का जवाब भी देना उचित नहीं समझा हैं.

निरक्षरों को साक्षर बनाने चलायी जाएगी मुहिम

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले में असाक्षरों को साक्षर बनाने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कोण्डागांव में मुहीम चलाई जायेगी इसके लिए जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों के पंजीयन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी के लिए आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत सरकार द्वारा निर्मित उल्लास एप के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से असाक्षर, स्वयंसेवी शिक्षक, सर्वेयर के पंजीयन एवं सर्वे कार्य की विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिसके माध्यम से उल्लास केंद्र की स्थापना कर तथा इस केंद्र को असाक्षरों को सिखाने एवं परीक्षा केंद्र के रूप में उपयोग कर साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करना है । इस कार्यक्रम में महिलाओं को प्राथमिकता दी जानी है। जिलों में 15 दिन के भीतर उल्लास मोबाइल एप पर शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे किया जाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसानुसार नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्वास्थ्य शिविर में स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। बिलाईगढ़-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में जिले एवं विकासखंड के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन ने उपस्थित जिला, तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव के डॉक्टरों एवं कर्मियो का परिचय दिया।जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ.आर.निराला ने स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बतलाया कि स्कूल के बच्चो में रक्त अल्पता मतलब खून की कमी होने की सर्वे रिपोर्ट है जिसमे 6 माह से 5 वर्ष के बच्चे ,6वर्ष के 10 वर्ष तकब्के बच्चो में खून की कमी और 10 वर्ष से 19 वर्ष तक के स्कूली छात्र छात्राओं में रक्त अल्पता देखी गई ।रक्त अल्पता के कारण अनेक है जिसमे एक है भोज्य पदार्थ में आयरन की कमी ।आयरन की कमी से शरीर की विकास बाधित होती है । दिमाग में कमी ,सोचने ,सिखने की क्षमता कम होती है याददास्त में कमी दीमाग एकाग्र नही हो पता परिणाम स्कूल के बच्चो की रिजल्ट प्रभावित होती है ।कुछ बच्चो में संतुलित आहार नही मिलने से भी एक एक विटामिन की कमी से बीमारियां होती है। इस कारण संतुलित आहार पर जोर दिया गया ,कुछ बच्चो में सिकल सेल नामक बीमारी होती है। ये आनुवांशिक बीमारी है जो माता पिता से बच्चो में ट्रांसफर होता है इस कारण अभी शासन के आदेशानुसार 0 से 40 वर्ष तक के सभी लोगो की सिकल सेल की जांच अभियान की जा रही है जिसमे आगे चल कर इनकी उपचार की प्रबंधन हो सकी।

11 बालिकाओं और महिलाओं का सम्मान

लायंस क्लब ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हनुमान वाटिका में अलग अलग क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाली 11 बालिकाओं-महिलाओं को स्मृतिचिन्ह और गुलाब पुष्प देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष लायन सुशीला श्रीश्रीमाल, विशिष्ट अतिथि लायन महेन्दर छाबड़ा, सुनीता गुप्ता, डॉ. संगीता चौहान एवं राखी मूंदड़ा थीं। खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि के लिए हेमलता पोर्ते, भारती मसराम, मनीषा चन्द्रवंशी, छोटी मेहरा, संध्या कौशिक, सविता मोडियम, मान्या प्रसाद, पूजा चन्द्रवंशी, निशु बंजारे का सम्मान किया गया। शशि देवांगन को संघर्षशील नारी के रूप में तथा अभिलाषा गुप्ता को जिला अस्पताल में एड्स सलाहकार के रूप में सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

क्लब की परंपरा के अनुसार ध्वज वंदना और विश्व शांति के लिए मौन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मार्च में निपटाने हैं ये 5 जरूरी काम

सुकन्या और PPF में मिनिमम अमाउंट जमा करें

इनकम टैक्स छूट के लिए करना है निवेश

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 का आखिरी महीना यानी मार्च शुरू हो चुका है। इस महीने आपको कई जरूरी काम निपटाने हैं। इन्हीं से एक काम है, सुकन्या और पीपीएफ में मिनिमम अमाउंट जमा करना। इसके अलावा अगर आप इनकम टैक्स छूट के लिए निवेश करना चाहते हैं तो आपको 31 मार्च तक निवेश करना होगा।

पब्लिक प्रॉविडेंट फंड पीपीएफ और सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) अकाउंट को एक्टिव रखने के लिए इनमें मिनिमम इन्वेस्टमेंट करना। 31 मार्च 2024 तकपीपीएफ और स्स्ङ्ग में पैसे नहीं डालने पर ये अकाउंट्स इनएक्टिव (बंद) हो सकते हैं। इन्हें दोबारा एक्टिव करवाने के लिए आपको जुर्माना देना पड़ेगा।आपको अपनी इन योजनाओं में मिनिमम निवेश बनाए रखना होता है ताकि यह पता चल सके कि आपका खाता एक्टिव है। पीपीएफ अकाउंट वालों के लिए मिनिमम डिपॉजिट 500 रुपए है यानी आपको

इसमें एक वित्त वर्ष में कम से कम 500 रुपए का निवेश करना होता है। सुकन्या समृद्धि योजना में अगर अकाउंट है तो आपको हर वित्त वर्ष में मिनिमम 250 रुपए जमा करने होते हैं। पीपीएफ की गाइडलाइन के मुताबिक, 15 मार्च के बाद आप पेटीएम वॉलेट में पैसे जमा नहीं कर सकेंगे। ऐसे में अगर आपके पास पेटीएम का फास्टैग (FASTag) है तो आपको इसे चेंज करना होगा। आपने ऐसा नहीं किया तो आपको दोगुना टोल भी चुकाना पड़ सकता है। नियमों के अनुसार फास्टैग से पेमेंट न होने पर दोगुना टोल देना होता है।

अगर आपने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अभी तक टैक्स इनवेसटमेंट नही किया है तो जल्द ही कर दें। आप पीपीएफ सुकन्या समृद्धि योजना, 5 साल की स्रष्ठ और श्वरूस्र आदि में निवेश करके सेक्शन 80ष्ट टैक्स छूट ले सकते हैं। इसके लिए आपको इस तरह स्कीम में 31 मार्च तक निवेश करना होगा।इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80ष्ट के तहत, आपकी कुल आय से 1.5 लाख रुपए की कटौती का दावा कर सकते हैं। आसान भाषा में इसे ऐसे समझें, आप धारा 80ष्ट के माध्यम से अपनी कुल कर योग्य आय से 1,50,000 रुपए तक कम कर सकते हैं। अगर आपने अपनी कार के फास्टैग की बैंक से KYC अपडेट नहीं कराई है तो आज ही करा लें। क्योंकि 31 के बाद बिना च्ङ्क्ष्ट वाले फास्टैग को बैंक डीएक्टिव या ब्लैकलिस्ट कर देंगे। इसके बाद फास्टैग में बैलेंस होने के बावजूद पेमेंट नहीं होगा। फास्टैग कस्टमर्स से भारतीय रिजर्व बैंक (ऋक्चद्ब) के नियमों के अनुसार फास्टैग के लिए च्ङ्क्ष्ट प्रक्रिया को पूरा करने को कहा है, ताकि बिना किसी परेशानी के फास्टैग की सुविधा मिलती रहे।

इस सप्ताह 27 भारतीय स्टार्टअप ने 30.87 करोड़ डॉलर की फंडिंग जुटाई

नई दिल्ली। भारत में कम से कम 27 स्टार्टअप ने इस सप्ताह लगभग 30.78 करोड़ डॉलर जुटाए, जिसमें 17 शुरुआती चरण और सात विकास-चरण वाली कंपनियां शामिल हैं। लगभग 32 शुरुआती और विकास-चरण वाले स्टार्टअप ने पिछले सप्ताह 38.4 करोड़ डॉलर से अधिक जुटाए। सत्रह प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप ने लगभग 16.68 करोड़ डॉलर जुटाए, जैसे कि एमपॉकेट, इमा, हंच और रोजाना व अन्य। दिल्ली-एनसीआर स्थित स्टार्टअप्स ने 10 सौदों के साथ फंडिंग का नेतृत्व किया, इसके बाद 9 सौदों के साथ बेंगलुरु का स्थान रहा।

डिजिटल ऋष्ण देने वाले प्लेटफॉर्म एमपॉकेट ने बीपीईए क्रेडिट के निजी क्रेडिट प्लेटफॉर्म से 500 करोड़ रुपये (लगभग 60 मिलियन डॉलर) की ऋष्ण पूंजी जुटाई। एमपॉकेट ने कहा कि फंड का उपयोग कैरियर एक्सेलेरेटर और बीमा वर्टिकल में उत्पाद विकास में तेजी लाने के साथ-साथ अपने 2.4 करोड़ पंजीकृत ग्राहक आधार से बढ़ती क्रेडिट मांग को पूरा करने के लिए किया जाएगा। ग्रामीण ई-कॉमर्स स्टार्टअप रोजाना को नवीनतम फंडिंग राउंड में

2.25 करोड़ डॉलर मिले। इस दौर का नेतृत्व निवेश फर्म बर्टेल्समैन इंडिया इन्वेस्टमेंट्स (बीआईआई) ने किया, जिसमें वीसी फर्म फायरसाइड वेंचर्स और मौजूदा निवेशकों की भागीदारी थी।

रोजाना के सीईओ और सह-संस्थापक अंकुर दहिया ने एक बयान में कहा, इस फंडिंग के साथ हम नए जिलों तक पहुंचने और ग्रामीण समुदायों को आवश्यक उत्पादों तक पहुंच के साथ सशक्त बनाने के लिए अपने लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखेंगे। जेनेरेटिव एआई समाधान प्रदाता ईएमए ने 2.5 करोड़ डॉलर के फंडिंग राउंड और एक नए यूनिवर्सल एआई कर्मचारी के लॉन्च की घोषणा की। वित्त मंत्रालय ने भारतीय अर्थव्यवस्था की अपनी नवीनतम समीक्षा में कहा कि भारत में 1.14 लाख से अधिक स्टार्टअप ने अब तक 12 लाख से अधिक नौकरियां पैदा की हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 625.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढोतरी होने से 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 619.07 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.04 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 554.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 56.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.42 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 4.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.8 अरब डॉलर पर आ गई।

एलन मस्क ने की लंबे वीडियो के लिए स्मार्ट टीवी पर एक्स स्ट्रीमिंग सेवा शुरू करने की घोषणा

नई दिल्ली। गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब के मुकाबले में एलन मस्क ने शनिवार को एक्स प्लेटफॉर्म पर एक स्ट्रीमिंग सेवा शुरू करने की घोषणा की, जहां लोग अपने स्मार्ट टीवी स्क्रीन पर लंबे वीडियो देख सकते हैं।मस्क ने कहा कि कंपनी अमेज़ॅन और सैमसंग स्मार्ट टीवी के लिए जल्द ही एक टीवी ऐप लॉन्च कर रही है।अरबपति ने एक्स पर पोस्ट किया, हम बस यही चाहते हैं कि लोग अपने बड़े टीवी स्क्रीन पर आराम से लंबे वीडियो देख सकें।टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने कहा कि लोग अपने फोन से टीवी पर वीडियो चलाने के लिए ऐप्पल एयरप्ले का उपयोग कर सकते हैं।उनके एक अनुयायी ने टिप्पणी की कि एक्स का यह कदम अपने प्लेटफ़ॉर्म में विविधता लाने और डिजिटल सामग्री परिदृश्य में प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने की दिशा में एक प्रयास है।यूजर ने पोस्ट किया, मस्क चाहते हैं कि एक्स प्लेटफॉर्म एवरीथिंग ऐप बन जाए।इसके पहले एक्स ने आर्टिकल्स' पेश किया, जो प्लेटफॉर्म पर लंबी-चौड़ी लिखित सामग्री शेयर करने का एक नया तरीका है।प्रीमियम यूजर और एक्स सेवाओं के लिए भुगतान करने वाले अब प्लेटफ़ॉर्म पर स्टाइलिस्ट टेक्स्ट, एम्बेडेड छवियों और वीडियो के साथ 'आर्टिकल्स' पोस्ट कर सकते हैं।

देश की मंडियों में सरसों की दैनिक आवक बढ़कर 9 लाख बोरी के पार

जयपुर। राजस्थान सहित देश की सभी मंडियों में सरसों सीड की दैनिक आवक बढ़कर वर्तमान में 9 लाख बोरी से ऊपर निकल गई है। हालांकि एमएसपी पर सरसों की खरीद अभी प्रारंभ नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक सरकार सरसों की खरीद शुरू कर सकती है। सरसों मिल डिलीवरी 42 प्रतिशत तेल कंडीशन के भाव गुरुवार को यहां 50 रुपए और उछलकर 5475 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गए हैं। हालांकि मंडियों में लूज सरसों के भाव 5000 रुपए प्रति क्विंटल से नीचे चल रहे हैं। जबकि सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल है। इस लिहाज से देखें तो किसानों को सरसों की बिक्री पर भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। काश्तकारों का कहना है कि सरकार को शीघ्र न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद केन्द्र शुरू कर देने चाहिए। इस बीच तेल मिलों में सरसों तेल का पड़ता नहीं लगने से उत्पादन पूरी क्षमता से शुरू नहीं हुआ है। सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होने से सरसों तेल की उपभोक्ता मांग अपेक्षाकृत कमजोर बनी हुई है। सरसों का पिछले साल का कैरीओवर स्टॉक भी बचा हुआ है। परिणामस्वरूप सरसों सीड में लंबी तेजी के आसार फिलहाल नहीं हैं। उधर एफसीआई के साथ-साथ राज्य सरकार ने भी इस बार गेहूं के लिए कमर कसी हुई है। राज्य सरकार ने गेहूं पर 125 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस घोषित किया हुआ है। गेहूं की कीमतें कच्ची मंडियों में वैसे भी ज्यादा चल रही हैं। सरकार गेहूं की खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर चुकी है, जबकि गेहूं की एमएसपी पर खरीद 10 मार्च से शुरू होने की संभावना है। वहीं सरसों की खरीद के लिए थोड़ा टाइम लग सकता है। यूं देखा जाए तो मंडियों में सरसों की आवक गेहूं से ज्यादा हो रही है। किसानों को बढ़ानी होगी दलहन एवं तिलहन की खेती

सैम ऑल्टमैन ओपनएआई बोर्ड में लौटे

सैन फ्रांसिस्को। विधिवत जांच संपन्न होने के बाद सैम ऑल्टमैन ओपनएआई बोर्ड में फिर से शामिल होने जा रहे हैं। बीते दिनों हुई जांच में ऐसी कोई बात सामने नहीं आई कि उन्हें हटाने पर कोई फैसला लिया जाए।

ओपनएआई बोर्ड की विशेष समिति ने समीक्षा पूरी होने की घोषणा की और ऑल्टमैन और ग्रेग ब्रॉकमैन के ओपनएआई के नेतृत्व पर अपना पूरा भरोसा व्यक्त किया।

कानूनी फर्म विल्मरहेल ने बोर्ड के सदस्यों, कर्मचारियों का साक्षात्कार लिया और निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए 30,000 से अधिक दस्तावेजों की समीक्षा की।ओपनएआई बोर्ड के अध्यक्ष ब्रेट टेलर ने शनिवार सुबह एक बयान में कहा, हमने सर्वसम्मति से निष्कर्ष निकाला है कि सैम और ग्रेग ओपनएआई के लिए सही नेता हैं।ऑल्टमैन, सीईओ के रूप में, ओपनएआई निदेशक मंडल में फिर से शामिल होंगे। ओपनएआई बोर्ड ने विस्तार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में तीन नए बोर्ड सदस्यों के चुनाव की भी घोषणा की।वे बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के पूर्व सीईओ डॉ. सू डेसमंड-हेलमैन, पूर्व ईवीपी और सोनी के ग्लोबल जनरल काउंसिल और सोनी एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष निकोल सेलिगमैन; और इंस्टाकार्ट के सीईओ और शॉपिफाई के अध्यक्ष फ़िडजी सिमो हैं। टेलर ने कहा, उनका अनुभव और नेतृत्व बोर्ड को ओपनएआई के विकास की निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने में सक्षम करेगा कि हम एआई से पूरी मानवता को लाभ पहुंचाने के ओपनएआई के मिशन को आगे बढ़ाएं।ओपनएआई के मिशन को सर्वोत्तम रूप से प्राप्त करने के लिए इसका बोर्ड शासन प्रक्रियाओं को बढ़ाने के अपने महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता देगा।टेलर ने कहा, हम वैश्विक भलाई के लिए परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका की महत्ता को पहचानते हैं।

टीम इंडिया के वो 6 खिलाड़ी, जिन्होंने कर दिया अंग्रेजों के 'बैजबॉल' का कबाड़ा

धर्मशाला(ए.) टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट मैच में पारी और 64 रनों से धमाकेदार जीत हासिल की. इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमा लिया. भारतीय टीम ने जहां अपने घर पर लगातार 17वीं टेस्ट सीरीज जीती है. वहीं ब्रैंडन मैक्कुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से इंग्लैंड की यह पहली सीरीज हार रही.

टीम इंडिया की इस सीरीज में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसे हैदराबाद टेस्ट मैच में हार झेलनी पड़ी थी. इसके बाद रोहित ब्रिगेड ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार चार मैच जीत लिए. भारतीय टीम ने लगातार चार मैच जीतकर इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति को भी तहस-नहस कर दिया. चाहे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, भारतीय खिलाड़ी हर डिपार्टमेंट में अंग्रेजों पर भारी पड़े. टीम इंडिया के इस यादगार प्रदर्शन में छह खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही और वह इस सीरीज के स्टार परफॉर्मर रहे...

1. यशस्वी जायसवाल

इस सीरीज में बैजबॉल का तोड़ 'जायसवाल का जैसबॉल' बना. यशस्वी ने पूरी सीरीज में अटैकिंग अंदाज में बल्लेबाजी की. यशस्वी ने इस सीरीज में कुल 9 पारियों में सर्वाधिक 712 रन बनाए, जिसमें दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे. इस दौरान यशस्वी का स्ट्राइक रेट 79.91 और औसत 89.00 रहा. यशस्वी ने 68 चौके और 26 छक्के लगाए. 22 साल के यशस्वी ने वाइजैग (विशाखापत्तनम) टेस्ट मैच में 209 रनों की पारी खेली थी. फिर राजकोट टेस्ट में भी इस युवा खिलाड़ी ने भारत की दूसरी पारी में 214 रन बना डाले.

2. रोहित शर्मा

टीम इंडिया की जीत में कप्तान रोहित शर्मा की बेहद अहम भूमिका रही. रोहित ने कप्तानी के साथ-साथ बल्ले से भी कमाल का खेल दिखाया. रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफटेस्ट सीरीज में 44.44 की औसत से 400 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से दो शतक और एक अर्धशतक निकला. राजकोट टेस्ट में भारत पहले ही घंटे में तीन विकेट खोकर मुश्किलों में था, लेकिन रोहित ने शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को उबार लिया था.

3. कुलदीप यादव

कुलदीप यादव मूलतः गेंदबाज हैं, लेकिन उन्होंने इस सीरीज में गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी दमदार प्रदर्शन किया. कुलदीप ने 8 पारियों में 20.15 की औसत से 19 विकेट चटकाए. बल्लेबाजी की बात करें तो कुलदीप ने इस सीरीज में छह पारियों को मिलाकर कुल 362 गेंदें खेलकर 97 रन बनाए. कुलदीप को हैदराबाद टेस्ट मैच में मौका नहीं मिला था, लेकिन इसके बाद उन्होंने टीम मैनेजमेंट के भरोसे पर खरे उतरते हुए सीरीज जीत में अहम किरदार निभाया.

4. रविचंद्रन अश्विन

अनुभवी ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने धर्मशाला में अपने टेस्ट करियर का 100वां मैच खेला. अश्विन इस सीरीज जीत के हीरोज में से एक रहे. अश्विन ने कुल 10 पारियों में 24.80 की औसत से सबसे ज्यादा 26 विकेट चटकाए.

5. रवींद्र जडेजा

टीम इंडिया की सीरीज जीत में बाएं हाथ के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही. जडेजा ने गेंद के साथ-साथ बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया. जडेजा ने छह पारियों में 38.66 के एवरेज से 232 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल रहा. गेंदबाजी की बात करें तो जडेजा ने छह पारियों में 25.05 के एवरेज से 19 विकेट चटकाए.

6. शुभमन गिल :

ओपनर यशस्वी जायसवाल के बाद इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन शुभमन गिल ने ही बनाए. गिल इस सीरीज में टीम मैनेजमेंट के भरोसे पर पूरी तरह खरे उतरे. गिल ने अंग्रेजों के खलाफ5 मैचों में 452 रन बना डाले.

मिस वर्ल्ड 2024 बनीं क्रिस्टीना टॉप 4 की रेस से बाहर हो गई थीं सिनी शेट्टी

नई दिल्ली। 28 साल बाद इंडिया के मुंबई शहर में मिस वर्ल्ड 2024 का आयोजन हुआ. चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने 71वें मिस वर्ल्ड 2024 का क्राउन अपने नाम किया. इसी के साथ लेबनान की यास्मीन जेटून फर्स्ट रनरअप रहीं. 9 मार्च 2024 को मिस वर्ल्ड 2024 का ग्रैंड फिनाले मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेन्शन सेंटर में आयोजित हुआ था.

कौन हैं क्रिस्टीना पिस्जकोवा?

क्रिस्टीना, लॉ और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई कर रही हैं. इसी के साथ वो मॉडलिंग भी करती हैं. इनका खुद का फाउंडेशन है, जिसका नाम Krystyna Pyszko Foundation है. तंजानिया में क्रिस्टीना ने अंडरप्रिव्लिज्ड बच्चों के लिए एक इंग्लिश स्कूल खोला हुआ है, जिसके लिए उन्हें खुद पर गर्व है. मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक, क्रिस्टीना यहां वॉलेंटियर करती हैं.

क्रिस्टीना को मिस वर्ल्ड 2024 का क्राउन 70वीं मिस वर्ल्ड रह चुकीं Karolina Bielawska ने पहनाया. क्रिस्टीना के लिए यह एतिहासिक मोमेंट रहा. वो काफी खुश हैं. करण जौहर ने इस बार मिस वर्ल्ड 2024 होस्ट किया था. उन्होंने ही टॉप 8 पार्टीसिपेंट्स से सवाल किए थे. टॉप 4 की रेस से इंडिया बाहर हो गया था. सिनी शेट्टी इंडिया को रीप्रिजेंट करने के लिए पहुंची थीं.

कौन हैं सिनी शेट्टी?

सिनी शेट्टी की अगर बात करें तो साल 2022 में इन्होंने फेमिनी मिस इंडिया 2022 का क्राउन जीता था. सिनी और पूरे देश के लिए यह गर्व की बात थी. सिनी, कर्नाटक से ताल्लुक रखती हैं पर इनका जन्म मुंबई में ही हुआ है. मुंबई में ही इनकी पढ़ाई हुई है. फाइनेंस और अकाउंट्स में इन्होंने ग्रैजुएशन की हुई है. सिनी, ष्टस्न (चार्टेड फाइनेंशियल एनलिस्ट) प्रोग्राम की पढ़ाई कर रही हैं. साथ ही इन्होंनें मिस वर्ल्ड 2024 के लिए भी तैयारी की है. सिनी जब 4 साल की थीं, तभी से वो भरतनाट्यम सीख रही हैं. सिर्फ इतना ही नहीं, काफी कम उम्र में इन्होंने कमाना शुरू कर दिया था. सिनी पेशे से एक एक्टर, मॉडल, प्रोटक्ट एग्जीक्यूटिव और कॉन्टेंट क्रिएटर भी हैं. इंस्टाग्राम पर इनका साढ़े 3 लाख से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं. बता दें कि मिस वर्ल्ड 2024 अटेंड करने के लिए बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री के कई जाने-माने चेहरे पहुंचे थे. इसमें रुबीना दिलैक, दिव्यांका त्रिपाठी, ऐश्वर्या शर्मा, नील भट्ट, जन्नत जुबैर अपने भाई के साथ इसे अटेंड करने के लिए पहुंची थीं. सोशल मीडिया पर तमाम वीडियोज और फोटोज इस दौरान के सामने आए. इसके अलावा कृति सैनन ऑफ शोल्डर ग्रीन ड्रेस में नजर आईं. पूजा हेगड़े शिमरी रेड गाउन में दिखीं.

6 महिलाएं बनीं मिस वर्ल्ड

अबतक भारत 6 बार मिस वर्ल्ड का क्राउन जीता है. सबसे पहली बार साल 1966 में रीता फारिया ने यह खिताब अपने नाम किया था. इसके बाद साल 1994 में ऐश्वर्या राय मिस वर्ल्ड बनी थीं. फिर 1997 में डायना हेडन, 1999 युक्ता मुखी, साल 2000 में प्रियंका चोपड़ा और साल 2017 में 17 साल बाद मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड का क्राउन इंडिया लेकर आई थीं.

मोदी की गारंटी
विष्णु देव साय का सुशासन

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

राज्य स्तरीय महापंचायत

11 मार्च 2024,
साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर

श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल

राज्यमंत्री, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार
की गरिमामयी उपस्थिति में

विभिन्न योजनाओं की राशि का अंतरण

- प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राहियों हेतु राशि का अंतरण
- 833 ज्ञानोदय वाचनालय हेतु 25 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण
- अनुसूचित क्षेत्र की 600 ग्राम पंचायतों में कंप्यूटर प्रदाय हेतु राशि का अंतरण

सम्मान समारोह

- सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के विविध कार्यों के लिए सरपंचों का सम्मान
- लखपति दीदियों का सम्मान
- ड्रोन दीदी का सम्मान
- नियद नेल्लानार ग्राम पंचायतों के सरपंचों का सम्मान

संवाद-39981

सशक्त पंचायत | मजबूत छत्तीसगढ़ | सुदृढ़ भारत

मुख्यमंत्री कार्यालय का व्हाट्सएप चैनल सब्सक्राइब करने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क